RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 117
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 4 मार्च, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



कंगना ने की अपने बचपन की याद
विविध-12

www.dailypioneer.com

# दावा: कोवैक्सीन 81 प्रतिशत असरदार, नए स्ट्रेन से भी लड़ेगी

● भारत बायोटेक ने फेज-3 के क्लीनिकल ट्रायल के परिणाम घोषित किए, यूके वैरिएंट पर भी प्रभावी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हैदराबाद** स्थित भारत बायोटेक ने बुधवार को कोविड-19 वैक्सीन कोवैक्सीन के फेज-3 के क्लीनिकल ट्रायल के अंतरिम नतीजे जारी कर दिए। कंपनी का दावा है कि यह 81 फीसदी तक असरदार साबित हुई।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी का विश्लेषण भी यह संकेत देता है कि वैक्सीन से बनी एंटीबॉडी यूके वैरिएंट स्ट्रेन तथा अन्य स्ट्रेनों पर भी प्रभावी है। कंपनी ने कहा कि उसके तीसरी चरण के परीक्षण में 25,800 व्यक्ति शामिल हुए। भारत में इस तरह का यह अब तक का सबसे बड़ा परीक्षण है। इसे भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सहयोग से सम्पन्न किया गया।





प्रतीकात्मक चित्र

भारत बायोटेक के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक कृष्णा एल्ला ने कहा, कोरोना वायरस के खिलाफ हमारी लड़ाई और वैक्सीन (टीका) की खोज में विज्ञान के लिए आज एक ऐतिहासिक दिन है।

तीसरे चरण के चिकित्सीय परीक्षण के आज के परिणाम के साथ हमने अपने कोविड-19 टीके के पहले, दूसरे और तीसरी परीक्षण के आंकड़ों को जारी कर दिया है। इन परीक्षणों में करीब 27,000 व्यक्ति शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय परीक्षण में कोवैक्सीन ने न केवल कोविड-19 के खिलाफ उच्च क्षमता का रुझान दिखाई है बल्कि यह कोरोना के तेजी से उभरते नए स्वरूपों के खिलाफ भी बेहतर प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने सफल रही है। कोविड-19 से बचाव के लिए कोवैक्सीन टीके को भारत बायोटेक ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साथ मिलकर देश में ही विकसित किया है। देश में इन दिनों (शेष पेज 9)

## सप्ताह के किसी भी दिन लगवा सकते है टीका

● केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा, वैक्सीनेशन में तेजी आएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** वैक्सीन अब अपनी सुविधा के अनुसार सप्ताह में आप किसी भी दिन और कभी भी लगवा सकेंगे। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने बुधवार को दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने कोरोना वायरस से शीघ्र निपटने के मकसद से टीकाकरण की गति तेज करने के लिए कोविड-19 टीका लगवाने संबंधी समय की बाध्यता हटा दी है। स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वास्थ्य एवं देशवासियों के समय की अहमियत समझते हैं। केंद्र सरकार ने टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने के लिए समय की बाध्यता समाप्त कर दी है। देश के नागरिक अब अपनी



सुविधानुसार सप्ताह के किसी भी दिन और किसी भी समय टीका लगवा सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि लोगों को टीका लगाने की सुबह नौ से शाम पांच बजे तक की समय सीमा समाप्त कर दी गई है और अब अस्पतालों को यह फैसला करना है कि वे इस समय सीमा के बाद भी टीका लगाना जारी रखना चाहते हैं या नहीं। कोविड-19 का राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान 16 जनवरी से स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाने के साथ शुरू हुआ था। जिन लोगों को पहली खुराक लगवाए 28 दिन हो चुके हैं, उन्हें 13 फरवरी से दूसरी खुराक लगानी शुरू कर दी गई थी। वहीं, अग्रिम मोर्चे के कर्मियों का टीकाकरण दो फरवरी से शुरू हुआ था।

# एमसीडी उपचुनाव: आप को चार, कांग्रेस को एक सीट, भाजपा खाली हाथ

● आम आदमी पार्टी को सबसे ज्यादा 46.10, भाजपा को 27.29 और कांग्रेस को 21.84 फीसदी वोट मिले

**संजय राय।** नई दिल्ली

**दिल्ली** नगर निगम की पांच सीटों के उपचुनावों के नतीजे बुधवार को आ गए। इसमें आम आदमी पार्टी (आप) का दबदबा कायम रहा और उसने 5 में से चार सीटें हथिया ली। कांग्रेस के लिए राहत की बात यह रही कि उसके खाते में भी एक सीट आ गई और बेहतर वोट शेयरिंग के साथ। दूसरी ओर भाजपा को इस चुनाव में मतदाताओं ने नकार दिया है और उसे एक भी सीट नहीं मिली।

कल्याणपुरी, रोहिणी-सी, त्रिलोकपुरी और शालीमार बाग सीटों पर आप प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराया तो सीलमपुर विधानसभा की चौहान बांगर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी को जीत मिली है। नतीजों का ऐलान होने के साथ की मतगणना केंद्र के बाहर आप व कांग्रेस कार्यकर्ता जीत की खुशियां मनाने लगे और ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरके। सभी ने मिठाई खिलाकर विजयी प्रत्याशियों का स्वागत किया। निगम



एमसीडी उपचुनाव में विजयी प्रत्याशियों के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया। फोटो: रंजन डिमरी

उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत से गदगद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोग दिल्ली के तीन नगर निगमों में आप को सत्ता में लाना चाहते हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक उपचुनाव में आम आदमी पार्टी को सबसे ज्यादा 46.10 फीसदी, भाजपा को 27.29 फीसदी और कांग्रेस को 21.84 फीसदी मत मिले हैं। त्रिलोकपुरी वार्ड से आम आदमी पार्टी के विजय कुमार को 12845 वोट मिले जबकि भाजपा के ओमप्रकाश को 7859 वोट मिले जिसमें आम आदमी पार्टी ने 4986 वोट से जीत हासिल की। रोहिणी वार्ड से आम आदमी पार्टी के रामचंद्र को 14328 वोट मिले जबकि भाजपा के राकेश को 11343 वोट मिले इसमें आम आदमी पार्टी के रामचंद्र ने 2985 वोट से जीत हासिल की। शालीमार बाग वार्ड से आप की सुनीता मिश्रा के पक्ष में 9764 लोगों ने मतदान किया। जबकि भाजपा की सुरभि जाजू 7059 वोट मिले यहां भी आम आदमी पार्टी की सुनीता मिश्रा 2705 वोट से विजयी रहीं।

चौहान बांगड़ वार्ड से कांग्रेस के चौधरी जुबेर अहमद को 16203 वोट मिले जबकि आम आदमी पार्टी के मोहम्मद इशराक खान को 5561 वोट मिले यहां पर कांग्रेस के चौधरी जुबेर अहमद ने 10642 वोट से जीत हासिल की। यह इस उपचुनाव के सबसे बड़ी जीत है। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को ट्वीट करके जीत के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई (शेष पेज 9)

# सरकार से अलग विचार रखना राजद्रोह नहीं : सुप्रीम कोर्ट

● फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ याचिका खारिज, याची पर ठोका 50 हजार का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने को लेकर दिए गए बयान पर नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के अनुरोध वाली एक जनहित याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

न्यायालय ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लिए गए एक निर्णय को लेकर असहमति वाले विचारों की अभिव्यक्ति को राजद्रोह नहीं कहा जा सकता है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता की एक पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया और ऐसे दावे करने के लिए याचिकाकर्ताओं पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया और उन्हें चार सप्ताह के भीतर इस धनराशि को



उच्चतम न्यायालय अधिवक्ता कल्याण कोष में जमा कराने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, केन्द्र सरकार द्वारा लिए गए एक निर्णय पर असहमति वाले विचारों की अभिव्यक्ति को राजद्रोह नहीं कहा जा सकता है। बयान में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो हमें इतना आपत्तिजनक लगे कि एक अदालत द्वारा कार्यवाही शुरू करने के लिए कार्रवाई का कारण दिया जाए। न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को बहाल किए जाने पर उनके (अब्दुल्ला) बयान का उल्लेख किया गया था और दलील दी गई थी कि यह स्पष्ट रूप से राजद्रोह की कार्रवाई है और इसलिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124-ए के (शेष पेज 9)

# तापसी पन्नू और अनुराग कश्यप के ठिकानों पर आयकर विभाग के छापे

● मुंबई सहित 30 स्थानों पर रेड, इनमें फैंटम फिल्म्स जैसी टैलेंट एजेंसी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई, नई दिल्ली

**आयकर** विभाग ने बुधवार को बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू और फिल्मकार अनुराग कश्यम के साथ ही उनके साझेदारों के परिसरों पर बुधवार को छापेमारी की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि यह छापेमारी फैंटम फिल्म्स के खिलाफ कर चोरी की जांच का एक हिस्सा है।

उन्होंने बताया कि यह छापेमारी मुंबई और पुणे में 30 स्थानों पर की गई जिसमें रिलायंस एंटरटेनमेंट ग्रुप के सीईओ शुभाशीष सरकार तथा सेलिब्रिटी और प्रतिभा प्रबंधन कंपनी केडब्ल्यूएएन के कुछ अधिकारी भी शामिल हैं। छापेमारी सुबह शुरू हुई और शाम तक जारी थी। छापेमारी की



मुंबई की इसी इमारत में रहती हैं तापसी पन्नू जहां आयकर विभाग ने की छापेमारी

कार्रवाई प्रोडक्शन हाउस और उसके प्रमोटर रहे कश्यप, निर्देशक-निर्माता विक्रमादित्य मोटवाने, निर्माता विकास बहल और (शेष पेज 9)

# एसएसबी की 12 नई बटालियनों को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● भूटान, तिब्बत और नेपाल की सीमा पर सुरक्षा होगी और चौकस

**केंद्र** सरकार ने पड़ोसी देश भूटान, तिब्बत और नेपाल की सीमाओं की सुरक्षा और मजबूत करने के लिए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 12 नई बटालियनों को मंजूरी दी है। इन बटालियनों में 13 हजार से अधिक जवान शामिल होंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तरफ से आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीमा बल के लिए एक नए सीमांत क्षेत्र का निर्माण करने से इनकार किया है।

एसएसबी के महानिदेशक (डीजी) कुमार राजेश चंद्र ने बताया कि अगले चार वर्षों में 12 नई बटालियनों को चरणबद्ध ढंग से तीन-तीन इकाइयों में स्थापित किया जाएगा। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में लगभग 90,000 जवान हैं जो नेपाल (1,751 किलोमीटर) और भूटान (699 किलोमीटर) के साथ खुले भारतीय मोर्चों की रक्षा करते हैं। महानिदेशक ने कहा, एसएसबी के लिए नई बटालियनों और प्रतिष्ठानों के निर्माण की सरकार द्वारा स्वीकृति मिलना सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर है। नई बटालियन यह सुनिश्चित करेगी कि सीमा सुरक्षा मजबूत हो।

एसएसबी प्रमुख ने कहा कि सरकार ने नेपाल सीमा के साथ चार आईसीपी (एकीकृत जांच चौकियों) पर तैनाती के लिए बल में कुल 548 पद स्वीकृत किए हैं, जिनमें से दो पहले से ही जोगबनी और रक्सौल (दोनों बिहार) में संचालित हैं। चंद्र ने कहा, हम गृह मंत्रालय के आभारी हैं क्योंकि ये मंजूरी ऐसे समय में दी गई हैं जब कोई नया पद सृजित नहीं किया जा रहा है। हम नई मंजूरियों को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा मंजूर किए गए सीमा बल के एक आधिकारिक प्रस्ताव के (शेष पेज 9)

# होर्डिंग में प्रधानमंत्री की तस्वीर का प्रयोग आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन: अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**भारतीय** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को सभी पेट्रोल पंप डीलरों एवं अन्य एजेंसियों को 72 घंटे के भीतर अपने परिसर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर वाले केंद्रीय योजनाओं के होर्डिंग हटाने का निर्देश दिया। एक अधिकारी ने कोलकाता में यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल में मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसे होर्डिंग में प्रधानमंत्री की तस्वीर का इस्तेमाल करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इससे पहले दिन में तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की और आरोप लगाया कि लोगों को केंद्रीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए होर्डिंग में प्रधानमंत्री की तस्वीर का उपयोग करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग द्वारा 26 फरवरी को राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 51,444 | ↑ | 1147 | |
| निफ्टी | 15,245 | ↑ | 326 | |
| सोना | 44,768 | ↓ | 208 | /10g |
| चांदी | 68,194 | ↑ | 602 | /kg |

## क्विक न्यूज

### शशिकला ने राजनीति में आने से किया इनकार

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से कई सप्ताह पहले अन्नाद्रमुक की निष्कासित नेता और दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की करीब सहयोगी वीके शशिकला ने बुधवार को घोषणा की कि वह राजनीति से दूर रहेंगी लेकिन दिवंगत पार्टी सुप्रीमो के स्वर्णयुगीन शासन की प्रार्थना करेंगी। एक अप्रत्याशित एवं आकस्मिक एलान के तहत उन्होने अम्मा के समर्थकों से भाई-बहन की तरह काम करने की अपील की और यह भी गुजारिश की कि वे यह सुनिश्चित करें कि जयललिता का स्वर्णयुगीन शासन जारी रहे। उन्होंने एक बयान में कहा, मैं राजनीति से दूर रहूंगी और अपनी बहन पुराचि थलावी (जयलिलता), जिन्हें मैं देवीतुल्य मानती हूं, और ईश्वर से अम्मा के स्वर्णयुगीन शासन की स्थापना के लिए प्रार्थना करती रहूंगी।

# भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों पर होगी चर्चा

**आगामी** विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उम्मीदवारों के नामों की पहली सूची को अंतिम रूप देने के लिए गुरुवार को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं के मौजूद रहने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में 27 मार्च को असम और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के तहत जिन सीटों पर मतदान होना है, वहां के उम्मीदवारों के नाम तय किए जा सकते हैं। इससे पहले दोनों राज्यों के भाजपा कोर समूह की पार्टी के केंद्रीय नेताओं के साथ भी बैठक प्रस्तावित है। इसमें भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा भी मौजूद रहेंगे। असम के कोर समूह में मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, मंत्री हेमंत बिस्व सरमा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रंजीत कुमार दास शामिल हैं जबकि पश्चिम बंगाल के कोर समूह में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष और संगठन से जुड़े कुछ प्रमुख नेता हैं।

पश्चिम बंगाल में 27 मार्च से 29 अप्रैल के बीच आठ चरणों में जबकि असम में 27 मार्च से छह अप्रैल के बीच तीन चरणों में मतदान संपन्न होगा। तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में एक चरण में छह अप्रैल को मतदान होगा। असम में पहले चरण के तहत राज्य की 47 विधानसभा सीटों पर 27 मार्च को, दूसरे चरण के तहत 39 विधानसभा सीटों पर एक अप्रैल और तीसरे व अंतिम चरण के तहत 40 विधानसभा सीटों पर छह अप्रैल को मतदान संपन्न होगा।

# सेक्स टेप मामले में कर्नाटक के मंत्री जारकिहोली का त्यागपत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के जल संसाधन मंत्री रमेश जारकिहोली ने अपने खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगने के बाद बुधवार को पद से इस्तीफा दे दिया। विपक्ष और समाज के विभिन्न धड़े मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। मंत्री के खिलाफ आरोप से सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा के लिए असहज स्थिति पैदा हो गई है।

मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा को भेजे त्यागपत्र में जारकिहोली ने कहा है, मेरे खिलाफ लगे आरोपों में सच्चाई नहीं है। जल्द से जल्द इसकी जांच होनी चाहिए। जारकिहोली ने कहा है, मुझे अपनी बेगुनाही पर भरोसा है लेकिन नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मैं कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे रहा हूं। आपसे अनुरोध है कि इसे स्वीकार लें। सामाजिक



कार्यकर्ता दिनेश कल्लाहल्ली ने मंगलवार को जारकिहोली के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए नौकरी मांगने वाली एक लड़की का उत्पीड़न करने और उसे तथा उसके परिवार को बुरा परिणाम भुगतने की चेतावनी देने का आरोप लगाया। किसी अज्ञात महिला के साथ अंतरंग होने के कथित वीडियो क्लिप के सामने आने के एक दिन बाद जारकिहोली ने त्यागपत्र दिया है। कन्नड़ समाचार चैनलों ने इस क्लिप का प्रसारण किया था।

सूत्रों के मुताबिक जारकिहोली ने पार्टी आलाकमान के निर्देश के बाद अपना त्यागपत्र भेजा। बताया जाता है कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी अरुण सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने बुधवार सुबह आरोपों और सीडी के संबंध में चर्चा की और दूसरे राज्यों में विधानसभा चुनाव और राज्य में पंचायत चुनाव के मद्देनजर प्रदेश नेतृत्व को पार्टी के फैसले से अवगत करा दिया। राज्य विधानसभा के बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे बजट सत्र के पहले मंत्री के खिलाफ इस तरह के आरोप लगना बी एस एदियुरप्पा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के लिए शर्मिंदगी का कारण बना है। इसके (शेष पेज 9)

# न्यायिक व्यवस्था को चकमा दे रहा है मुख्तार अंसारी: उप्र ने कोर्ट से कहा

● अदालत में आरोप लगाया कि अंसारी और पंजाब पुलिस के बीच मिलीभगत, पंजाब सरकार ने इन दावों को पूरी तरह खारिज किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि अपराधी से नेता बना मुख्तार अंसारी न्यायिक व्यवस्था को चकमा दे रहा है और पंजाब में रूपनगर जिला जेल से कथित तौर पर अवैध गतिविधियां चला रहा है।

उत्तर प्रदेश ने शीर्ष अदालत में आरोप लगाया कि अंसारी और पंजाब पुलिस के बीच मिलीभगत है। वहीं, पंजाब सरकार ने इन दावों को खारिज किया और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दाखिल याचिका के औचित्य पर



सवाल उठाया। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आर एस रेड्डी की पीठ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दाखिल एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें पंजाब सरकार और रूपनगर जेल प्रशासन को मऊ के विधायक अंसारी को तुरंत जिला जेल बांदा के हवाले करने का अनुरोध किया गया है।

उत्तर प्रदेश की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि राज्य में अंसारी के खिलाफ कई मामले लंबित हैं और 2019 में उसके खिलाफ पंजाब में कथित उगाही के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 4 मार्च 2021



# ग्रेनो की विद्युत आपूर्ति में होगा और सुधार

## शहर में जल्द ही पांच नए उपकेंद्र बनाने जा रहा है प्राधिकरण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

औद्योगिक नगरी ग्रेटर नोएडा में कई राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कंपनियां जल्द ही अपना उत्पादन शुरू करने वाली है। कुछ ने उत्पादन आरंभ भी कर दिया है। ऐसे में भविष्य में विद्युत की मांग बढ़ने वाली है। इसको देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में पांच नए विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना एवं एक विद्युत उपकेंद्र को उच्चीकृत करने जा रहा है, ताकि निर्वाध गति से विद्युत आपूर्ति की जा सके।

इस पर विचार विमर्श करने के लिए प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश पावर कापरेरेशन लिमिटेड एवं नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) के प्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्राधिकरण इस परियोजना पर एक हजार करोड़ रूपये खर्च करेगा। प्राधिकरण के एसीईओ दीप चंद्र ने बताया कि ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में राष्ट्रीय तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों को जमीन आवंटित की जा रही है, जिसमें योट्टा डाटा सेंटर, एसईजेड क्षेत्र में प्रस्तावित एक जापानीज डाटा सेंटर तथा ओप्पो, वीवो आदि बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा उत्पादन आरंभ कर दिये गये हैं। साथ ही कई अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियां स्थापित होने वाली है। ऐसे में भविष्य में विद्युत की मांग बढ़ेगी। इसको देखते हुए पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है।

प्राधिकरण ने शहर में पांच नये विद्युत उपकेंद्र एवं एक विद्युत उपकेंद्र के उच्चीकरण का निर्णय लिया है। पहला विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के ग्राम अमरपुर में क्षमता 400,200,132 के वी दूसरा ग्राम जलपुरा में क्षमता 220,33 के वी तीसरा सेक्टर नॉलेज पार्क-5 में 220,132,33 के वी चौथा सेक्टर ईकोटेक-8 में 132,33 केवी व पांचवां विद्युत उपकेंद्र सेक्टर ईकोटेक-10 में स्थापित किया जाएगा। इसकी क्षमता 132,33 केवी होगी।

एसीईओ ने बताया कि विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कार्पोशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। जिस पर आने वाला खर्च प्राधिकरण उठाएगा। इस परियोजना पर लगभग एक हजार करोड़ रूपये का व्यय होना संभावित है। इसके अतिरिक्त 220 केवी विद्युत उपकेंद्र आरसी ग्रीन को उच्चीकृत करते हुए 400 केवी विद्युत उपकेंद्र में परिवर्तित किया जाएगा।

### केजी कोल्टस ने इंद्रप्रस्थ ग्लोबल से जीता मैच

**गाजियाबाद।** पहले संजीव शर्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में केजी कोल्टस व इंद्रप्रस्थ ग्लोबल के बीच खेले गए मैच में केजी कोल्टस ने आसान जीत दर्ज की। टीम को मैच में 89 रन से जीत मिली।

ओल्ड गिरिराज क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में टॉस केजी कोल्टस ने जीता व पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में तीन विकेट पर 246 रन का स्कोर खडा किया। सिद्वांत वर्मा ने 115 गेंद पर नाबाद 101 रन की शानदार शतकीय पारी खेली जिसमें 12 चौके व एक छक्का शामिल था। शिव शर्मा ने 48 रन व कुणाल भगत ने 31 रन बनाए। 247 रन के टारगेट के जवाब में इंद्रप्रस्थ ग्लोबल 29.3 ओवर में 157 रन बनाकर आउट हो गया। कबीर सचदेवा ने 36 रन, कृष भल्ला ने 21 रन व देव खनेजा ने 20 रन बनाए। अनिकेत ने तीन व सूरज ने दो विकेट लिए। सिद्वांत वर्मा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# सिविल एविएशन में ऊंची उड़ान भरेगा यूपी

## मुख्यमंत्री ने कहा-जेवर एयरपोर्ट बदल देगा प्रदेश की दशा और दिशा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर एयरपोर्ट के विकास को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना बताया। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की दशा-दिशा बदल देगा। साथ ही गौतमबुद्धनगर की आर्थिक समृद्धि को नए आयाम देगा। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्तर प्रदेश की धमक दिखाई देगी। अब दुनिया के हर देश से उत्तर प्रदेश सीधे कनेक्ट होगा। पर्यटन के लिहाज से यह अतुलनीय कदम है। उन्होंने कोरोना महामारी के बावजूद एयरपोर्ट के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया के पूरे होने पर प्रसन्नता जताई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 की विभीषिका के बावजूद अब तक जिस तेजी, पारदर्शिता और इच्छाशक्ति से जेवर एयरपोर्ट का काम हुआ है, उसने प्रदेश में कार्य पूरा कराने की क्षमता को प्रदर्शित किया है। राज्य सरकार ने इस एयरपोर्ट में हवाई पट्टियों की संख्या दो से बढ़ाकर छह करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट के लिए चयनित विकासकर्ता कंपनी ज़्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल (एजी) की भी सराहना की। योगी ने उनके प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि सरकार की तरफ से उन्हें हर संभव मदद मिलेगी।

### तीस वर्ष से लंबित था प्रोजेक्ट

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विकास के लिए चयनित कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी द्वारा गठित यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के बीच स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर कार्यक्रम के मौके पर परियोजना की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा, यह प्रोजेक्ट पिछले तीस वर्ष से लंबित था। मार्च, 2017 में हमारी सरकार बनते ही हमने तय किया कि प्रदेश के विकास के लिए अहम इस प्रोजेक्ट पर तुरंत काम शुरू किया जाएगा। भाजपा की राज्य सरकार जेवर एयरपोर्ट के महत्व को समझती है। जल्दी ही इसके निर्माण का कार्य आरंभ हो जाएगा।*

**2017 तक उत्तर प्रदेश में थे सिर्फ दो एयरपोर्ट**

*वर्ष 2017 में यूपी में सिर्फदो हवाई अड्डों लखनऊ और वाराणसी से ही उड़ानें होती थीं। महज तीन वर्ष में गोरखपुर, हिंडन, आगरा, प्रयागराज और अब बरेली सहित पांच अन्य एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू हो गई हैं। यही नहीं, देश के सबसे बड़े प्रदेश में मात्र दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट थे। लेकिन कुशीनगर और अयोध्या के निर्माण के बाद बहुत जल्द यहां पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होंगे।*

# 250 फैक्ट्रियों के ध्वस्तीकरण का दिया नोटिस

## जीडीए से नाराज जिले के उद्यमियों ने कहा-हो रहा है हमारा शोषण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



प्राधिकरण से मिले नोटिस को दिखाते पांडव नगर के उद्यमी।

पांडव नगर क्षेत्र में जीडीए ने कई फैक्ट्रियों को ध्वस्तीकरण का नोटिस दिया है। प्राधिकरण के नोटिस के बाद उद्यमियों में हड़कंप मच गया है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि, जो उन्होंने निर्माण कार्य किया था वह सही तरीके से नहीं था। इसको लेकर अब औद्योगिक संगठनों में मुखर विरोध होना शुरू हो गया है।

बता दें कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने तीन दशक पुरानी इकाइयों को ध्वस्तीकरण का नोटिस देकर उद्यमियों की चिंता बढ़ा दी है। इस मामले में गाजियाबाद फेडरेशन उद्योग के अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि ढाई सौ से ज्यादा इकाइयां यहां पर कार्य कर रही हैं। जीडीए की तरफ से नोटिस आया है कि आप का निर्माण अवैध है। इससे क्षेत्र के उद्यमियों में भय व्याप्त है। उद्यमियों का कहना है कि जीडीए ने जो नक्शा पास कराने के लिए राशि बताई है वह इस कोरोना के बाद तो संभव नहीं है।

उद्यमियों का कहना है कि समझ नहीं आ रहा कि शासन की नीति अवैध निर्माण रोकने की है या उद्यमियों को उजाड़ने की। हम इसका खुलकर विरोध करेंगे। इसी मामले पर पांडव नगर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह नागर ने बताया कि यहां पर मुझे उद्योग लगाए हुए 25 वर्ष हो गए हैं। उससे पहले से ही इंडस्ट्रीज लगी हुई हैं। इस क्षेत्र को हमने अपनी मेहनत से ही विकसित किया है।

# भूमाफिया से करोड़ों की जमीन प्राधिकरण ने कराई कब्जामुक्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

### अवैध विला पर चलाया बुलडोजर

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी सिलसिले में अथॉरिटी के परियोजना विभाग ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इसके अंतर्गत कुछ इलाकों को पहले ही चिन्हित कर लिया गया था।

बड़ी कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण ने ग्राम सुनपुरा में 58,050 वर्गमीटर भूमि से कब्जा हटवा दिया। इसकी कीमत करीब 13.41 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अतिक्रमणकारियों ने यहां पर विला बनाकर चारदीवारी करा ली थी, ताकि प्राधिकरण का बुलडोजर यहां न पहुंचने पाए।

प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने पहले ही इसकी तैयारी पूरी कर ली थी। मंगलवार को वर्क सर्किल-2 ने अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। दरअसल, गांव सुनपुरा के अधिसूचित क्षेत्र के खसरा संख्या-403, 405, 406, 40, 408, 410, 411, 437, 438, 444, 401, 434, 435, 442, 430 पर कार्रवाई की। लोगों ने यहां पर अवैध रूप से विला बना लिया था जिसे ढहा दिया।

### चाकू मारकर युवक को मौत के घाट उतारा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अच्छेजा गांव में सोमवार को दिनदहाड़े हुए हत्याकांड से इलाके में सनसनी मच गई। सोमवार को एनएच-91 पर ओम स्वीट्स के पास विपिन नाम के शख्स ने गांव के ही दिलीप पर चाकू से लगातार वार किया। आरोपी तब तक वार करता रहा, जब तक दिलीप अचेत होकर नीचे नहीं गिर गया।

दिनदहाड़े हुए इस वारदात को देखकर हर कोई सकते में आ गया। मंगलवार को पुलिस ने दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग की छानबीन की। फुटेज में साफतौर पर दिखाई दे रहा है कि आरोपी अचानक दिलीप पर वार करना शुरू कर देता है। इससे पहले की मृतक कुछ समझ पाता, उस पर चाकू से कई बार हमला हो चुका था। वह खुद को संभाल न सका और लड़खड़ाते हुए गिर पड़ा।

# पंचायत चुनाव के लिए अब तक जारी नहीं हुई आरक्षण लिस्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

### डीएम ऑफिस में लगा नेताओं का जमावड़ा

गौतमबुद्धनगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण सूची अब तक जारी नहीं हो सकी है। पहले जिला प्रशासन ने तीन मार्च को लिस्ट जारी करने का आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक इस संबंध में कोई जानकारी नहीं आई है। हालांकि आरक्षण सूची को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में अफसरों के बीच मंथन चल रही है।

बताया जा रहा है कि शाम तक लिस्ट फाइनल कर ली जाएगी और उसके बाद इसे सार्वजनिक किया जाएगा। जिले में पंचायत चुनाव में हिस्सा लेने वाले उम्मीदवार और उनके संरक्षक बड़े सफेदपोश सुबह से ही डीएम कार्यालय में मौजूद रहे। उनका कहना था कि जब तक आरक्षण की फाइनल लिस्ट सार्वजनिक नहीं हो जाती, नेतागण वहां से हटने को तैयार नहीं हैं।

जनपद में इस बार 80 गावों में पंचायत चुनाव होने हैं। सबसे बड़ी उलझन सीटों के बंटवारे को लेकर है। इन सभी पंचायतों के नेता अपनी-अपनी ग्राम सभा, वार्ड और ग्राम पंचायत को आरक्षण दायरे से बाहर रखने की जुगत लगा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



डीएम आवास के बाहर खड़े युवा संघर्ष समिति सौहरखा का प्रतिनिधिमंडल।

### जिलाधिकारी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**नोएडा।** युवा संघर्ष समिति सौहरखा का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी सुहास एलवाई से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने गाँव में बने खेल मैदान को विकसित करने व खेल मैदान की भूमि को राजस्व अभिलेखो में खेल का मैदान दर्ज कराने के लिए तथा जिलाधिकारी से खेल मैदान का निरीक्षण करने की मांग की। इस मौके पर समिति प्रवक्ता रवि यादव ने डीएम को शासन आदेश दिखाते हुए कहा की राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार सौहरखा खेल मैदान की भूमि को आरक्षित करते हुए दस्तावेज में खेल के मैदान के रूप में दर्ज किया जाए। वही इन्द्रजित पहलवान ने खेल मैदान में 400 मीटर का रनिंग ट्रैक, हार्वेस्टिंग सिस्टम व सिमा सुरक्षा हेतु समुचित व्यवस्था कराने की जिलाधिकारी से मांग की। इस मौके पर परविन्द्र यादव, बब्लु शर्मा, हरिओम यादव, लौकेश यादव, विकल यादव, पवन यादव आदि लोग मौजूद रहे।



यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी में कोविड वैक्सीन लगवाते केंद्रीय नागरिक उड्डयन और आवास तथा शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी।

### केंद्रीय मंत्री ने लगवाया कोरोना का टीका

**गाजियाबाद।** भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री और आवास तथा शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी बुधवार को यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी गाजियाबाद पहुंचे। उन्हें यहां कोविड-19 का टीका लगाया गया। पुरी ने टीका लगवाने के बाद वी फॉर विक्ट्री एंड वी फॉर वैक्सीन को इंगित करते हुए हाथ हिलाकर सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं सहरुग्णता वाले लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया तथा साथ ही यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंधन एवं कोविड-19 का टीकाकरण कर रही टीम को धन्यवाद किया।

### श्रीराम जानकी विवाह का सुंदर प्रसंग सुनाया

**नोएडा।** बुधवार को सेक्टर 49 स्थित नत्थू कॉलोनी में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास डॉक्टर निधि तेलंग ने भगवान राम की बाल लीलाओं विश्वामित्र यज्ञ रक्षा, अहिल्या उद्धार एवं श्रीराम विवाह आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। विश्वामित्र जी वन में यज्ञ करते हैं लेकिन राक्षस उनके यज्ञ में बाधा डालकर उसको पूर्ण नहीं होने देते हैं । विश्वामित्र जी ध्यानस्थ होकर देखते है तो उन्हें पता चलता है कि दशरथ पुत्र राम स्वयं विष्णु अवतार हैं और उनके बिना राक्षसों का संघार नहीं हो सकता है। आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 4 मार्च (आज) राम राज्याभिषेक की तैयारी, राम वनवास, केवट संवाद आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन कथा व्यास द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर महेंद्र सिंह, कौशल्या, मुन्नी देवी, वंदना, गोरेलाल सहित तमाम सेक्टरवासी भक्त मौजूद रहे।

### रेकी कर चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** शहर की सेक्टर-39 पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। ये बंद पड़े मकानों की रेकी कर रात के अंधेरे में चोरी किया करते थे। हालांकि दिन में ये दोनों फूड डिलीवरी का काम करते थे। इससे ये हर इलाके में बेखौफबेरोकटोक घुमते थे। खास कर शहर का पॉश इलाके गोल्फ कोर्स इनका टारगेट था।

पुलिस ने इनके कब्जे से 1 एलईडी 32 इंच, 2 ट्रैक सूट, 1 बाइक तथा ताला तोड़ने वाले कई उपकरण बरामद किया है। नोएड के एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों चोर बेहद शातिर किस्म के हैं।



अभियान के दौरान ऑटों की जांच करते पुलिसकर्मी।

# अवैध ऑटो के खिलाफ चलाया अभियान

## पुलिस ने दो सौ गाड़ियों को किया सीज, चार सौ के काटे चालान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

### बिना यूनिक नंबर के सड़कों पर दौड़ रहे ऑटो

शहर की सड़कों पर चलने वाले अवैध ऑटो से सावधान रहने की जरूरत है। पुलिस ने देहात इलाके से करीब 200 ऐसे ऑटो को पकड़ा है, जो अवैध रूप से सड़कों पर दौड़ रहे थे। इन ऑटो चालकों के पास ना तो संबंधित दस्तावेज थे और ना ही ऑटो पर यूनिक आईडी नंबर था।

बता दें कि हाल ही में गाजियाबाद के विजय नगर इलाके से एक ऑटो में युवती से रेप का मामला सामने आया था। जिसके बाद अवैध ऑटो को लेकर चिंता बढ़ गई थी। इसी के चलते इनके खिलाफ अभियान चलाया गया।

एसपी देहात डॉ. ईरज राजा का कहना है कि फिलहाल 200 ऑटो सीज करके 400 ऑटो के चालान किए गए हैं, लेकिन अभियान लगातार जारी है। ऐसे ऑटो को चिह्नित किया जा रहा है, जो अवैध रूप से बिना दस्तावेज के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अक्सर देखा गया है कि जिन ऑटो चालकों के पास संबंधित दस्तावेज नहीं होते या फिर यूनिक आईडी नंबर ऑटो पर नहीं होता, उन्हीं से ज्यादातर वारदातें होती हैं।

उन्होंने बताया कि आमतौर पर ऐसे ऑटो वाले सवारियों को सुनसान जगह ले जाते हैं और लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते हैं। उन्होंने ऐसे ऑटो वालों से लोगों को सतर्क रहने को कहा। उन्होंने बताया कि लोगों को समय-समय पर इसके लिए जागरूक भी किया जाता है।

# मंदिर से दानपात्र लेकर फरार हुआ चोर

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना, जांच कर रही पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



सीसीटीवी में कैद मंदिर से दानपात्र चोरी कर ले जाता चोर।

मुरादनगर स्थित छोटा हरिद्वार मंदिर में सोमवार रात चोरी की एक अजीबोगरीब वारदात हुई, जहां मास्क पहनकर मंदिर में घुसे चोर ने भगवान को नमन कर दानपात्र उड़ा लिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वहीं दूसरे सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर कुछ अन्य लड़के भी जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि दानपात्र में हजारों रुपये की नकदी थी। मंदिर के महंत के मुताबिक, दानपात्र में कुल कितनी नकदी थी, इसका आकलन नहीं किया जा सकता क्योंकि दानपात्र में इकट्ठा होने वाला दान एक बार में ही बाहर निकाला जाता है।

उन्होंने कहा कि मंदिर के बाहर बाइक पर इंतजार कर रहे चोर के कुछ साथी भी थे। महंत ने बताया कि पूरे मामले की शिकायत पुलिस में दे दी गई है, जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### कार में बैठे युवक ने खुद को मारी गोली

**नोएडा।** शहर में थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के छपरौली गांव में सनसनीखेज घटना हुई है। यहां उस समय हड़कंप मच गया जब सड़क पर खड़ी एक कार से गोली चलने की आवाज आई। जब लोग कार के पास गए तो देखा कार में बैठे एक युवक ने खुद को गोली मार ली है।

ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना एक्सप्रेसवे पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को उठाकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया है। डॉक्टरों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



डीएम आवास के बाहर प्रदर्शन करते अभिभावक। फोटो : दीपक यादव

# निजी स्कूलों की मनमानी से तंग अभिभावकों ने किया प्रदर्शन

## बोले-अब आश्वासन नहीं कार्रवाई करे प्रशासन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

### ऑफलाइन परीक्षा का बना रहे दबाव

गौतमबुद्धनगर जनपद में निजी स्कूलों की मनमानी से परेशान अभिभावक प्रदर्शन कर अपनी मांगे जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। बुधवार सुबह सैकड़ों की संख्या में अभिभावक जिलाधिकारी निवास के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे। अभिभावकों की मांग है कि स्कूल पहले ही ऑनलाइन परीक्षा संपन्न करा चुके हैं लेकिन, अब ऑफलाइन परीक्षा कराने का दबाव बना रहे हैं।

दरअसल, नामी विद्यालय ऑफ लाइन परीक्षा के नाम पर फिर से मोटी शुल्क वसूल करेंगे। लोगों का कहना है कि जब एक बार परीक्षाएं पहले ही आयोजित हो चुकी हैं, तो फिर ऑफलाइन परीक्षा कराने का क्या औचित्य है। गौतमबुद्धनगर पैरेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज कटारिया, आम आदमी पार्टी के नोएडा के महासचिव संजीव निगम, समाजसेवी सोनिया शर्मा और कई दूसरे संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन में शामिल होकर अभिभावकों को समर्थन दिया।

मनोज कटारिया ने कहा कि प्रशासन से सिर्फउन्हें आश्वासन मिल रहा है। जब भी अभिभावक इन अहम मसलों को लेकर जिला प्रशासन से मिलते हैं, उन्हें यकीन दिलाया जाता है कि जल्द ही इनका समाधान निकाल लिया जाएगा। लेकिन ऐसा होता नहीं है। हमारी मांगों पर जिला प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

# डेढ़ सौ करोड़ के म्युनिसिपल बांड जारी करेगा निगम

## निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए निगम ने कोष में रखे 200 करोड़ रुपए सुरक्षित

अशोक निर्वाण। गाजियाबाद




### पब्लिक इश्यू में केंद्र और राज्य सरकार भी करेंगी सहयोग

नगर निगम अप्रैल के प्रथम सप्ताह में डेढ़ सौ करोड़ के पब्लिक म्युनिसिपल बॉन्ड जारी करेगा। इसके लिए मुंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर नगर निगम के पब्लिक इश्यू को सूचीबद्ध कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है। यह जानकारी नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने नगर निगम सदन को कार्यकारिणी बैठक के दौरान दी।

यदि यह पब्लिक इश्यू विधिक रुप से अप्रैल के प्रथम सप्ताह में शुरू हो जाता है तो गाजियाबाद नगर निगम उत्तर प्रदेश का पहला निगम होगा जो पब्लिक इश्यू के जरिए डेढ़ सौ करोड़ रुपए की पूंजी जुटाएगा। इस पूंजी से शहर के सीवर पानी को स्वच्छ और साफ सुथरा करके यहां के औद्योगिक क्षेत्रों में सप्लाई किया जाएगा और इस पानी से जो आय होगी उसे नगर निगम के अन्य विकास कार्यों में लगाया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया 200 करोड़ रुपए की रकम सुरक्षा धनराशि के रूप में रखी जाएगी ताकि बॉन्ड में निवेश करने वाले निवेशकों को यह एहसास हो सके जो बॉन्ड वे खरीद रहे हैं वह पूर्णत सुरक्षित हैं और उनका पैसा कहीं नहीं मरेगा।

खास बात यह है कि इस बांड की पहली 6 किस्तों की अदायगी उत्तर प्रदेश सरकार करेगी। इसके अलावा केंद्र सरकार साढ़े 19 करोड़ रुपए नगर निगम को सब्सिडी के रूप में देगी। नगर आयुक्त ने बताया कि सेबी ने नगर निगम को ए ए रेटिंग दी है जो नगर निगम के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि बांड पब्लिक इश्यू होने के बाद नगर निगम की मार्केट वैल्यू बढ़ेगी और बाहर से यहां निवेशकों का भी रुझान बढ़ेगा। नगर आयुक्त ने बताया कि ये सभी बॉन्ड 10 वर्ष के लिए जारी किए जाएंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

**निगम उपचुनाव**

# आप ने लगाया चौका, भाजपा क्लीन बोल्ड

## एमसीडी के काम से नाराज लोगों ने भाजपा को जीरो पर ला दिया : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के नतीजे बुधवार को घोषित कर दिए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच में से चार वार्डों में जीत का चौका लगाया है जबकि एक सीट कांग्रेस के खाते में गई है। भाजपा का खाता भी नहीं खुला है। इस जीत के बाद आम कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए, हो गया काम, जय श्री राम। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपचुनाव में पार्टी की धमाकेदार जीत पर कहा कि दिल्ली वाले 5 में से 4 सीटें देकर बता दिया कि वह आम आदमी पार्टी की सरकार के काम से बहुत खुश है।

उन्होंने वर्ष 2015 विधानसभा चुनाव में 70 में से 67, वर्ष 2020 में 62 सीटें दीं और अब एमसीडी उपचुनाव में 5 में से 4 सीटें देकर वह कह रही है कि जैसे काम कर रहे हैं। वैसे ही करते रहें।

भाजपा पर हमला बोलते हुए सीएम ने कहा कि एमसीडी में भाजपा के 15 साल के काम से लोग बहुत नाराज है इसीलिए मतदाताओं ने उसे जीरो पर ला दिया है।

साथ ही यह भी बता दिया कि उपमुख्यमंत्री के घर और जल बोर्ड के कार्यालय में तोड़फोड़ करने के लिए उसने वोट नहीं दिए थे, बल्कि काम करने के लिए चुना था। दिल्ली समेत देशभर में चर्चा है कि केजरीवाल सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी समेत अन्य क्षेत्रों में बहुत काम किया है।

केजरीवाल ने बुधवार को एक ट्वीट कर दिल्ली वालों को बधाई देते हुए कहा उन्होंने एक बार फिर से काम के नाम पर वोट दिया, दिल्ली नगर निगम में 15 साल के भाजपा के कुशासन से जनता परेशान हो चुकी है और लोग अब एमसीडी में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने को बेताब हैं।


जीत का जश्न मनाते आप कार्यकर्ता। फोटोः रजन डिमरी।

*अरविंद केजरीवाल ने उपचुनाव में धमाकेदार जीत पर पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जो नतीजे हैं, यह दिखाते हैं कि एक बार फिर से लोगों ने आम आदमी पार्टी की सरकार जो काम कर रही है उस पर मुहर लगाई है। भाजपा शासित एमसीडी ने दिल्ली में गंदगी फैला रखी है। सब लोग कहते हैं कि एमसीडी का फूल फार्म मोस्ट करप्ट डिपार्टमेंट है। भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम में बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार है। जनता इस तरह का भ्रष्टाचार नहीं चाहती है।*

# चौहान बांगर वार्ड में आप ने खाया गच्चा


जीत दर्ज करने के बाद कांग्रेस के नव निर्वाचित पार्षद।

**ज़ाहिद अली।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम उपचुनाव में चार सीटें जीतने वाली आम आदमी पार्टी चौहान बांगर वार्ड में गच्चा खा गई। यहां कांग्रेस ने न केवल जीत दर्ज की बल्कि आप प्रत्याशी को सबसे बड़े

- **कांग्रेस ने 10642 वोटों से जीत दर्ज की**

वोटों के अंतर से हरा दिया। आप प्रत्याशी को तो एक बूथ कोई वोट ही नहीं मिला। मुस्लिम बाहुल्य वाली सीट पर दिल्ली दंगा और कोरोना में जमात की भूमिका को लेकर पूरे प्रचार में माहौल गर्म रहा।

यह एक ऐसी सीट थी जहां आम आदमी पार्टी बैकफुट पर और कांग्रेस फ्रंटफुट पर खेल रही थी। दिल्ली की राजनीति में कांग्रेस के लिए चौहान बांगर वार्ड संजीवनी बूटी लेकर आया। अपनी किस्मत आजमा रहे कांग्रेस के प्रत्याशी चौधरी जुबेर अहमद ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हाजी इशराक को 10642 वोटों से हराया दिया। पांचों निगम चुनाव में जुबेर ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इशराक को केवल 5561 वोट मिले, भाजपा उम्मीदवार की जमानत जब्त हो गई। कोरोना काल में जमात की भूमिका को लेकर आप प्रत्याशी लगातार स्थानीय लोगों के सवालों से घिरते नजर आए।

दिल्ली दंगों को लेकर आप की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे थे। इशराक की हालत इतनी खराब थी कि हिंद एकेडमी गली 30 जाफराबाद बूथ को उन्हें कोई वोट ही नहीं मिला। जिस इलाके में हाजी इशराक रहते थे वहां के बूथ पर भी उन्हें कांग्रेस के प्रत्याशी से कम वोट मिला। उत्तरी पूर्वी दिल्ली में लोकसभा में करीब एक तिहाई मतदाता मुस्लिम है। दंगों की चपेट में पूरा इलाका आया था। यह समय है जब आप अपनी इस हार से सबक लेते हुए आगामी 2022 के निगम चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दे। जुबेर ने कहा कि यह लोगों की जीत है।

आप की हार साबित करती कि केजरीवाल से लोग नाराज है। वहीं कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष बाबर मोहम्मद हारून ने दावा किया है कि आगामी निगम चुनाव में कांग्रेस शानदार प्रदर्शन करने जा रही है।

### बेटे ने चुकाया हिसाब

सीलमपुर विधानसभा के अंदर चौहान बांगर वार्ड आता है। जुबेर अहमद चार बार के विधायक चौधरी मतीन के बेटे है। 2015 के विधानसभा चुनाव में कद्दावर नेता चौधरी मतीन को हाजी इशराक ने भारी मतों से हरा दिया था। 2019 में आम आदमी पार्टी ने हाजी इशराक का टिकट काट दिया। उनके बगावती तेवरों को देखते हुए पार्टी ने नगर निगम का टिकट थमा दिया। इस बार चौधरी मतीन के बेटे जुबैर और हाजी इशराक आमने सामने थे। एक ऐसा वार्ड जहां केवल करीब 22 हजार मत पड़े वहीं कांग्रेस की साढ़े दस हजार की जीत आम आदमी पार्टी के लिए चिंता की लकीरे खींचने वाली है।

# चुनाव हारे हौसला नहीं: भाजपा

- **कांग्रेस-आप के बीच मैच फिक्स थाः आदेश**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निगम उपचुनाव में करारी हार के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा हम चुनाव हारे, हौसला नहीं।

वर्ष 2022 का निगम चुनाव नई ऊर्जा के साथ लड़ेंगे। जिन पांच सीटों पर उपचुनाव हुए थे। उनमें से चार पहले से ही आम आदमी पार्टी के पास थी। भाजपा शालीमार बाग की सीट हारी है। पार्टी उसका मूल्यांकन करेगी। आदेश गुप्ता ने कहा कि उपचुनावों के परिणामों से स्पष्ट है



यह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सांठगांठ का नतीजा है।

इस बार शालीमार बाग में कांग्रेस के वोट घटने और चौहान बांगर में कांग्रेस के वोट बढ़ने से साफ है कि दोनों दलों का भाजपा के खिलाफ मिलीभगत है। पिछले निगम चुनाव में शालीमार बाग सीट पर कांग्रेस को 8000 वोट मिले थे जो इस बार घटकर 2000 रह गए और चौहान बांगर में कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ गया। चुनाव के परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गुप्ता ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के लिए कोई भी चुनाव, कोई भी हार अंतिम नहीं होती।

भाजपा चुनाव जरुर हारी है, लेकिन हम हिम्मत नहीं हारे हैं। कार्यकर्ता व नेता नए संकल्प के साथ जो कमियां इस बार रह गई हैं, उन्हें सुधारते हुए वर्ष 2022 के निगम चुनाव में नई ऊर्जा के साथ मैदान में उतरेंगे। उप-चुनावों और मुख्य चुनावों में बहुत अंतर होता है। हार के कारणों पर मंथन होगा। चेहरे बदलने या ना बदलने का फैसला पार्टी अपनी रणनीति में तय करेगी।

### 2022 नगर निगम चुनाव जीतेगी कांग्रेसः चौ. अनिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राजनीति में हाशिए पर पड़ी कांग्रेस को निगम उपचुनाव के नतीजे से मुस्कराने का एक मौका मिला है। पांच में से एक सीट उसके झोली में आनी से उत्साहित कांग्रेस ने कहा कि मतदाता ने कांग्रेस में जो विश्वास जताया है उससे स्पष्ट हो गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि निगम के उपचुनावों के परिणाम से शासन पर कोई प्रभाव पड़ने वाला नहीं है। उपचुनावों मतदाताओं ने भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया है। पांच वार्डों में कांग्रेस पार्टी को एक पर जीत मिली है वह भी बंपर वोटों से इस वार्ड को जीता गया है।

## ‘नतीजे अगले साल होने वाले निगम चुनाव का है आगाज’



मुख्यमंत्री अरविंद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो सरकार अपने सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं दे सकती, उसको एक दिन भी सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है। मतदाता अब एमसीडी के अंदर बदलाव चाहती है। वहचाहती है कि जैसा काम दिल्ली सरकार कर रही है, वैसा काम अब एमसीडी में भी होना चाहिए। जो नतीजे आए हैं, शायद यह आगाज है कि अगले साल जब एमसीडी का चुनाव होगा, उसमें भी किस तरह के नतीजे आने वाले हैं।

हमारे सभी पार्षद अगर अच्छा काम करेंगे, तो अगले एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत का परचम लहराएगा।

# कोरोना से बचाव के लिए डीटीसी कर्मचारी पहनेंगे खादी के मास्क



- **केवीआईसी ने कहा, लोगों को मिल रहा रोजगार, दूर हो रही मंदी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

खादी ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने अपने कर्मचारियों के लिए 45 हजार मास्क बनाने का ऑर्डर दिया है। यह जानकारी बुधवार को केवीआईसी ने दी। केवीआईसी ने जारी बयान में बताया कि 30 हजार मास्क की आपूर्ति कर दिया गया है और शेष 15 हजार मास्क की आपूर्ति इसी सप्ताह में कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो लेयर वाला नीले रंग का मास्क डीटीसी के लोगो के साथ यह ड्रेस के रंग का होगा। केवीआईसी के चेयरपर्सन विनय कुमार सक्सेना ने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा थोक में खादी के मास्क खरीदने से इसकी लोकप्रियता बढ़ेगी और इससे दूसरे विभाग में भी इसकी स्वीकार्यता बढ़ेगी। सक्सेना ने बताया कि इस थोक ऑर्डर मिलने से इससे नए लोगों को नौकरी मिलने के साथ कोरोना महामारी के बाद आई मंदी से भी राहत मिलेगी। पिछले खादी के मास्क लॉन्च करने के आठ महीनों के अंदर केवीआईसी से 25 लाख मास्क खरीदे गए। जिसमें से 12.5 लाख मास्क सिर्फ इंडियन रेडक्रास सोसायटी ने खरीदे हैं। इससे पहले केवीआईसी से अरूणांचल प्रदेश (1.60 लाख) और कश्मीर (7.50 लाख) मास्क खरीदे हैं। राष्ट्रपति भवन से दो बार मास्क के ऑर्डर मिल चुके हैं, दूसरे मंत्रालयों समेत सार्वजनिक निगमों के साथ ही आम जनता के बीच खादी के मास्क की आपूर्ति की जा रही है।

**खादी मास्क हर वर्ग की पसंद**

खादी के मास्क त्वचा के अनुरूप होने के साथ ही इसके रंग-बिरंगे रंगों में उपलब्ध होने से सभी के बीच लोकप्रिय हो रहा है। विशेषकर युवाओं व महिलाओं के बीच फैशन आइकान बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी के खादी मास्क पहनने से भी लोगों इसे स्टेटस सिंबल मानकर इसका उपयोग कर रहे हैं।

# कब्जे में लिए कुत्तों को वापस मालिक को सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने क्रूरता के चलते कब्जे में लिए गए दो गोल्डन रिट्रीवर कुत्तों को उनके मालिक को वापस सौंपने के निर्देश देते हुए कहा कि उसके पालतू जानवरों को उसकी अभिरक्षा और साथ से वंचित रखना अनुचित होगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा स्थापित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) पीपुल फॉर एनीमल ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर इन कुत्तों को उनके उद्योगपति मालिक से अपने कब्जे में लिया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिल अंतिल ने पुलिस द्वारा मालिक के फिरोजशाह रोड स्थित आवास पर कुत्तों की देखरेख से संबंधित रिपार्ट का संज्ञान लेते हुए और उनके पशुओं के डॉक्टर की सलाह के बाद यह आदेश दिया है। डॉक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश हुए। न्यायाधीश ने उद्योगपति आनंद कुमार मोहता को सुनवाई के दौरान आवश्यकता पड़ने पर दोनों कुत्तों को अदालत एवं पुलिस के समक्ष पेश करने के निर्देश भी दिए।

# दिल्ली में पिछले साल के मुकाबले इस सर्दी में अधिक प्रदूषण

- **राजधानी व एनसीआर में गाजियाबाद में पॉल्यूशन का स्तर सबसे अधिक रहा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) ने बुधवार को कहा कि दिल्ली-एनसीआर में 2020-21 की सर्दियों के दौरान प्रदूषण का औसत स्तर पिछले साल से ज्यादा था लेकिन धुंध कम रहा। सीएसई ने कहा कि ग्रेडेड रिपॉन्स एक्शन प्लान (जीआरएपी) के क्रियान्वयन के लिए इस क्षेत्र में 15 अक्टूबर से एक फरवरी तक में आधिकारिक तौर पर सर्दी का मौसम माना जाता है। विश्लेषण में कहा गया कि इस बार सर्दियों के मौसम में 23 दिन ऐसे थे जब शहर में पीएम 2.5 कणों की मात्रा गंभीर का खराब एक्यूआई श्रेणी में दर्ज की गई।

यह मात्रा, 2018-19 के दौरान 33 और 2019-20 के बीच 25 थी। विश्लेषण में यह भी कहा गया कि दिल्ली के आसपास के चार शहरों में से गाजियाबाद सबसे ज्यादा प्रदूषित रहा। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में उत्तरी दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्र दर्ज किया गया जहां स्थित जहांगीरपुरी की हवा में प्रदूषण सबसे ज्यादा था। सीएसई में अनुसंधान और वकालत की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रायचौधरी ने कहा, सर्दियों के समय प्रदूषण के अध्ययन में विशेष रूप से दिलचस्पी होती है। इस साल महामारी के कारण असाधारण स्थिति थी और इस क्षेत्र में वातावरण की स्थितियों, शांत हवा और ठंड के मौसम के कारण सर्दियां बेहद कठिन होती हैं। उन्होंने कहा, सर्दियों की हवा में स्थानीय प्रदूषण कारक तत्व फंस जाते हैं और इससे घातक स्मॉग जनित होता है।

# सीएम केजरीवाल आज लगवाएंगे वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कोविड-19 की वैक्सीन लगवाएंगे। वह लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल में बृहस्पतिवार की सुबह साढ़े नौ बजे वैक्सीन की पहली डोज लेंगे।

सूत्रों के अनुसार केजरीवाल सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड लगाए जाने की पूरी संभावना है। ऐसा इसलिए भी है कि दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में टीकाकरण अभियान के पहले चरण से ही कोविशील्ड वैक्सीन लगाई जा रही है। वहीं दिल्ली में केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले एम्स और सफदरजंग सहित छह केंद्रों पर



कोवैक्सीन लगाई जा रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री वैक्सीन लगवा चुके हैं।

देशभर में दुसरे चरण का कोरोना वैक्सीनेशन शुरू हो चुका है। इसके तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों और 45 से 59 साल के बीच के गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को वैक्सीन दी जा रही है। केजरीवाल की उम्र 52 साल है और वे को-मॉर्बिड कैटेगरी में आते हैं।

### 24 घंटे में 3 की मौत, 240 नए केस आए

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पिछले चौबीस घंटे में 68831 लोगों की जांच हुई है। इसमें 240 लोग संक्रमित पाए गए हैं। इस बीच आरटीपीसीआर टेस्ट 44886 और रैपिड एंटीजन टेस्ट 23945 शामिल है। चौबिस घंटे में कोविड-19 के 240 नए केस सामने आए हैं। इस दौरान तीन लोगों की मौत हुई है।

### वेतन कटौती पर स्कूल टीचर व कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कोरोना काल में स्कूलों में वेतन कटौती को लेकर रोष बढ़ने लगा है। दिल्ली स्थित एक स्कूल में अध्यापकों और कर्मचारियों ने अपने विद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया। मामला समर फील्ड स्कूल का है। यहां अप्रैल माह से वेतन में पचास प्रतिशत तक की कटौती की जा रही थी।

इस बाबत स्कूल कर्मचारियों ने प्रदर्शन के बाद दक्षिणी पूर्वी जोन स्थित दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय में ज्ञापन भी सौंपा। शिक्षकों की तरफ से मांग की गई है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से पूरा वेतन दिया जाए तथा साथ ही सातवें वेतन आयोग के हिसाब से सैलरी तय हो।


# बेकाबू बस की चपेट में आए दो स्कूटी सवार, हुई मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी पूर्वी दिल्ली में एक बेकाबू बस ने स्कूटी सवार दो युवकों को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतकों की पहचान विजय और टिंकू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों लोनी गाजियाबाद के रहने वाले है। घटना सोनिया विहार इलाके में शाम साढ़े चार बजे की है।

दोनों काम खत्म करने के बाद स्कूटी से सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी स्कूटी में



बेकाबू हरियाणा रोडवेज की बस ने टक्कर मारी। दोनों बस के पहिये की नीचे आ गए।

विजय और टिंकू की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया और आरोपी बस ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ढलाव घरों और निगम कार्यालयों की दीवारों पर उकेरी पेंटिंग

## दिल्ली की जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए दक्षिणी नगर निगम की अनूठी पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की तैयारियों को लेकर 300 से अधिक जगहों पर सुंदर वॉल पेंटिंग्स बनवाई हैं। ये पेंटिंग्स मुख्य रूप से ढलाव घरों और दक्षिणी निगम के कार्यालयों की दीवारों पर बनवाया गया है। इन चित्रों को बनवाने के पीछे मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के सौंदर्यकरण के साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छता के लिए जागरूक करना तथा अच्छी स्वच्छ आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

ढलाव घर गिरी नगर, दिल्ली गेट, निजामुद्दीन पूर्व, कंपोजिट पिट सुंदर नगर, द्वारका अंडरपास, द्वारका से 23 सामुदायिक भवन, सत गुरु राम सिंह मार्ग मायापुरी, निकट मॉडर्न स्कूल वसंत विहार, प्रेस एंक्लेव मार्ग निकट मैक्स अस्पताल आदि में ये चित्र देखी जा सकती हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत जनता को जागरूक किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताते हुए दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर ज्ञानेश भारती ने बताया कि निगम ने जनता को जागरूक करने के लिए कई पहल की हैं। जैसे प्लास्टिक के बदले खाना देने के लिए सभी क्षेत्रों में गार्बेज कैफे आरंभ किए गए हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़े मुद्दों पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं लघु फिचर फिल्म निर्माण प्रतियोगिता, निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया है।

इसी कड़ी में वॉल पेंटिंग्स बनाना भी शामिल है जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता संदेश देने वाली चित्रकारी उकेरी गई है जैसे गीले एवं सूखे कूड़े को अलग करना, दीवारों पर स्वच्छता संदेश देने वाली पंक्तियां लिखना इत्यादि। भारती ने कहा कि पिछला पूरा वर्ष कोरोना महामारी से निपटने में लग गया जिसमे की सीमित संसाधनों में कार्य करते हुए निगम ने उत्कृष्ट कार्य किया है। उनका उद्देश्य क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है।



ढलाव घर पर बना सुंदर चित्र।

# पीएम-वाणी योजनाः हर वार्ड में 20 वाई-फाई हॉट-स्पॉट लगेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी निगम में पीएम-वाणी योजना की शुरूआत की गई। निगम की इस योजना में हर वार्ड में 20 वाई-फाई हॉट-स्पॉट लगेंगे दक्षिणी निगम सीएससी (नागरिक सेवा केंद्र) के माध्यम से 15 नागरिक सेवाएं उपलब्ध होंगी।

महापौर अनामिका और उपमहापौर सुभाष भडाना ने सिविक सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में 2 जन-उपयोगी योजनाओं का शुभारंभ किया।महापौर ने इन योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिणी निगम में पीएम वाणी योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के अंतर्गत हर वार्ड में 20 वाई-फाई हॉट-स्पॉट लगाए जाएंगे। प्रत्येक वार्ड में विशेषकर जेजे कॉलोनियों की 20 छोटी दुकानों को पीडीओ (पब्लिक डाटा ऑफिस) में परिवर्तित किया जाएगा।

पीडीओ पर नागरिकों को हर रोज 1 घंटा फ्री हाई स्पीड इंटरनेट मिलेगा, 1 घंटे के लिए केवल 5 रुपए प्रतिदिन, 10 प्रति सप्ताह और 50 रुपए प्रतिमाह असीमित इंटरनेट खरीद सकते है। दुकानदारों को बिक्री राशि का 50 प्रतिशत मुनाफा मिलेगा। इसके अतिरिक्त उपयोगकर्ताओं को सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस पहल से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

- **महापौर ने 2 जन-उपयोगी योजनाओं का किया उद्घाटन**

महापौर ने बताया कि दक्षिणी निगम दुकानदारों के लिए निःशुल्क राउटर और अन्य डिवाइस का खर्चा स्वयं वहन करेगा और पहले 3 महीने में दुकानदारों की शून्य लागत आएगी क्योंकि उन्हें मुफ्त इंटरनेट और रख-रखाव की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय निगम पार्षद अपने वार्ड के उन क्षेत्रों की पहचान करेंगे जो इस पीएम-वाणी योजना से अधिकतम लाभांवित होंगे। उपमहापौर सुभाष भडाना ने दूसरी योजना के बारे में बताते हुए कहा कि दक्षिणी निगम भारत सरकार के नागरिक सेवा केंद्र के माध्यम से 15 नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने जा रहा है।

# कोरोना टीकाकरण को 25 सरकारी 25 निजी अस्पतालों में बनाए सेंटर

## भविष्य में इस सेंटरों की संख्या में हो सकता है इजाफा

## जिला उपायुक्त ने टास्क फोर्स की बैठक में दी जानकारी

पायनियरा समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम स्थित लघु सचिवालय में कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक लेते उपायुक्त डॉ. यश गर्ग।

**बुधवार** को यहां लघु सचिवालय में कोरोना के वैक्सीनेशन को लेकर गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक आहुत की गई। बैठक में वैक्सीनेशन के लिए बनाए गए सभी केंद्र संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि वैक्सीनेशन का कार्य सुचारू ढंग से चलता रहे। लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन का तीसरा चरण शुरू हो चुका है, जिसमें सूचीबद्ध श्रेणियों के लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। आमजन की सुविधा को देखते हुए टीकाकरण कार्य के लिए 25 सरकारी व 25 प्राइवेट अस्पतालों को सेंटर बनाया गया है। भविष्य में इन सेंटरों की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है। प्रत्येक सेटर पर 100 लोगों का टीकाकरण किया जाएगा,जिनमें से 40 लोगों का मौके पर पंजीकरण, 30 लोगों का एडवांस ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन है। शेष बचे 30 उन हेल्थ केयर व फ्रंट लाइन वर्करों का टीकाकरण किया जाएगा, जिन्हें वैक्सीन की पहली डोज लगनी है या दूसरी डोज ड्यू है।

इस दौरान वे हेल्थ केयर व फ्रंट लाइन वर्कर भी टीकाकरण करवा सकते हैं जो पहले पोर्टल पर रजिस्टर्ड नहीं हो पाए थे। या किसी कारणवश टीकाकरण नहीं करवा पाए थे। टीकाकरण के लिए तीन श्रेणियां बनाई गई हैं, जिनमें से पहली श्रेणी 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, दूसरी श्रेणी में 45 से 59 साल के ऐसे व्यक्ति शामिल हैं। जो भारत सरकार द्वारा सूचीबद्ध 20 बीमारियों से ग्रसित हैं और तीसरी श्रेणी हेल्थ केयर व फ्रंट लाइन वर्करों की है।

### सिर्फ चार दिन लगेगी वैक्सीन : सीएमओ

**बैठक** में सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने बताया कि 25 सरकारी वैक्सीनेशन केंद्रों पर कोरोना वैक्सीन चार दिन-सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को लगाई जाएगी। व्यक्ति को पहली डोज लगने के 28 दिन बाद दूसरी डोज लगवानी होगी। यह डोज 29वें दिन से लेकर 42वें दिन के बीच में लगवाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन का कार्य सुबह नौ बजे से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने सभी केंद्र संचालकों से कहा कि वे टीकाकरण की डेली रिपोर्ट अवश्य भिजवाएं, ताकि टीकाकरण की जानकारी भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड की जा सके।

# हिंदी का महत्व बढ़ाने को हिंदी में हस्ताक्षर करें : सुरेंद्र कुमार

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**गुरुग्राम।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 गुरुग्राम और हिंदी साहित्य भारती की स्थानीय इकाई की तरफ से महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में अध्यक्ष के रूप में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के पूर्व कुलपति डॉ. सुरेंद्र कुमार हुड्डा और मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एमडीयू रोहतक के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. नरेश मिश्र उपस्थित हुए।

डॉ. नरेश मिश्र ने हिंदी वर्णमाला, हिंदी शब्दों के अशुद्ध प्रयोग आदि के बारे में रोचक जानकारियां देते हुए हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार हुड्डा ने सभी विद्यार्थियों से हिंदी में हस्ताक्षर करने का आग्रह किया और हिंदी को अपने स्वाभिमान से जोड़ने की बात कही। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों ने भाषा और वर्णमाला संबंधी अपने प्रश्नों को डॉ. नरेश मिश्र के सामने प्रस्तुत किया और डॉक्टर नरेश मिश्र ने सभी प्रश्नों का सटीक उत्तर देते हुए विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार गर्ग ने भारतीय संस्कृति और हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने की वकालत की और कहा कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक मातृभाषा का प्रयोग करना चाहिए। सर्वोत्तम प्रश्न पूछे जाने के लिए तीन बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के आयोजन में नरेंद्र कुमार, डॉक्टर लोकेश शर्मा और समस्त हिंदी विभाग के प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा। हिंदी साहित्य भारती गुरुग्राम इकाई की अध्यक्ष वीणा अग्रवाल, डॉ. पुष्पा अंतिल, कांता देवी, अन्नू ने कार्यक्रम के संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सेवानिवृत्त हो चुके पूर्व प्रोफेसर डॉ. रघुवीर सिंह बोकन, डॉक्टर प्रेमलता चौधरी, डॉ. मीना चोपड़ा, प्रसिद्ध साहित्यकार नरेंद्र लाहड़, जितेंद्र कौशिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुष्पा अंतिल एवं डॉ. रश्मि जोशी द्वारा किया गया। डॉ. लोकेश शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना का गायन प्रस्तुत किया गया और वीणा अग्रवाल द्वारा मातृ वंदना प्रस्तुत की गई।

# संक्षिप्त-समाचार

## समाजसेवा के लिए सुरेंद्र चौहान सम्मानित




**गुरुग्राम।** लगातार समाजसेवा करके युवाओं को प्रेरणा देने वाले पटौदी क्षेत्र के सुरेंद्र चौहान को एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की तीसरी वर्षगांठ पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान फिल्म अभिनेता अवतार गिल ने उन्हें दिया। अवतार गिल ने अपने संबोधन में कहा कि समाजसेवा के लिए युवाओं की बहुत जरूरत है। युवा अपनी जिम्मेदारियों को समझें और समाजसेवा से जुड़ें। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र चौहान भी समाजसेवा के क्षेत्र में लंबे समय से लगे हैं। उनसे भी प्रेरणा ली जा सकती है। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा ने बताया कि संस्था के सदस्य भारत के हर क्षेत्र में जागरुकता ला रहे हैं। भ्रष्टाचार के खात्मे को संस्था पूरे प्रयत्न कर रही है। सभी के सहयोग से देश में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकता है।

## गोशाला मार्केट के पास संदिग्ध महिलाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गुरुग्राम।** शिव सेना व क्राइम फ्री इंडिया फोर्स संस्था की ओर से कहा गया है कि गुरुद्रोण की नगरी अपराध का शहर बनती जा रही है। पुलिस की सक्रियता नहीं रही। पुलिस सिर्फ आम जनता के चालान काटकर अपनी पीठ थपथपा रही है। जबकि गुरुग्राम के बस अड्डे के सामने गोशाला मार्केट में काफी समय से कुछ महिलाएं आकर बैठ रही हैं, जो कि शराब भी पीती हैं और फिर हंगामा भी करती हैं। इन पर पुलिस की नजर नहीं है। इसे लेकर शिव सेवा पदाधिकारियों ने पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि इन महिलाओं की संख्या 25-30 है। ये आसपास के होटलों में वेश्यावृति भी करती हैं। नशे में गाली-गलौज भी करती हैं। लोगों को फंसाकर उनसे पैसे छीनने का काम करती हैं। इसके पीछे वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी लगा रहता है। लोग मार्केट की दुकानों पर आने से कतराते हैं। क्योंकि ये महिलाएं कुछ भी कहने पर उन्हें रेप केस में फंसाने की धमकी देती हैं। ज्ञापन देने पहुंचे शिव सेना के जिला प्रमुख गौतम सैनी, युवा जिला प्रमुख राकेश, रंजीत, क्राइम फ्री इंडिया फोर्स से जतिन धनराज खत्री ने बताया कि इस समस्या को लेकर गोशाला मार्केट के दुकानदारों ने उनसे इस मुद्दे को उठाने के लिए संपर्क किया। पुलिस से मांग की गई है कि इस पर अंकुश लगाया जाए। डीसीपी दीपक सहारण ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को आदेश जारी किए।

## पुलिस टीम पर हमला कर आरोपी को छुड़ाने वाले दो काबू

**पलवल।** पलवल के गांव नंगला अहसानपुर में पुलिस टीम पर किए गए जानलेवा हमला के दो आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही धर दबोचा। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। पलवल, मुंडकटी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह ने बताया कि मुखबिर खास द्वारा मिली सूचना पर टीम गठित कर मौके पर दबिश देकर आरोपियों को काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम हाशिम व इरफान निवासी गांव नंगला अहसानपुर बताया। उन्होंने बताया कि अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ने के लिए मुंडकटी थाना व सीआईए होड़ल पुलिस मंगलवार को गांव नंगला अहसानपुर में पहुंची और आरोपी को काबू कर गाड़ी में बैठा लिया। इसी दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पांच पुलिस कर्मी घायल हो गए और कई गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई।

## पांच महीने से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**पलवल।** पलवल घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ मामले में पांच महीने से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पलवल के मुंडक़टी थाना प्रभारी एसआई प्रीतम सिंह ने बताया कि उन्हें मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गांव में मौजूद है जो कि कहीं बाहर जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई और आरोपी को काबू कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रविंद्र उर्फ राकू निवासी गांव मानपुर बताया। आरोपी को बुधवार को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## डा. डीपी गोयल बने रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य



**गुरुग्राम।** समाजसेवा के क्षेत्र में द्रोण नगरी गुरुग्राम में हर दिल आजिज हो चुके कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक एवं युवा भाजपा नेता नवीन गोयल के बड़े भाई डा. डीपी गोयल को भारतीय रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। गुरुग्राम में लंबे समय से समाजसेवा में जुटे गोयल बंधु (डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल) आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। गुरुग्राम में वे अच्छे स्वास्थ्य विषय को लेकर काम कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने कैनविन फाउंडेशन बनाकर एक स्वर मिलाकर काम करना शुरू किया। अस्पतालों के भारी-भरकम बिलों में छूट की बात हो या फिर दवाओं की 15 फीसदी छूट के साथ होम डिलीवरी, रक्तदान, जांच शिविर, प्लाज्मा दान, एम्बुलेंस सेवाएं और न जाने कितने तरीके से वे समाजसेवा की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। भारतीय रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त किए गए डा. डीपी गोयल ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाएंगे। निष्ठा से काम करेंगे। उन्होंने रेल मंत्री पीयूष गोयल और सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह का धन्यवाद किया। डा. डीपी गोयल एमए इकॉनोमिक्स में स्नातक हैं और एमबीए की है। उनकी नियुक्ति पर गुरुग्राम विधानसभा निगरानी कमेटी के चेयरमैन सुमेर सिंह तंवर, मानव आवाज संस्था के संयोजक एडवोकेट अभय जैन, समाजसेवी बाली पंडित, गगन गोयल, सुखराली के पूर्व सरपंच नरेश सहरावत, ग्रीवेंस कमेटी के मेंबर प्रवीण अग्रवाल, बीजेपी के पूर्व जिला सचिव राजेश गुलिया, नेहा अग्रवाल, विजय राव कन्हई, विजयपाल यादव, कमांडर उदयवीर यादव, मनोज गुप्ता आदि ने बधाई दी।

# सोहना-तावडू को मिलाकर नया जिला बनाने की सिफारिश

## केंद्रीय मंत्री इंद्रजीत ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखा

## फर्रुखनगर को उप-

**फर्रुखनगर।** हरियाणा सरकार की बजट बैठक में इस बार फर्रुखनगर को उपमंडल बनाने की आवज भी गुंजेगी। उपमंडल बनाने की पैरवी करते हुए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मुख्यमंत्री के नाम पर पत्र लिखकर पुरजोर मांग की है।

सीएएम मनोहर लाल के नाम लिखे पत्र में मांग करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के बजट में दोंगडा अहीर को उप-तहसील, फर्रुखनगर को उपमंडल, तावडू को जिला गुरुग्राम में मिलाने या तावडू-सोहना के गांवों को मिलाकर नया जिला बनाया जाए, ताकि लोगों इनका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम शहर के आसपास के अनेक गांव वर्षों पूर्व गुरुग्राम नगर निगम बनने पर निगम में शामिल किए गए थे। निगम में शामिल करने के दौरान इन गांवों की पंचायतों की बेशकीमती जमीन व पंचायतों की करोड़ों की एफडी भी निगम में चली गई थी। इन गांवों के लोगों ने पंचायतें कर गांवों को हाउस टैक्स मुक्त करने की मांग पिछले वर्षों से की है। हाल ही में मानेसर को भी नगर निगम प्रदेश सरकार की ओर से बनाया गया है। मानेसर नगर निगम में भी 29 गांवों को अभी शामिल किया है। इन गांवों की ग्राम पंचायतों की भी प्रमुख मांग है कि उनकी पंचायत जमीन व पंचायत के करोड़ों के फंड नगर निगम में चले गए हैं। ग्रामीणों की मांग है कि गांवों के रिहायशी मकानों को टैक्स मुक्त किया जाए।

# ससुराल ही नहीं मायके में भी प्रताड़ित होती हैं महिलाएं

## महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ ब्रेकथ्रू ने दी घरेलू हिंसा की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। फर्रुखनगर


फर्रुखनगर में बेस्ट मदर कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

**यहां** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सीडीपीओ नूपुर दलाल के मार्गदर्शन में बेस्ट मदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें फर्रूखनगर ब्लॉक की आंगनबाड़ी वर्करों सहित करीब 80 महिलाएं शामिल हुईं। यहां महिलाओं को पोषण के साथ-साथ घरेलू हिंसा के प्रति भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में ब्रेकथ्रू संस्था की जिला संयोजक भारती ने कहा कि घरेलू हिंसा में मौखिक, मानसिक, आर्थिक और शारीरिक हिंसा शामिल हैं। विशेष बात यह है कि सामान्य तौर पर ससुराल में ही महिलाओं के साथ प्रताड़ना की बातें होती हैं। या फिर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि लड़कियां अपने पिता के घर पर प्रताड़ित की जाती हैं। महिलाओं को बताया गया कि घरों में किए गए दुर्व्यवहार, खानपान में भेदभाव या शिक्षा पूरी न कराने को भी घरेलू हिंसा कानून के अंतर्गत आता हैं। ज्यादातर हम लोग मानते हैं कि जब तक मारपीट या जान से मारने की स्तिथि न बने, तब तक घरेलू हिंसा का केस दर्ज नहीं हो सकता। यहां महिलाओं से बच्चों की परवरिश व देखभाल, टीकाकरण संबंधी सवाल भी पूछे, जिनके उन्हें विस्तार से जवाब दिए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर कृष्णा रानी, सुषमा, रेखा व लक्ष्मी शामिल रही। ब्रेकथ्रू संस्था की ओर से सुशील कुमार और स्वाति शामिल रहे।

# शहर में 100 स्थानों पर लगेंगे कूड़ेदान

## योजना पर नगर परिषद खर्च कर रही नौ लाख रुपये

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में नगर परिषद द्वारा सार्वजनिक स्थान पर रखा गया कूड़ेदान।

**नगर** परिषद शहर को साफ -सुथरा बनाने के लिए चलाई जा रही अलग-अलग योजनाओं के तहत प्रयासरत है। परिषद शहर के सार्वजनिक स्थानों पर गीला व सूखे कूड़े के लिए कूड़ेदान लगा रही है। ताकि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़े को खुले में न फेंका जाए। योजना पर परिषद की तरफ से नौ लाख रुपये के कूड़ेदान खरीदे गए हैं।

नगर परिषद स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर को गंदगी मुक्त बनाने के लिए आए दिन नये-नये तरीके अपना रही है। ताकि स्मार्ट सिटी में प्रदेश के अंदर उसकी रैंक पहले दस पायदान में आ जाए। शहर के वार्डों में सफाई अभियानों के तहत गंदे नाले, बरसाती नालों की सफाई कराना, सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदान रखवाना, शहर में स्थापित सार्वजनिक शौचालयों की नियमित साफ-सफाई करने पर जोर दिया जा रहा है। परिषद ने अब शहर के अंदर सार्वजनिक स्थानों पर गीले व सूखे कूड़े के लिए कूडेदान लगाने का अभियान शुरू किया है। जो सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जा रहे हैं।

### नगर में कहां-कहां लगेंगे कूड़ेदान

नगर परिषद के एमई सुशील ठाकरान ने बताया कि शहरी क्षेत्र में सुशील नगर, हरीनगर, बालूदा, शिव कॉलोनी, फ्रेंड्स कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी, नहर कॉलोनी, जखोपुर, नट व आईटीआई कॉलोनी, पहाड़ कॉलोनी, ठाकुरवाड़ा, कायस्तवाड़ा, नेहरू बाजार, बड़ा बाजार, शिव कुंड, राममंदिर, पुरानी सब्जी मंडी, गुरुद्वारा चौक, शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक, मंगलनगर आदि शहरी क्षेत्र शामिल हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदान लगाने के लिए नौ लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा शहर को सुन्दर बनाने के लिए अन्य कई योजनाएं लाई जा रही हैं।

# अगर आप भी इधर-उधर कचरा फैलाते हैं, तो हो जाएं सावधान

**गुरुग्राम।** अगर आप इधर-उधर कचरा फैलाने के आदी हैं तो सावधान हो जाइये। साथ ही अपनी इस आदत को बदल लीजिए। क्योंकि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा इधर-उधर कचरा फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है। ऐसा करने वालों पर जुर्माना किया जा रहा है।

बुधवार को सेक्टर-29 क्षेत्र में एक कार चालक को कचरा डालना महंगा पड़ गया। मौके पर मौजूद टीम ने कार चालक रजत सिंह पर 5000 रुपये का जुर्माना किया। जुर्माना करने वाली टीम के सदस्य जितेन्द्र ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ सेक्टर-29 में सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। तभी एक कार चालक ने अपनी गाड़ी से बाहर कचरा फेंक दिया। टीम ने मौके पर कार चालक को रोककर उसे ऐसा करने से मना किया और ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की अवहेलना करने पर उसका 5000 रुपये का चालान किया। टीम ने उसे समझाया कि शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें और इधर-उधर कचरा न फैलाएं। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) धीरज कुमार के अनुसार ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 तथा हरियाणा नगर निगम अधिनियम-1994 के तहत सड़कों, गलियों, ड्रेनेज, सीवरेज, खाली प्लॉट व सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाना दंडनीय अपराध है। ऐसा करने वालों पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाता है। उन्होंने गुरुग्राम वासियों से आह्वान किया कि वे न तो स्वयं इधर-उधर कचरा फैलाएं और न ही दूसरों को फैलाने दें। अगर कोई व्यक्ति कचरा फैलाता है, तो उसके बारे में नगर निगम को सूचित करके अपने सामाजिक दायित्व को निभाएं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 71 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत

**सोहना।** सोहना सदर थाना के गांव सिलानी में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 71 वर्षीय महिला समेत चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। वृद्ध महिला ने उपचार के दौरान अस्पताल में दमतोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गांव सिलानी निवासी विवेक तंवर पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने सदर थाना पुलिस को बताया कि सोमवार को उसकी 71 वर्षीय मां जयवती पास के गांव नंगला गई हुई थी। जिसे गांव का ही निवासी उधम सिंह बाइक पर बैठाकर घर लेकर आ रहा था। उधमसिंह घर के निकट पहुंचा, तभी रात के अंधेरे में अचानक से आए एक वाहन ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। उसकी मां जयवती और उधम सिंह बाइक समेत जमीन पर गिर गए। उपचार के दौरान मंगलवार सुबह उसकी मां जयवती ने दम तोड़ दिया।

# धानावास में अंडरपास ही बन गया लोगों के लिए बाधा

## रेलवे लाइन के साथ पहले था रास्ता अंडरपास बनने से हुआ बंद

## रेलवे व गुरुग्राम के अधिकारियों ने सुनी लोगों की समस्या

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के गांव धानवास के पास रेल लाइन के नीचे बनाया जा रहा अंडरपास।

**सामान्य** तौर पर अंडरपास तो सुविधा के लिए बनाया जाता है, लेकिन यहां अंडरपास के कारण लोगों को दुविधा हो गई है। जिले के गांव धानावास में बनाए गए अंडरपास के कारण 85 एकड़ जमीन के मालिकों के अपनी जमीन तक आने-जाने को रास्ता ही बंद हो गया है। क्योंकि उनका रास्ता रेलवे लाइन के साथ-साथ था। अंडरपास बनने से वह बंद हो गया। इसे लेकर ग्रामीणों ने रोष जाहिर किया तो प्रशासन व रेलवे के अधिकारियों ने ग्रामीणों से मुलाकात की।

बता दें कि दिल्ली-रेवाड़ी रेल लाइन पर गांव धानावास के पास रेलवे लाइन से इधर-उधर जाने को अंडरपास का हाल ही में निर्माण किया गया है। यह अंडरपास रेलवे लाइन के फाटक नंबर-35 पर बनाया जा रहा है। करीब ढाई करोड़ की लागत से अंडरपास का निर्माण 31 मार्च तक पूरा किया जाना है। इससे काफी ग्रामीणों का रेलवे लाइन के साथ-साथ आने-जाने वाला रास्ता बंद हो गया है। जिला उपायुक्त को दी शिकायत में भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार सुशील कुमार, रामअवतार, जोरावर सिंह, बाबू लाल, ईश्वर सिंह, हवा सिंह, जगदीश यादव आदि ने बताया कि रेलवे लाइन पर अंडरपास बनने से गांव धानावास के रेलवे लाइन से दूसरी ओर करीब 85 एकड़ भूमि के 20 किसानों का रास्ता अवरुद्ध हो गया है। जिसके कारण उनका गांव से भी सम्पर्क टूट गया है। उनके घरों में खड़े ट्रैक्टर, ट्राली, कार आदि वाहन भी नहीं ले जाए जा सकते। किसानों के मुताबिक जमीन से मुख्य रास्ते तक करीब 22 फीट का चोड़ा रास्ता है। जो अंडरपास बनने से बंद हो जाएगा। अंडरपास के साथ कुछ रास्ता छोड़ा जाए, जिससे कि वे घूमकर अपने खेतों तक पहुंच सकें।

किसानों ने अंडरपास बनने से बंद हुए रास्ते को खुलवाने के लिए रेलवे के डीआरएम दिल्ली डिविजन व अन्य आला अधिकारियों को पत्र लिखकर समाधान की मांग की थी। मामले की जांच के लिए जिला उपायुक्त ने एसडीएम पटौदी प्रदीप कुमार को अधिकृत किया है। बुधवार को मौके पर एसडीएम व रेलवे विभाग के एडीइएन प्रखर पांडे और उसकी टीम के कर्मचारी भी मौजूद थे।

# एटीएम में मदद के बहाने युवक ने लगाई एक लाख 14 हजार की चपत

**गुरुग्राम।** जिले के गांव मोहम्मदपुर निवासी एक व्यक्ति को एटीएम से रुपये निकलवाने के लिए अनजान युवक की मदद लेना भारी पड़ गया। युवक ने व्यक्ति की अज्ञानता का लाभ उठाकर उसके खाते से एटीएम कार्ड की मदद से 1,14,510 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए बयान में गांव मोहम्मदपुर निवासी सतबीर सिंह पुत्र जागेराम ने बताया कि 26 फरवरी को वह पीएनबी के मंडी गेट के पास लगे एटीएम से रुपये निकालने गया था। वहां रुपये नहीं निकले। इस दौरान एक अनजान लड़के ने सहायता करने के बहाने एटीएम बदल करके खाते से 1,14,510 रुपये निकाल लिए। वह मोबाइल घर पर ही भूल गया था। घर जाकर मोबाइल पर मैसेज देखा कि उसके खाते से मदद करने वाले लड़के ने एटीएम बदलकर रुपये निकल लिए। इस बारे में बैंक, पुलिस आदि को शिकायत दी है।

# केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन के तहत जारी की गई पुस्तक का विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जनस्वास्थ्य** विभाग ने जल जीवन मिशन द्वारा जारी की गई पुस्तक का सोहना विधायक संजय सिंह ने विमोचन किया। विधायक ने गांव से लेकर शहर के प्रत्येक घर में योजना के तहत पेयजल की आपूर्ति पर जोर दिया। विभाग के अधिकारियों ने विधायक को योजना को जल्द से जल्द सफल बनाने का आश्वासन भी दिया है।

सोहना विधायक संजय सिंह और जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सइएन प्रेम सिंघन ने केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना पर चर्चा की। मिशन पर विभाग द्वारा अब तक किए गए कार्यों से लेकर शेष कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में जिला गुरुग्राम तीन मार्च को सोहना विधान सभा क्षेत्र के विधायक कंवर संजय सिंह के साथ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा का एक बैठक आयोजन किया गया। ग्राम स्तर पर कार्य कर रही ग्राम एवं सीवरेज समिति के कार्यों के साथ विभाग द्वारा चलाई जा रही अन्य प्रत्येक योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया।


जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जल जीवन मिशन पर आधारित पुस्तक का विमोचन करते सोहना विधायक संजय सिंह और अन्य।

इस अवसर पर जिला सलाहकार संजय कुमार ने जल जीवन मिशन पर मुख्य कार्यालय द्वारा दी गई प्रस्तुतिकरण पर चर्चा की गई। बैठक के बाद जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सइएन प्रेमसिंघन ने उपभोक्ताओं को अपनी समस्या का निवारण करने के लिए टोल फ्री नंबर 18001805678 शिकायत दर्ज कराने को भी कहा। विधायक संजय सिंह ने योजना से प्रत्येक परिवार को जोड़ने से लेकर लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक के बाद विभाग व योजना के मुख्य सलाहाकार संजय कुमार ने जीवन मिशन पर आधारित एक पत्रिका भी भेंट की। जिसका विधायक संजय सिंह ने विमोचन करते हुए उपभोक्ताओं के लाभकारी बताया।

पायनियर
नईदिल्ली, बृहस्पतिवार, 4 मार्च, 2021



# इंटरनेट कंपनियों ने सड़क पर बना दिए एक फीट ऊंचे ढक्कन

**कविता। फरीदाबाद**

**इंटरनेट** का प्रयोग बढ़ने के साथ ही नेटवर्क सम्बंधित दिक्कतें आनी शुरू हो गईं। जिसे देखते हुए सभी कंपनियों ने अपनी लाइनें भूमिगत बिछानी शुरू कर दी हैं। कंपनियां नियम और कायदे कानून ताक पर रख विभिन्न तरह की अंडरग्राउंड लाइनें डाल रही हैं। वहीं इनके लिए जगह-जगह बनाए जा रहे बॉक्स भी सड़क से एक फीट ऊंचे बनाए जा रहे हैं। जिससे राहगीरों को परेशानियां झेलनी पड़ेंगी। स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी समेत विभिन्न सड़कों पर देखने को मिला।

जानकारी के मुताबिक स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी में एक निजी कंपनी की टावर के लिए लाइन डाली जा रही है। जिसके तहत निजी कंपनियां जगह-जगह अपने बॉक्स लगा रही हैं। सरकार द्वारा तय किए गए नियमों के मुताबिक पीएनजी, टेलीफोन अथवा इंटरनेट की अंडरग्राउंड लाइनों को डालने के लिए मैन्युअली खुदाई नहीं की जा सकती है। लाइन डालने के लिए मशीन से खुदाई करने का प्रावधान है।

मशीन काफी महंगी होने और इसके इस्तेमाल का खर्च काफी ज्यादा होने की वजह से कंपनियां दिखावे के लिए एक आध जगह मशीन से खुदाई कराती हैं। अन्य स्थानों पर मजदूरों को खुदाई करते और लाइन डालते हुए कहीं भी आम से देखा जा सकता है। वहीं दूसरी



तरफ नियमों के मुताबिक अंडरग्राउंड केबल जमीन में करीब डेढ़ मीटर गहराई पर डाली जानी चाहिए, लेकिन कंपनियों द्वारा ज्यादातर स्थानों पर एक मीटर से भी कम गहराई पर लाइनें डाली जा रही हैं।

वहीं निजी कंपनियों द्वारा लाइन डालने का काम नगर निगम के अधिकारियों की देखरेख में किया जाना चाहिए, लेकिन इन कामों के दौरान नगर निगम के संबंधित अधिकारी अपने स्वार्थ की वजह से न तो कभी मौके पर जाते हैं और न ही कंपनियों की कार्यप्रणाली पर नजर रखते हैं, लेकिन जिले में ऐसा कुछ भी नहीं है, सड़क किनारे जहां देखों वहां सड़क के अंदर केबल डालकर सड़क पर ही एक-एक फीट ऊंचे फाउंडरेशन बनाकर बॉक्स लगाए गए हैं।

## कॉलोनीवासी परेशान

**स्प्रिंग** फील्ड कॉलोनी में जिओ कंपनी द्वारा डाली गई भूमिगत केबल के बाद वहां किए गए होल पर एक-एक फीट ऊंचे ढक्कन लगाए गए हैं। जिस पर यदि गलती से कोई वाहन चालक चढ़ जाए तो उसे चोट लगना लाजमी है। ऐसे में कॉलोनीवासी परेशान हैं कि सड़क से एक-एक फीट ऊंचे ढक्कन से निकलना मुश्किलों भरा हो सकता है। ज्यादातर स्थानों पर काम पूरा होने के बाद मरम्मत नहीं कराई जाती। नगर निगम के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं देते।

# होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 स्थित पंचायत समिति कार्यालय में होली मिलन समारोह मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत भड़ाना चेयरमैन, जगदीश अधाना वाईस चेयरमैन पंचायत समिति फरीदाबाद, बीडीपीओ फरीदाबाद, एक्सईएन, डीडीपीओ फरीदाबाद, सुधीर नागर सरपंच, अमरपाल नागर वरिष्ठ भाजपा नेता, टिकूं सरपंच, पप्पू नागर सरपंच व सभी पंचायत समिति सदस्य, जिला पार्षद, बीडीपीओ स्टॉफ व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर भारत भड़ाना चेयरमेन और वाईस चेयरमैन जगदीश अधाना ने उपस्थित लोगों को चन्दन का तिलक लगाया और उनके साथ फूलों की होली खेली।

# लापरवाही : सीवर के पानी में बिजली निगम का कार्यालय डूबा

## कर्मचारियों ने कार्यालय में भरा गंदा पानी खुद ही निकाला

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**चावला** कॉलोनी स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली निगम स्थित सब डिवीजन सिटी टू के बेसमेंट में सीवर का पानी भर गया। बुधवार सुबह जब बिजली कर्मी दफ्तर पहुंचे तो पाया कि सीवरेज का बदबूदार पानी भर जाने के कारण दफ्तर का रिकॉर्ड, कंप्यूटर, बिजली की वायरिंग तक पानी में डूब गए। सीवर के गंदे पानी में दफ्तर में रखी फाइलें भींग गईं और उपभोक्ताओं से जुड़े जरूरी कागजात तक पानी में समा गए। कर्मचारियों ने आनन-फानन में खुद ही गंदे पानी को निकाला।

## स्वयं निकाला पानी

**सुबह** ड्यूटी पहुंचने पर सिटी-टू दफ्तर के प्रधान धीर सिंह बुखारपुरिया सहित कर्मचारियों ने आनन-फानन में मजबुरन खुद ही बदबूदार सीवर के पानी में उतर कर उसे बाहर निकालने का पुरजोर प्रयास किया, लेकिन कर्मचारियों के पास मौजूद हालात में कोई वैकल्पिक संसाधन न होने की वजह से अपनी कोशिशें करते हुए थक कर हताश हो गए। इस बारे में कर्मचारियों ने पूर्व में भी इसकी सूचना दफ्तर के एसडीओ को दी थी, लेकिन समय रहते उनकी सुनवाई नहीं की गई।



### बेसमेंट में सीवरेज का पानी

बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी में दक्षिण हरियाणा बिजली निगम का सब डिवीजन सिटी-टू का दफ्तर एक बेसमेंट में है। बेसमेंट में मंगलवार रात सीवर का पानी इस कदर घुसा कि दफ्तर का रिकॉर्ड, कंप्यूटर, बिजली की वायरिंग तक पानी में समा गए। सीवर का गंदा बदबूदार पानी भर जाने की वजह से बेसमेन्ट में रखे दफ्तर की फाइलें भीग गईं और उपभोक्ताओं से जुड़े जरूरी कागजात भी डूब गए। इस बात की जानकारी वहां तैनात कर्मचारियों ने दी। उन्होंने बताया कि पानी निकालने का वैकल्पिक संसाधन तक नहीं थे।

### कर्मचारियों का कथन

**कर्मचारियों** का कहना है कि अपने खस्ताहालों से जूझ रहे बिजली निगम के कई ऐसे दफ्तर बदहाली की कहानी बयां करते रहते हैं। किन्तु बिजली निगम है कि समय रहते इस ओर गम्भीर होकर कोई ध्यान नहीं देता और बाद में कर्मचारियों पर जिम्मेदारियां थोप कर अपनी गलतियों पर पर्दा डालने का काम बखूबी करते हैं। इसी तरह की वजहों से कर्मचारियों में आक्रोश की भावना उपन्न होती है।

## प्रभावित हो गया काम

**पानी** दोपहर तक न निकल पाने के कारण असुविधा की वजह से दफ्तर का काम भी प्रभावित रहा। वहीं दफ्तर के कर्मचारी पूरे दिन परेशान रहे। बिजली बिल व अन्य कामों से दफ्तर में आने वाले लोगों को वापस लौटने पड़ा। वहीं कर्मचारी यहां वहां चक्कर काटते रहे, लेकिन पानी निकासी का समाधान नहीं हो सका।

# गर्भावस्था में रखें मोटापे का ध्यान : डॉ. प्रेरणा सिंह

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदबाद**



**महिलाओं** में अक्सर गर्भावस्था के बाद ध्यान न देने पर वजन बढ़ जाता है। यह कहना है क्यूआरजी हेल्थ सिटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद में बैरिएट्रिक काउंसलर, डायबिटीज एजुकेटर एवं न्यूट्रिशनिस्ट, डॉ. प्रेरणा सिंह का।

उन्होंने बताया कि सुस्त जीवनशैली के कारण लोगों में मोटापे के समस्या बढ़ रही है। रोजाना 5-7 पेशेंट मोटापे की समस्या से ग्रस्त आते हैं। उनमें अधिकतर पेशेंट 30-60 साल की उम्र के होते हैं। वर्तमान समय में पुरुषों और महिलाओं दोनों में ही मोटापे की समस्या देखने को मिल रही है। पुरुष अपना ज्यादातर समय ऑफिस में बिताते हैं और अपनी फिजिकल एक्टिविटी पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। आज लोगों में मोटापा बढ़ने की वजह उनके द्वारा भोजन को लेकर की गई गलत विकल्प भी है। लोगों को लगता है कि वे बहुत ही हेल्दी खाना खा रहे हैं, लेकिन असलियत में वे हेल्दी खाना नहीं खा रहे होते हैं। कुछ लोग एक ही बार ज्यादा खाना खा लेते हैं और फिर काफी लम्बे समय तक भोजन नहीं लेते हैं। कम खाना खाने से कभी वजन कम नहीं होता है। शरीर के वजन को नियंत्रण में रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए रोजाना आहार में 1200 कैलोरी काफी होता है, लेकिन आजकल लोग अपने आहार में प्रतिदिन 1800-2000 कैलोरी का सेवन कर जाते हैं जिससे उनके वजन में वृद्धि हो रही है। आवश्यकता से अधिक तनाव लेने, पर्याप्त मात्रा में नींद न लेने के कारण भी वजन बढ़ रहा है। आजकल बच्चे गेम्स खेलने के लिए लम्बे समय तक मोबाइल फोन पर लगे रहते हैं और शारीरिक क्रियाएं नहीं करते हैं तो इस कारण बच्चों का भी वजन बढ़ रहा है।

पहले के मुकाबले आज बच्चों का पढ़ाई का ज्यादा तनाव है। आज लोगों का रुझान तले-भुने व मसालेदार फास्ट फूड की तरफ ज्यादा है जिससे तेजी से वजन बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इससे बचाव के लिए रात्रि के खाने के बाद कम से कम 15 मिनट घूमना चाहिए। दो बिस्किट दो रोटी के बराबर माने जाते हैं इसलिए बिस्किट और स्नेक्स ज्यादा न लें। फुल क्रीम मिल्क का सेवन भी कम करें क्योंकि इसमें फैट की मात्रा ज्यादा होती है।

# संक्षिप्त समाचार

## भारतीय खेल प्राधिकरण ने किया वेबीनार




**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भारतीय खेल प्राधिकरण लखनऊ क्षेत्रीय केंद्र उत्तर प्रदेश के द्वारा कम आयु के खिलाड़ियों को कुशल व्यवहार, स्पीड दौड़, लम्बीकूद और बाधा दौड़ में तैयार करने के वेबीनार सेमिनार के माध्यम से जानकारी दी गई। वेबीनार सेमिनार में हर्ष पेरुमल ने बताया कि कम आयु के बच्चों की खानपान देखभाल करके दौड़ और कूद इवेंट में हल्का अभ्यास कराया जाए और उनका उत्साह बढ़ाने का कार्य करें। जिससे उचित आयु में आने पर अच्छे खिलाड़ी के रूप में तैयार हो सकें। डॉक्टर कल्याण चौधरी ने कम आयु के बच्चों को खेल के क्षेत्र में तैयार करने के लिए विभिन्न विषयों पर अपना संज्ञान दिया। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि वेबीनार में हरियाणा राज्य से 15 से ज्यादा प्रशिक्षकों ने भाग लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत के यूथ कोच वजीर सिंह फोगाट झज्झर, सत्यवीर धनखड़, फरीदाबाद, अनु भाटी फरीदाबाद, गौरव फरीदाबाद, घनश्याम फरीदाबाद, सूरज भाटी फरीदाबाद,पवन कुमार हिसार, राजेश कुमार भिवानी, अजय कुमार सोनीपत, राजीव जोशी सोनीपत, लवकुश भडाना फरीदाबाद, बीरबल दूहन जींद, यशपाल चोपड़ा पंचकुला, सुरेन्द्र ढुल मुंढाल भिवानी आदि मुख्य रूप से वेबीनार में शामिल रहे।

## पार्क की बदहाली देख विधायक ने जताई नाराजगी



**फरीदाबाद।** एनआईटी-86 के विधायक नीरज शर्मा ने निगम अधिकारियों के साथ स्वर्गीय रणबीर सिंह हुड्डा लैजरवैली पार्क का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर मुकेश शर्मा, मुख्य अभियंता बीके कर्दम, कार्यकारी अभियंता, एसडीओ व जेई होटिकल्चर भी उपस्थित थे। विधायक शर्मा को लैजरवैली पार्क के निरीक्षण के दौरान जगह-जगह ट्रैक और टाइलें टूटी और पार्क में लगे झूले टूटे मिले। शौचालयों और पार्कों में भी गंदगी देख विधायक ने नाराजगी प्रकट की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पार्क के चारों तरफ बड़ी-बड़ी सूखी घास भी काटने और प्रतिदिन घास को पानी देने को भी कहा। उन्होंने निगम के अधिकारियों से पार्क की दुर्दशा में सुधार करने के भी निर्देश दिए। विधायक नीरज शर्मा ने मुख्य अभियंता को कहा कि लैजरवैली पार्क में एक बोर्ड लगाया जाए और पार्क में कार्यरत जिस-जिस सफाई कर्मचारी और माली की ड्यूटी है उसका नाम और मोबाइल नंबर अंकित किया जाए। पार्क में कार्यरत सफाई कर्मचारी और माली की ड्यूटी कहीं और न लगाई जाए। उन्होंने कहा कि अपनी निजी ग्रांट से भी इसमें लगभग 17 लाख रुपये दिये हैं ताकि पार्क में सुधार हो सके। निगम के मुख्य अभियंता बीके कर्दम ने विधायक से पार्क में जो भी असुविधाएं हैं उनमें सुधार लाने के लिए 20 दिन का समय मांगा है और कहा कि जल्द ही निगम की कोशिश रहेगी पार्क में सुधार देखने को मिले।

## इनेलो युवा जिलाध्यक्ष ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन



**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के युवा इनेलो अध्यक्ष रवि बैंसला ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैंसला आप पार्टी के जिलाध्यक्ष धरमवीर भड़ाना के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश प्रभारी, राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता से मिले और विधिवत रूप से पार्टी का दामन थामा। मौके पर आम आदमी पार्टी के दक्षिण जोन प्रभारी ब्रजेश नागर उनके साथ उपस्थित रहे। सुशील गुप्ता ने रवि बैंसला को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में पार्टी मजबूती के साथ लोगों के बीच सामाजिक मुद्दों और लोगों की समस्याओं को उठा रही है। प्रदेश में होने वाले पंचायत एवं निकाय चुनावों में पार्टी मजबूती से लड़ेगी, इसके लिए सभी कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर उन्हें पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों से अवगत करा रहे हैं। आप जिलाध्यक्ष धरमवीर भड़ाना ने कहा कि हरियाणा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है, लोग अब एक ऐसे विकल्प की तलाश में हैं जो गरीब जनता के हक की आवाज उठा सके। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हर कार्यकर्ता का मान सम्मान करती है। रवि बैंसला ने पार्टी में शामिल होने पर कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियों और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व से वह बहुत प्रभावित हैं। पार्टी जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपेगी पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उसका पालन करेंगे।

## मोमैजिक फाउंडेशन का कोराना के खिलाफ अभियान जारी




**फरीदाबाद।** सिडकुल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, उत्तराखंड और मोमैजिक फाउंडेशन ने मिलकर इंफ्रा रेड थर्मामीटर का वितरण किया। सिड़कुल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, उत्तराखण्ड के एचसी गर्ग, उनकी टीम और अरुण गुप्ता (डायेरक्टर, मोमैजिक फाउंडेशन) ने हरिद्वार में कुम्भ के मेले के उपलक्ष्य में मिलकर इंफ्रा रेड थर्मामीटर का वितरण किया। मामैजिक फाउंडेशन पहले भी ऐसे कई प्रकार सराहनीय कार्य कर चुकी हैं। मोमैजिक फाउंडेशन लगातार जरूरतमंद संस्थाओं को इंफ्रा रेड थर्मामीटर का वितरण पहले भी कर चुकी है और लगातार इंफ्रा रेड थर्मामीटर का वितरण करती आ रही है। इस शुभ कार्य में विनय गुप्ता (बिजनेसमैन, फरीदाबाद) एवं मैन्युफैक्चरिंग एसोसियसेशन के सदस्य भी सम्मिलित थे।

## धार्मिक एवं सामाजिक संगठन का कार्यालय किया सील



**फरीदाबाद।** नगर निगम आयुक्त के आदेश पर अधिकारियों ने बुधवार सुबह दशहरा ग्राउंड में स्थित धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के कार्यालय को सील कर दिया। समाजसेवी एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य आनंदकांत भाटिया ने इस मामले में गतदिवस डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से शिकायत की थी। जिसके बाद नगर निगम की तरफ से यह कार्रवाई की गई है। आनंदकांत भाटिया ने मंगलवार को सेक्टर 12 में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में इस संदर्भ में समिति के अध्यक्ष एवं डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि संगठन ने नगर निगम की जमीन पर कब्जा करके अवैध तरीके से इमारत का निर्माण कराया हुआ है। जिसमें संगठन का कार्यालय तो चल ही रहा है। इसके साथ ही इस परिसर को शादी और पार्टी के लिये बैंक्वेट हॉल के रूप में किराये पर देकर राजस्व की वसूली की जा रही है। आनंदकांत की शिकायत पर डिप्टी सीएम ने निगमायुक्त यशपाल यादव को कार्रवाई करने के आदेश दिये थे। जिसके तहत नगर निगम के कर्मचारी सुबह संगठन के कार्यालय पर पहुंच गए। संगठन सामान बाहर निकलवाने के बाद निगम कार्यालय को सील कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास भी किया, लेकिन निगम अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी।

# डीईओ ने किया गांव कौराली स्कूल का दौरा



**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

गांव कौराली स्थित स्कूल का जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ गांव के सरपंच सुरेन्द्र बौहरे व मौजिज लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर सरपंच सुरेन्द्र बौहरे ने गांव में आगमन पर जिला शिक्षा अधिकारी का बुके देकर स्वागत किया गया।

शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने कहा कि वह पूरे जिले के सरकारी स्कूलों का भ्रमण कर उनकी समस्याओं को जान रही हैं साथ ही जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है उन स्कूलों में शिक्षा विभाग से शिक्षकों की मांग की जाएगी। कोरोना काल के बाद स्कूल में अधिक बच्चों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। साथ ही सभी स्कूलों के कमरों को सैनेटाइज किया जा रहा है। बच्चों के बुखार व शरीर के तापमान को मापा जा रहा है। कोरोना को लेकर सभी प्रकार की सावधनियां फरीदाबाद के सरकारी स्कूलों में बरती जा रही हैं। इस अवसर पर राजेश भाटी पीटीआई, खैमी ठाकुर, अखै सिंह भाटी, पूर्व मेयर डॉ. अतर सिंह, सीएम भडाना, चौधरी अतर सिंह मौजूद थे।

# वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का जल्द हो समाधान : डीसीपी

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**पुलिस** आयुक्त कार्यालय में पुलिस उपायुक्त डॉ. अर्पित जैन की अध्यक्षता में आयोजित वरिष्ठ नागरिक सर्वोच्च कमेटी की बैठक में पुलिस उपायुक्त ने वरिष्ठ नागरिकों को आने वाली समस्याओं का तुरंत निपटारा करने और उन्हें समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम अपराजिता, रिटायर्ड सेशन जज आरएस बसवाना, रिटायर्ड आईपीएस एमएस श्योराण, जिला अग्रणी बैंक वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. अभिल्य मिश्रा के अलावा एचएस मलिक, डॉ. अजय गर्ग, अशोक नेहरा, जेपी मल्होत्रा, एचएल भूटानी, एसएस मलिक, जेएम शर्मा और मोहन सिंह भाटिया शामिल थे।

पुलिस उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि थाना स्तर पर गठित वरिष्ठ नागरिक कमेटी थाना क्षेत्र में अकेले रह रहे वृद्धजनों की सूची तैयार करके उनकी समस्याओं का निपटारा कराएं। बैठक में शामिल वृद्धाश्रमों और वरिष्ठ



नागरिक क्लबों के अध्यक्षों ने अपने सुझाव भी साझा किए जिस पर पुलिस उपायुक्त ने संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी से प्राप्त वृद्धाश्रमों की सूची में दर्शाए गए ताऊ देवीलाल वृद्ध आश्रम में क्षमता से अधिक वृद्ध रहते पाए गए और वहां पर सुविधाओं के अभाव की जानकारी भी पुलिस आयुक्त को दी गई। वृद्धाश्रम के लिए ग्रांट भी मांगी गई थी जो बार-बार रिजेक्ट हो रही थी जिस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त ने रिजेक्शन का कारण पता करके ग्रांट के लिए पुन: आवेदन करने के निर्देश दिए और साथ ही फोर्टिस अस्पताल के प्रबंधन से तालमेल करके सीएसआर के अंतर्गत ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम को मेडिकल सुविधाएं देने के लिए गोद लिए जाने के बारे में चर्चा की गई।

एचएस मलिक व डॉक्टर अजय गर्ग ने अध्यक्ष को अवगत कराया की पिछले 4 वर्षों से प्रशासन और दक्ष फाउंडेशन द्वारा वृद्धजनों के लिए प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी 14 अप्रैल को इसका आयोजन किया जाएगा जिस पर पुलिस आयुक्त ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला रेडक्रॉस और वरिष्ठ नागरिक सेल को निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का भाग लेना सुनिश्चित किया जाए।

# बीमारियों से बचाव को पेट्स का किया टीकाकरण

**फरीदाबाद।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही पेट्स में बीमारी होने की संभावना बढ़ रही है। राजकीय पशु चिकित्सालय में पिछले 3 दिनों में इस तरह के 40 के करीब केस सामने आए है। जिसमें बेसहारा देसी कुत्तों में जानलेवा बीमारी पारवो वायरस व फूड प्वाइजनिंग के ज्यादातर मामले सामने आए हैं। पिछले 3 दिन में 40 बेसहारा पेट्स को राजकीय पशु चिकित्सालय बल्लभगढ़ में भर्ती करके उनका उचित इलाज करके बेजुबान को जीवनदान दिया है।

पशु चिकित्सालय की टीम ने अथक मेहनत ने लगातार प्रयास करते हुए 40 बेसहारा पेट्स का जीवन बचाया। पशु चिकित्सालय की टीम में डॉक्टर सचिन धनखड़, वीएलडीए डॉक्टर राजबेल देशवाल व सदस्य रिंकू, सौरव आदि ने सभी बेजुबानों का नि:शुल्क उपचार किया। इस बारे में राजकीय पशु चिकित्सालय बल्लभगढ़ के इंचार्ज डॉक्टर सचिन धनखड़ व वीएलडीए डॉक्टर राजबेल देसवाल ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही पेट्स में वायरस का प्रकोप बढ़ जाता है।

# लिंगानुपात सुधार में बेहतर प्रयास करने के दिए निर्देश

## डॉ. गुप्ता ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रशासन को निर्देश दिए

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**लंबित** शिकायतों के समाधान सहित अन्य योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिये जिला के सम्बंधित विभाग के अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाह पूरी ईमानदारी से करें।

यह निर्देश सीएमजीजीए के परियोजना निदेशक डॉ. राकेश गुप्ता ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रशासन को दिए। जिला प्रशासन की टीम उपायुक्त के मार्गदर्शन में सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियांवयन कर रहा है। परियोजना निदेशक डॉ. राकेश गुप्ता ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ई-ऑफिस, अंत्योदय सरल केंद्र, पीएनडीटी, पोक्सो एक्ट, सक्षम हरियाणा, आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री स्कूल शिक्षा,



प्ले स्कूल व सीएम विंडो से संबंधित पहलुओं पर समीक्षात्मक बैठक ली जिस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रशासन की गतिविधियों को परियोजना निदेशक डॉ. राकेश गुप्ता के साथ सांझा किया।

डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि जिला टीम वर्क के साथ सरकार की योजनाओं को मूर्त रूप दे रहा है। उन्होंने अंत्योदय सरल पार्टल पर जिला की समीक्षा करते हुए सरकारी सेवाओं के डिजीटल स्वरूप के साथ आमजन तक पहुंचाने को कहा साथ ही जिले में बाल व मातृत्व के कुपोषण के स्तर को बनाये रखने बारे कड़े निर्देश दिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी तन्मयता के साथ जिला प्रशासन आमजन तक सरकारी सेवाओं को प्रदान करने में सक्रियता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि अंत्योदय सरल केंद्रों के माध्यम से आमजन को सरकारी सेवाओं का ऑनलाईन लाभ प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने खुशी जताई कि डिजिटल प्लेटफार्म से विद्यार्थियों को शैक्षणिक माहौल प्रदान करने में जिला टीम प्रभावी रूप से कार्य कर रही है। अब निर्धारित नियमों का पालन करते हुए शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता परक शिक्षा पर पूरा जोर दिया जा रहा है। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री स्कूल शिक्षा व प्ले स्कूल संचालन संबंधित गतिविधियों की रिपोर्ट भी ली गई।

परियोजना निदेशक ने लिंगानुपात सुधार की दिशा में उठाए जा रहे कदमों पर ओर बेहतर कार्य करते रहने को कहा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरकार योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर धन खर्च कर रही है, अधिकारियों को चाहिए कि वे इनके क्रियान्वन में अधिक से अधिक रुचि लें। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तन्मयता से लिंग जांच करने वालों पर नजर रखते हुए कार्रवाई कर रही है। उन्होंने सिविल सर्जन, पीएनडीटी के नोडल अधिकारी सहित पूरी टीम को निरंतर लिंग जांच करने वालों पर नकेल कसते हुए रेड करने के आदेश दिए। बैठक में फरीदाबाद प्रशासन द्वारा सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों व समस्याओं का निराकरण करने में पूरी सजगता बरतने के लिए प्रेरित किया।

# कोरोना : 20 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46528

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जिले** में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन भी सर्तक हो गया है, बुधवार को जिले में 12 कंटेनमेंट जोन नए बनाए गए। जिसमें एनआईटी-3-5, ग्रीन फिल्ड कॉलोनी, सेक्टर-7, सेक्टर-49 सैनिक कॉलोनी, सेक्टर-28, सेक्टर-8, सेक्टर-14, सेक्टर-15, संजय कॉलोनी, सेक्टर-16, सेक्टर-17 और सेक्टर-11 शामिल है।

बुधवार को पिछले दिनों के मुकाबले 20 मामले सामने आए। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा 46528 पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ 9 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में रिकवरी रेट एक प्रतिशत घटकर 99 से 98.9 प्रतिशत पर पहुंच गया। बुधवार को 1442 सैम्पल जांच के लिए भेजे गए।




### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 543644 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46528 |
| अब तक नेगेटिव | : 495841 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1275 |
| ऑक्सीजन पर है | : 1 |
| अब तक मौत | : 417 |
| अब तक ठीक | : 1442 |

20 पॉजिटिव में सेक्टर-8, अटाली, सैनिक कॉलोनी, सेक्टर-11, एनएच-5 से 1-1 मरीज और सूरजकुंड, सेक्टर-15, सेक्टर-46, से 2-2 मरीज है। वहीं सेक्टर-21, सेक्टर-28, सेक्टर-31 से 3-3 मरीज शामिल हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 4 मार्च, 2021



# भीषण गर्मी की आहट

## जलवायु परिवर्तन का असर

**जलवायु** परिवर्तन का खतरा वास्तविक है और इसे स्वीकार न करना हमें अपरिहार्य समस्याओं से सुरक्षा नहीं देगा। यदि फरवरी के अंतिम कुछ दिनों में बढ़ते तापमान और असाधारण मार्च की आशंका आपको चिन्तित कर रही है तो इसका कारण यह है कि भारत के अधिकांश उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी भाग सामान्य रूप से दो-तीन सप्ताह पहले ही 30.0 सी मानक पर पहुंच गए हैं। भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी के अनुसार इस साल देश को सामान्य की अपेक्षा ज्यादा गरम मौसम का सामना करना पड़ेगा। उसने पूर्वानुमान लगाया है कि दिन का तापमान भारत के उत्तरी, उत्तरपूर्वी व पश्चिमी भागों में मार्च से मई के बीच 0.860सी अधिक होने की संभावना है। इसका सबसे बुरा प्रभाव ओडिशा व छत्तीसगढ़ पर पड़ेगा जहां अधिकतम तामपान सामान्य तापमान से 0.860सी अधिक रह सकता है। पिछले सप्ताह भुवनेश्वर पहला क्षेत्र था जिसने देश में कहीं भी रिकार्ड 40.0सी मानक दर्ज कराया। आने वाले दिनों में दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सामान्य से 0.460सी से 0.710सी से अधिक तापमान का सामना कर सकते हैं। पिछले महीने आईएमडी ने कहा था कि जनवरी में देश में पिछले 62 साल में महीने का अधिकतम तापमान दर्ज किया और दक्षिण भारत खासतौर से बहुत गरम था। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि हम जाड़े का कम समय अनुभव करते हैं और भयानक गरमी की चेतावनी हमारे सामने है। वर्तमान जलवायु परिवर्तन पर सरकारी रिपोर्ट में इस शताब्दी के अंत तक वर्तमान तथा भावी परिदृश्यों का अनुमान लगाया



गया है। इसमें कहा गया है कि भारत को युद्धस्तर पर ग्रीनहाउस गैसों-जीएचजी उत्सर्जन पर रोक लगानी होगी। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ ट्रापिकल मेटीरियोलोजी-आईआईटीम की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा करने में विफलता का परिणाम भयानक लू, सूखा, बादल फटने, बाढ़ तथा तटीय रेखा पर अस्थिरता के रूप में सामने आ सकता है। चिन्ताजनक रूप से भारत के औसत तापमान में 1901-2018 के बीच लगभग 0.70सी की वृद्धि हुई। यदि जीएचजी उत्सर्जन को 2070 व 2099 के स्तर पर रोकने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए जाते हैं तो निकट अतीत, यानी 1976-2005 के औसत से तापमान में 4.40सी की वृद्धि हो सकती है। उच्च जीएचजी उतसर्जन से धरती के सतह की गरमी प्रति वर्ग मीटर 8.5 वाट बढ़ सकती है जिसे आरसीपी 8.5 कहा जाता है। दुनिया भर के जलवायु माडलों के अनुसार यह स्थिति सबसे खराब होगी। आरसीपी 4.5 कहे जाने वाले औसत जीएचजी उत्सर्जन परिदृश्य में भारत में शताब्दी के पिछले 30 वर्षों की तुलना में तापमान में 2.70सी की वृद्धि होगी। इसके पहले मझोले उत्सर्जन परिदृश्य में भारत के औसत तापमान में 2040-2069 में 2.0सी की वृद्धि होगी और यह उच्च उत्सर्जन परिदृश्य में 2.40सी हो सकती है। सभी देशों द्वारा 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के अंतर्गत प्रतिज्ञा करने के बावजूद वर्तमान उत्सर्जन दुनिया को सबसे बुरे परिदृश्य की ओर ले जा रहे हैं, जबकि विकास के अन्य रास्ते न केवल उपलब्ध हैं बल्कि मझोले व दीर्घकालीन दृष्टिकोण से आर्थिक रूप से ज्यादा आकर्षक हैं। इसलिए हमारे सामने एकमात्र विकल्प पर्यावरण की रक्षा करना है। ऐसा न होने पर विनाश होगा जिसके प्रभाव पहले ही इस ग्रह पर दिख रहे हैं और वह टूटने के कगार पर पहुंच रहा है। इसका सबसे नजदीकी उदाहरण उत्तराखंड की चमोली त्रासदी तथा टेक्सास का 'बिग फ्रीज' है। यह इस ग्रह पर मौजूद जनता, हर बिजनेस व हर उद्योग की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वह जलवायु परिवर्तन से संघर्ष करे ताकि हम अपने बच्चों के लिए मरते ग्रह के बजाय ज्यादा हरित व स्वच्छ दुनिया छोड़ कर जाएं।

# किसान आंदोलन पर उठते सवाल

मीडिया के कुछ हिस्से कृषि मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं, पर यह किसानों के लिए आजीविका व अस्तित्व का सवाल है।



**इंद्रशेखर सिंह**
(लेखक कृषि व पर्यावरण क्षेत्र में कार्यरत हैं)

आम के पेड़ों पर बौर आ रहे हैं, आसमान में पतंगे उड़ रही हैं, गुलाबी फूल खिल रहे हैं और नई दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद कुछ किसान खामोशी से वसंत का स्वागत कर रहे हैं। गाजीपुर बार्डर से टीकरी बार्डर तक गर्म हवा पीले प्लास्टिक टेंटों से गुजर कर नए मौसम तथा किसान आंदोलन के नए चरण का संदेश दे रही है। किसान नेता राकेश टिकैत के आंसुओं से उत्तर प्रदेश व राजस्थान के किसानों में आंदोलन मजबूत हुआ तथा तब से बहुत कुछ हो चुका है। लाखों भक्त हरिद्वार व प्रयागराज में पवित्र गंगा में स्नान कर चुके हैं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बाबत कई बार आश्वासन दे चुके हैं कि तीन कृषि कानून किसानों व बिजनेस के लिए अच्छे हैं। लेकिन दुनिया के किसान उनकी बातों से सहमत नहीं हैं। हाल ही में अमेरिका के बड़े किसान समूह, जैसे, अग्रेरियन ट्रस्ट, नेशनल फार्मर्स यूनियन व 87 अन्य संगठनों ने किसान आंदोलन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने का अंतरराष्ट्रीय आंदोलन शुरू किया है। कनाडा के 50 से अधिक संगठनों ने आंदोलन का समर्थन किया है। वे अपने जन प्रतिनिधियों के माध्यम से भी यह 'अन्याय' समाप्त करवाने के लिए दबाव डाल रहे हैं। उनकी आलोचना 1960 के दशक से अमेरिका में जारी बाजारोन्मुख कृषि नीतियों से पैदा परेशानियों के कारण है। यह अब 'रिहाना या ग्रेटा जैसी अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेलेब्रिटीज़' द्वारा प्रेरित 'देशद्रोह' या 'भारत की संप्रभुता पर हमले' या 'अंतरराष्ट्रीय षडयंत्र' के बजाय सच्ची वैश्विक एकजुटता का मामला बन गया है जो नस्ल या धर्म से आगे जाता है।

बंदी और कर्ज ने लाखों अमेरिकी किसान परिवारों को नष्ट किया है। ग्रामीण अमेरिका में आत्महत्याओं और निर्भरता फैली है, जबकि बड़ी कृषि कंपनियां प्रगति कर रही हैं। यह स्थिति न केवल पुरानी पीढ़ी, बल्कि सिवरीन फ्लेमिंग जैसे युवा किसान नेताओं की भी है जिन्होंने किसान आंदोलन का समर्थन किया है। कार्पोरेट मीडिया को छोड़ कर ये सभी सुधारों के पीछे बड़े कृषि बिजनेसों का अदृश्य हाथ देख रहे हैं। भारत में बड़ी कृषि बिजनेस कंपनियां आने के लिए तैयार हैं और एग्री-डालरों के लिए भारतीय किसानों को बलिदान किया जा सकता है। भारत में किसान अमेरिका से मिलने वाले समर्थन से खुश हैं। फसल कटाई का मौसम आने के कारण उनमें से कुछ वापस लौट गए हैं और संघर्ष की अपनी कहानियों को गांवों व खेतों तक ले गए हैं, जबकि कुछ अन्य किसान दिल्ली की सीमाओं पर आ रहे हैं। मीडिया की खबरों के अनुसार हरियाणा में सैकड़ों गांवों ने आंदोलन में शामिल होने के लिए हर घर से एक आदमी भेजने का वादा किया है। किसान आंदोलन भयानक गरमी के लिए तैयार हो रहा है। हालांकि, मीडिया विमर्श में केन्द्र सरकार का पक्ष पूरी तरह मौजूद है और सरकार किसानों को अपने पक्ष में लाने में सफल हो सकती है। लौटते हुए किसानों की सहायता से उनकी यूनियनों व नेताओं ने अपना आधार दिल्ली की सीमाओं से आगे तक फैलाया है। यूट्यूब वीडियो व स्वतंत्र नागरिक पत्रकारों ने देश भर में आंदोलन के अपडेट भेजे हैं। हरियाणवी किसानों का एक गाने की ट्यून लोकप्रिय हो रही है, 'मोदी जी हम दिल्ली आ गए'। इसका प्रचार बंगाल से राजस्थान के युवा किसानों में हो रहा है। गंगानगर से केरल तक किसान यूनियनों ने पिछले तीस दिनों में लाखों लोगों को संबोधित किया है। अब आंदोलन परिपक्व स्तर पर पहुंच गया है और इसका तेजी से विस्तार हो सकता है। अब सरकार इनको 'मुट्ठी भर किसान' नहीं कह सकती है, जैसा कि जनवरी में कहा जा रहा था। अब कहा जा रहा है कि 'भीड़ निर्धारित काम नहीं करती है।' यह आंदोलन अब न केवल किसानों, बल्कि जमीन पर काम करने वाले लोगों का भी प्रतिनिधित्व करता है जिनमें प्रवासी कामगार, श्रमिक, शहरी मंडियों के कामगार व व्यापारी शामिल हैं। यह एक प्रकार से एकीकृत ग्रामीण भारत है जो कार्पोरेट कार्रवाई का विरोध कर रहा है। इस बीच सरकार ने येल्तिसिन के रूस के बाद सार्वजनिक उद्यमों के निजीकरण का सबसे बड़ा दौर शुरू कर दिया है। कोई नहीं जानता कि तेल के दाम आसमान क्यों छू रहे हैं। टैक्सों और सेस का भार मध्यवर्ग पर क्यों डाला जा रहा है और दिल्ली की सड़कें इसके बावजूद गड्ढों से भरी हैं। बढ़ते तेल मूल्यों का सीधा असर खेती की लागत पर पड़ता है और इससे एमएसपी की गणित गड़बड़ा जाती है। भारत में खाद्य पदार्थो के दाम भी बढ़ रहे हैं। भारतीय कृषि उत्पादों ने अत्यधिक सब्सिडी वाले अमेरिका जैसे देशों से होने वाले आयात का मुकाबला करने के लिए संघर्ष किया है। लेकिन कृषि क्षेत्र में यह स्थिति जल्द ही बदल सकती है जिसका बोझ ग्रामीण भारत और लाखों लोगों के जीवन पर पड़ेगा। इतिहास स्वयं को दुहरा सकता है और इसकी राख से नए जमींदारों का एक ऐसा वर्ग पैदा हो सकता है जो हर दाने से मुनाफा कमाने का प्रयास करेगा। अमेरिका इसका बहुत अच्छा उदाहरण है जहां चार निगमों का 80 प्रतिशत खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण है और सभी उत्पादों का 50 प्रतिशत बेकार हो जाता है।



किसान आंदोलन भयानक गरमी के लिए तैयार हो रहा है। हालांकि, मीडिया विमर्श में केन्द्र सरकार का पक्ष पूरी तरह मौजूद है और सरकार किसानों को अपने पक्ष में लाने में सफल हो भी सकती है। लौटते हुए किसानों की सहायता से उनकी यूनियनों व नेताओं ने अपना आधार दिल्ली की सीमाओं से आगे तक फैलाया है। अब यह आंदोलन परिपक्व स्तर पर पहुंच गया है। इसका तेजी से विस्तार हो सकता है।

किसान आंदोलनकारियों की मांग है कि केन्द्र सरकार को कृषि कानून समाप्त कर तथा किसानों से वार्ता फिर शुरू कर रास्ता ठीक करने का प्रयास करना चाहिए। उनका आंदोलन अब केवल देश का आंतरिक मामला नहीं है और विदेश मंत्रालय इस राजनयिक मुद्दे से निपट रहा है। एक देश के रूप में हमें याद रखना चाहिए कि यदि भारत में लोकतंत्र कमजोर होगा तो दुनिया में हमारी छवि भी खराब होगी। मीडिया का एक हिस्सा इसे एक कृषि मुद्दे के रूप में प्रचारित करता है जिससे समाज में घृणा का माहौल बन सकता है। लेकिन देश विदेश के किसानों के लिए यह आजीविका और अस्तित्व का सवाल है। किसान आंदोलन को जनता के व्यापक समर्थन की आवश्यकता है क्योंकि यह उनकी आत्मा और रोटी का मामला है।

# स्वास्थ्यरक्षा में स्थान बनाती एआई तकनीक



**केएम चेरियन**
(लेखक पद्म श्री पुरस्कार विजेता एवं कार्डियोथेरेसिक सर्जन हैं)

आज की दुनिया में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से घिरे हैं, जो विज्ञान कथा से लेकर स्थानीय अस्पतालों तक हर जगह अपना आवेदन पाता है। एआई चिकित्सा पेशेवरों को नियमित कार्यों से छुटकारा दिलाता है और रोगियों के लिए चिकित्सा प्रक्रियाओं को सुरक्षित और पॉकेट के अनुकूल बनाता है। इसके अलावा, एआई निर्देशित मशीनें सटीक सर्जरी करने में भी सक्षम हैं और पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करती हैं, जो मनुष्यों के लिए असुरक्षित हैं। चिकित्सा प्रणालियों में, वेबसाइटों के लिए कॉल सेंटर के कर्मचारियों का स्थान चैटबॉट द्वारा बदल दिया गया है जो जानकारी के साथ कॉल करने और प्रश्नों का प्रबंधन करने के लिए प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) का उपयोग करते हैं।

विभिन्न अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में एआई प्रौद्योगिकियों जैसे फजी प्रणाली, बायेसियन नेटवर्क, कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क और स्मार्ट हाइब्रिड सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। चिकित्सा में एआई को दो उपप्रकारों में विभेदित किया जा सकता है - आभासी और वास्तविक। शारीरिक खंड रोबोटिक्स के साथ काम करता है जो प्रक्रियाओं में मदद करता है, उदाहरण के लिए विकलांग लोगों और बुजुर्गों के उपचार के लिए स्मार्ट प्रोस्थेटिक्स। इंटरएक्टिव घटक मरीजों के लिए देखभाल के फैसलों में इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड सिस्टम से लेकर न्यूरल नेटवर्क-आधारित गाइड तक के अनुप्रयोगों से लेकर हैं।

सर्जिकल वातावरण में एआई-पावर्ड रोबोट का उपयोग बढ़ रहा है। रोबोटिक्स तकनीक को कई क्षेत्रों में लागू किया जा सकता है जो सीधे रोगी देखभाल को प्रभावित करते हैं। उनके कुछ अनुप्रयोगों में रोगी कमरे और ऑपरेटिंग सेट कीटाणुरहित करना और रोगियों और चिकित्सा कर्मियों के लिए जोखिम कम करना शामिल है।

उनका उपयोग प्रयोगशालाओं में नमूनों और परिवहन, विश्लेषण और उन्हें स्टोर करने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा, रोबोट लैब सहायक उस बर्तन का ठीक से पता लगा सकता है जिसमें से रक्त को ले जाने की आवश्यकता होती है और मरीजों को दर्द और चिंता किए बिना नमूना निकालता है, जो कई बार सुई चुभाने से बहुत परेशान होते हैं जो डॉक्टर या नस अच्छी नस खोजने के लिए करते हैं। एआई सॉफ्टवेयर प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल डॉक्टरों को उन रोगियों की पहचान



करने में भी मदद करता है जिन्हें अतिरिक्त उपचार की आवश्यकता होती है और विशिष्ट प्रोटोकॉल होते हैं। इसका उपयोग चिकित्सा के अंतर्गत चिकित्सकों द्वारा टिप्पणी करने, रोगी की बातचीत की समीक्षा करने आदि के लिए किया जाएगा।

कोविड-19 महामारी ने दुनिया को बदल दिया है और हमारे समाज की कई परतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। सीमावर्ती कार्यकर्ता और विशेष रूप से जो रोगियों के साथ सीधे संपर्क में रहे हैं वे प्रमुख जोखिम के संपर्क में हैं। कोरोनावायरस के प्रसार को कम करने और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और रोगियों की सुरक्षा के लिए, चिकित्सा सेवाओं को काफी हद तक प्रतिबंधित कर दिया गया था, जिसमें ऐच्छिक सर्जरी को रद्द करना भी शामिल था। इससे रोगियों के लिए पर्याप्त बोझ और विभिन्न अस्पतालों के लिए आर्थिक नुकसान हुआ। यह इस तरह की स्थितियों में है कि एआई-रोबोट सर्जरी सर्जिकल संस्करणों को बनाए रखने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है, जबकि एक ही समय में शारीरिक संपर्क में आने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बिना रोगियों पर परिचालन प्रक्रियाओं द्वारा संक्रमण के डर को कम कर सकता है।

कोरोनावायरस के बारे में बात करते समय, यह उल्लेख करना अनिवार्य है कि एआई का उपयोग करके इसके पैटर्न का अनुमान लगाने में कुछ हद तक संकट को कम करने में मदद मिली। उदाहरण के लिए, ब्लूडॉट, एक कनाडाई संगठन जो संक्रामक रोग पूर्वानुमान में विशेषज्ञता रखता है, ने कई बिंदुओं से आंकड़े एकत्र करने के लिए एआई का उपयोग किया। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के ऐसा करने से पहले ही कोविड-19 के फैलने और आसपास के लोगों को सचेत करने में सक्षम था। इसी तरह, सिंगापुर में स्थित एक कृत्रिम बुद्धि युक्त चैटबॉट, जिसका नाम एसजीडोर्मबोट है, ने प्रवासी श्रमिकों के बीच लक्षणों की सामूहिक जांच में मदद की है।

महामारी ने उपचार मार्गों में सुधार और संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए रोगियों की तेजी से जांच और परीक्षण की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला है। नियमित रूप से ऑर्डर किए गए परीक्षणों और महत्वपूर्ण संकेतों के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) तक पहुंचने के लिए यहां एआई का उपयोग, आपातकालीन विभागों और अस्पताल में प्रवेश इकाइयों में स्क्रीन रोगियों के लिए एक प्रभावी उपकरण का उत्पादन कर सकता है।

ईएचआर से एकत्र किए गए डेटा को पहनने योग्य तकनीक जैसे स्मार्ट घड़ियों या मोबाइल स्वास्थ्य ऐप और चिकित्सा उपकरणों से डेटा के साथ पूरक किया जा सकता है। स्वास्थ्यरक्षा प्रणाली के भीतर कृत्रिम बुद्धि के संभावित अनुप्रयोग के साथ, यह सवाल बना हुआ है कि यह कार्यबल को कैसे प्रभावित करेगा। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट के अनुसार, 50 प्रतिशत कंपनियों का कहना है कि स्वचालन से 2022 तक पूर्णकालिक कर्मचारियों की संख्या में कमी आएगी और 2030 तक दुनिया भर में रोबोट 800 मिलियन श्रमिकों की जगह ले लेंगे।

इसके अलावा, लिपिक प्रक्रियाओं के स्वचालन से स्वास्थ्य प्रणाली के गैर-नैदानिक कार्यबल पर प्रभाव पड़ सकता है। रेडियोलॉजी जैसे विशेषता जहां इमेजिंग रिपोर्ट को स्वचालित किया जा सकता है और एआई एल्गोरिदम द्वारा उत्पादित किया जा सकता है।

बेशक, रोगियों और उनके बीमाकर्ताओं के लिए डेटा साझा करने और गोपनीयता के निहितार्थ की नैतिकता बहस योग्य है। जैसे ही हम,द्ब के साथ एक बहादुर नई दुनिया में प्रवेश करते हैं, यह कुछ लाभों और सीमाओं को पूरा करता है।

## आप की बात

### कमजोर कर वसूली व्यवस्था

**मध्य** प्रदेश की ग्राम पंचायतों में टैक्स वसूली सिस्टम बहुत ही कमजोर है। यहां तक कि सक्षम लोग भी समय पर टैक्स अदा नहीं करते है। ग्राम पंचायतों में नियुक्त कर्मचारियों पर कार्यभार अधिक होने से वे चाहते हुए भी टैक्स वसूली पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते हैं। शासन को ग्रामीण क्षेत्र में करों की वसूली हेतु कोई पुख्ता मॉडल विकसित करना चाहिए। ग्रामीण जनता को भी जागरूक करने की आवश्यकता है। शासन द्वारा प्राप्त विभिन्न मदों में प्राप्त अनुदान राशि से गांवो में समुचित रूप से व्यवस्था करना संभव नहीं हो पाता है। ग्रामीणों को यह अहसास कराना होगा कि करो से प्राप्त आय द्वारा ही स्ट्रीट लाइट, नल जल योजना, सार्वजनिक सुविधा घरों का रखरखाव एवं साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था की जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्र की जनता से टैक्स वसूली हेतु कमीशन बेसिस पर ग्राम के युवाओं को नियुक्त कर सार्थक पहल की जा सकती है। इन युवकों द्वारा घर घर दस्तक देकर टैक्स वसूली के साथ-साथ करो कि नियमित अदायगी हेतु लोगों के बीच जन जागरूकता के द्वारा वातावरण का निर्माण भी किया जावे। ग्राम स्वराज्य की अवधारणा तभी सार्थक हो सकती है जब लोग अपने कर्तव्यों का निर्वाह जिम्मेदारी पूर्वक करें।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### बढ़ती कीमतें, बेबस लोग

**सरकार** को चुनाव प्रचार की चिंता है व इलेक्शन में करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा देंगे लेकिन महंगाई पर, बढ़ते पेट्रोल के दामों पर ध्यान नहीं देते। अब महंगाई का झटका तो यकीनन ही लोगों की परेशानी और बढ़ा रहा है। एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बीते एक महीने के दौरान चौथी बार इजाफ़ा हुआ है, हाल ही में इसकी कीमत 25 रुपये बढ़ाई गई है। इसके साथ ही 4 फ़रवरी से 1 मार्च तक रसोई गैस सिलेंडर 125 रुपये महंगा हो चुका है। वहीं कुल मिलाकर अकेले फ़रवरी के महीने में ही एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये का इजाफ़ा देखा गया था। इस वर्ष जनवरी में एलपीजी की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई परन्तु दिसंबर के महीने में इसमें 50 रुपये की वृद्धि की गई थी। जिसके बाद से अब तक कुल मिलाकर दामों में 175 रुपये का इजाफ़ा किया गया है। एलपीजी की कीमतों में ताज़ा हुई वृद्धि सब्सिडी और गैर सब्सिडी, दोनों उपभोक्ताओं पर लागू होंगी। लिहाजा सभी ग्राहकों को एक एलपीजी सिलेंडर के लिए बाज़ार मूल्य यानी ताज़ा कीमत के अनुसार 819 रुपये का ही भुगतान करना पड़ता है। चिंतापूर्ण विषय यह है कि पेट्रोल-डीजल और एलपीजी के बाद अब सीएनजी और पीएनजी की कीमतें भी आसमान छू रही हैं।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

### तीसरी लहर की चेतावनी

**कोरोना** की सहमी वापसी के बीच सीएसआईआर ने तीसरी लहर को लेकर जो चिंता प्रकट की है उसे नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। सामुदायिक प्रतिरोध की क्षमता का विकास ताजा हालातों में जरूरी है। दिशा निर्देशों को अमल में नहीं आदत में लाना होगा अन्यथा समूची मानवता संकटपूर्ण स्थिति से घिर जाएगी। देश में पिछले साल 1 सप्ताह में कोरोना वायरस के संक्रमण में तेजी आई है। कई राज्यों में तेजी से आंकड़े बढ़ रहे हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान परिषद की चेतावनी को समझने के प्रयास होना चाहिए।परिषद ने आगाह किया है कि कोविड-19 अभी खत्म नहीं हुआ है और अगर इसकी तीसरी लहर आती है तो उसके गंभीर परिणाम होंगे। वैक्सीन की खोज और लगते टीको के बावजूद परिषद ने सामुदायिक प्रतिरोधक क्षमता हासिल करने के साथ ही सामाजिक दूरी का पालन और मास्क की अनिवार्यता पर फोकस किया है। नए संक्रमण के बावजूद आज के हालात हमारी सतर्कता नहीं जताते। बदकिस्मती से अगर तीसरी आती है तो इसकी मुख्य वजह हमारी लापरवाही ही होगी।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**मंगलवार** की सुबह तक लगभग 40 लाख लोगों ने कोविड-19 वैक्सीन के लिए कोविन पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत कराया है।

– **डॉ हर्षवर्धन**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



**आईएसएफ** के साथ गठजोड़ मूल वैचारिकता व उस गांधीवादी पंथनिरपेक्षतावाद के विरुद्ध है, जो कांग्रेस की आत्मा का निर्माणकर्ता है।

– **आनंद शर्मा**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता



**हमारे** पास एक प्रदेश का प्रभार है, और हम कोई भी निर्णय अनुमति के बगैर अपनी इच्छा से नहीं लेते हैं।

– **अधीर रंजन चौधरी**
कांग्रेस नेता

# हमारी नीति और नीयत साफ इसीलिए जनता हमारे साथ

## बीमारू राज्य की छवि से उबरा है उत्तर प्रदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है पिछले चार वर्षों में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का सृजन हुआ है। चार साल पहले जिस प्रदेश को देश और दुनिया में बीमारू कहा जाता था जो भारत का सबसे बड़ा राज्य होने के बाद भी अर्थव्यवस्था के पैमाने पर 5 वें पायदान पर था। जहां युवा पलायन को मजबूर था। आज उसकी प्रगति और उसकी नीतियां अन्य राज्यों के लिए नजीर बन रही हैं। 2015-16 में 10.90 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी वाला राज्य समन्वित प्रयासों से आज 21.73 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी के साथ देश मे दूसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन कर उभरा है। राज्य वही है संसाधन वही हैं काम करने वाले वही हैं, बदली है तो बस कार्यसंस्कृति। पिछली सरकारों की तरह अब यहां परिवार केंद्रित योजनाएं नहीं बनतीं, बल्कि किसान, नौजवान, महिला और गरीब वर्तमान सरकार की नीतियों के केंद्र में है। सरकार की नीति और नीयत साफ है और यही वजह है कि जनता सरकार के साथ है।

सीएम योगी ने कहा इतनी बड़ी आबादी वाले प्रदेश का बजट पिछली सरकारों के समय महज 2 लाख करोड़ का होता था यह ऊंट के मुंह मे जीरा जैसा था। जब बजट ही नहीं होगा तो काम कैसे आगे बढ़ेगा। कोई दूरदर्शिता नहीं थी, कोई विजन नहीं था। आज वही यूपी है जहां चार साल पहले प्रति व्यक्ति आय 45000 रुपये थी। आज 95000 रुपये है। यह है परिवर्तन। आज की सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर भी ध्यान देती है ताकि औद्योगिक निवेश आए और ईज ऑफ लिविंग के लिए भी संकल्प के साथ काम कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के 6 साल के कालखण्ड को छोड़ दें तो कभी ईज ऑफलिविंग के बारे में न केंद्र न प्रदेश ने कभी सोचा।

### राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा यूपी का बजट

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सर्वविदित है कि कोरोना का समय देश और दुनिया के लिए असाधारण रहा। कोरोना से हर कोई प्रभावित रहा। हमारा राजस्व भी। बावजूद हमने बेहतर वित्तीय प्रबंधन किया। वित्तीय अनुशासन को बनाते हुए लोक कल्याण के कार्यों को जारी रखा। इन्हीं असाधारण परिस्थितियों में पेश सर्वसमावेशी और हर तबके के कल्याण को ध्यान में रखकर बजट पेश किया। यह बजट भी खुद में असाधारण रहा। यह मैं और सत्ता पक्ष नहीं, लोग और विशेषज्ञ कह रहे हैं। हर तबके ने बजट को सराहा है। फिक्की जैसे औद्योगिक संगठनों ने भी प्रशंसा की। पूर्व मुख्य सचिव ने भी बजट की तारीफकी है तो चेयरमैन सीआईआई ने कहा कि यह प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है। एसोचैम के प्रेसिडेंट ने कहा कि जो कुछ बेहतर हो सकता था सरकार ने किया है। यह सर्वोत्तम बजट है। फिक्की की पूर्व अध्यक्ष महिला चैप्टर ने महिला बाल विकास की योजनाओं को मील का पत्थर बताया। योगी ने कहा कि बजट पर प्रतिक्रिया देने वाले यह सभी लोग गैर-राजनीतिक हैं। इनके आकलन को यूहीं दरकिनार नहीं किया जा सकता। अभ्युदय योजना का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि अब इस योजना में युवाओं को टैबलेट दिए जाएंगे। इस योजना की मांग अन्य राज्यों में खूब हो रही है।

**कोरोनाकाल में धैर्य के साथ लोककल्याण के पथ पर बढ़ते रहे**

कोरोनाकाल की चुनौतियों का जिक्र करते हुए सीएम ने राष्ट्रकवि दिनकर की पंक्तियां भी पढ़ीं। सच है विपत्ति जब आती है, कायर को ही दहलाती है। सूरमा नहीं विचलित होते, क्षण एक नहीं धीरज खोते, को पढ़ते हुए कहा कि कोविड काल में प्रदेश ने यह धैर्य और साहस बनाये रखा। दूसरे प्रदेशों से घर वापसी करने वाले हर प्रवासी श्रमिक को स्थानीय स्तर पर ही उसकी दक्षता के अनुसार रोजी-रोजगार मुहैया कराया।



## किसानों को गुमराह कर रहा है विपक्षः योगी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में किसानों के हितों में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया। मुख्यमंत्री ने कृषि बिल पर विपक्षी दलों के हल्ला मचाने पर सवाल खड़े किये और कहा किसानों को गुमराह मत करें। किसानों का हित हमारी प्राथमिकता और प्रतिबद्धता है। हमने औरों की तरह चीनी मिलें बन्द नहीं कीं बल्कि चलाई हैं। हमने गेहूं, धान और गन्ने का रिकॉर्ड भुगतान किया है। वह भी समय से पूरी पारदर्शिता के साथ। इसके बाद भी हम किसान विरोधी, यह कहाँ का अर्थशास्त्र है? तथ्यों और तर्कों के साथ यह सीधा सवाल मुख्यमंत्री ने विपक्ष से पूछा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्ट्रेक्ट खेती कोई नई नहीं है। बैद्यनाथ कम्पनी कब से यह कर रही है। यह तो किसानों की आय बढ़ाने का साधन है। आप किसानों को गुमराह मत कीजिये। यह किसानों के साथ अन्याय है। मण्डियों को ई.नाम से जोड़ा जा रहा है। हम जो कहते हैं, वह करते हैं। हमने कैबिनेट की पहली बैठक तब तक नहीं की जब तक कि किसानों का कर्जा माफ करने की पूरी नीति नहीं बना ली। यह दावा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में दशकों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया जा रहा है। मंडिया भी चलेंगी और मुक्त बाजार में भी किसानों की उपज बिकेगी। एमएसपी से अधिक जहां मिले किसान बेचे।

**हर जिले में कृषि विज्ञान केंद्र बनाए:** मुख्यमंत्री ने राज्य में कृषि उपज बढ़ाने के लिए हर जिले में कम से कम एक कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित कराने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमने किसान को तकनीक से जोड़ा। खेती के विविधीकरण का प्रयास किया। सिंचाई के लिए मुफ्त पानी की व्यवस्था भी की है। खाद्य प्रसंस्करण के लिए प्रावधान किये गए हैं। नाबार्ड से रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। यह सब बजटीय प्रावधान किसानों के लिए है। मुख्यमंत्री ने पीएम किसान सम्मान योजना का भी उल्लेख किया और कहा कि प्रदेश के 2 करोड़ 42 लाख किसान इससे लाभान्वित हैं। कृषक दुर्घटना बीमा का दायरा बढ़ाया गया। बटाईदार और उसका परिवार भी इससे लाभान्वित हो सकेगा।



### गन्ना किसानों के मुद्दे पर सपा का वाकआउट

#### विधान सभा प्रश्नकाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** सभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्यों ने गन्ना किसानों के सवाल पर सदन से वाकआउट किया। नेताप्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार किसान विरोधी है तभी तो उसने तीन बार से गन्ना समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाया, यह कहते हुए सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि सपा सदस्य किसान हित की बातों पर न तो चर्चा करना चाहते हैं और न ही सुनना चाहते हैं। इसलिए वह सदन से वाकआउट कर गए हैं। प्रश्नकाल में सपा सदस्य नरेंद्र सिंह वर्मा ने जानना चाहा कि प्रदेश में खाद, कीटनाशक, डीजल, कृषि यंत्रों, मजदूरी आदि के मूल्यों में बढ़ोत्तरी के कारण गन्ने के उत्पादन की लागत बढ़ गयी है? वित्तीय वर्ष 2020-21 में किसानों की बढ़ी हुई लागत के दृष्टिगत क्या सरकार गन्ना मूल्य को बढ़ाने पर विचार करेगी? गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गन्ना उत्पादन में आने वाली लागत, वैकल्पिक फसलों के समर्थन मूल्यॉ चीनी उत्पादन लागत, चीनी मिलों को सह उत्पादों से प्राप्त होने वाले लाभॉ चीनी एवं अन्य सह उत्पादों के बाजार मूल्य तथा हितबद्ध पक्षों को सुनते हुए सुसंगत पहलुओं पर विचार कर कृषकों के व्यापक हितों के दृष्टिगत औचित्यपूर्ण निर्णय लेते हुए पेराई सत्र के लिए गन्ने का परामर्शित गन्ना मूल्य घोषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सम्यक विचारोपरान्त पेराई सत्र 2020-21 के लिए राज्य परामर्शित मूल्य घोषित कर दिया गया है। जिसमें अगेती प्रजाति 325 रूपए प्रति कुन्तल, सामान्य प्रजाति 315 रूपए और अनुपयुक्त प्रजाति 310 रूपए प्रति कुन्तल है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

### लाकडाउन के कारण वायु गुणवत्ता में हुआ सुधार

**लखनऊ।** प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री दारा सिंह चौहान ने विधान सभा में कहा कि उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लॉकडाउन के दौरान आगरा, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, नोयडा, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, हापुड़, मुजफ्फगर एवं ग्रेटर नोयडा में संचालित परिवेशीय अनुश्रवण केन्द्रों के माध्यम से वायुगुणता अनुश्रवण का कार्य किया गया। अनुश्रवण केन्द्रों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2019 लाकडाउन के पूर्व की तुलना में अप्रैल 2020 लॉकडाउन अवधि में वायुगुणता सूचकांक एक्यूआई में सुधार परिलक्षित हुआ है। यह सुधार 27.3 प्रतिशत बुलन्दशहर से 66.2 प्रतिशत लखनऊ के मध्य पाया गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा अप्रैल 2020 लॉकडाउन अवधि के दौरान प्रमुख नदियों गंगा, यमुना, रामगंगा एवं हिण्डन की जलगुणता का अनुश्रवण कराया गया। गंगा नदी के जल में अप्रैल 2020 में अप्रैल 2019 लाकडाउन के पूर्व की तुलना में प्रदूषण भार नापने के प्रमुख प्रचालक बीओडी के मान में 4.2 से 42.9 प्रतिशत, यमुना नदी के जल में 9.1 से 38.5 प्रतिशत, रामगंगा नदी के जल में 16.1 से 46.7 प्रतिशत एवं हिण्डन नदी के जल में 9.1 से 70.9 प्रतिशत की गिरावट पायी गयी है। उक्त के प्रमुख कारणो में से एक कारण नदियों के जल बहाव में वृद्धि होना भी है। विधान सभा सदस्य आजाद अरिमर्दन ने सरकार से जानना चाहा कि कोरोना वैश्विक महामारी में किये गये लॉकडाउन में प्रदेश में प्रदूषण वायु, जल आदि का स्तर कम हुआ है? क्या सरकार स्वच्छ हुए पर्यवारण को शुद्धता के स्तर पर बनाये रखने के लिए कोई ठोस योजना बनायेगी?

### सपा ने उठाया बेरोजगारों के उत्पीड़न व अवैध कब्जों का मामला, किया वाकआउट

#### विधान परिषद की कार्यवाही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में बुधवार को सपा ने प्रदेश में हो रहे बेरोजगारों के उत्पीड़न और जमीनों व संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इन दोनों ही मुद्दों पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से वाक आउट किया। वहीं कांग्रेस ने बिजली विभाग में व्याप्त अनियमितता के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए विरोध स्वरूप सदन से वाकआउट किया। इससे पहले बुधवार को सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में से प्रारम्भ हुई। प्रश्न प्रहर प्रारम्भ होने पर बसपा के सदस्य अतर सिंह राव ने जनपद मेरठ के अन्तर्गत मेरठ.दिल्ली मार्ग पर संचालित बसों के बस मालिकों की खराब आर्थिक स्थिति के कारण बसों के विक्रय के संबंध में परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अशोक कटारिया से प्रश्न किया। अनुपूरक प्रश्नों मेंसदस्य ने कुछ जानकारी चाही जिस पर सभापति ने मंत्री से इसे दिखवा लेने के निर्देश दिए। सपा के सदस्य बासुदेव यादव ने जनपद कौशाम्बी में धान क्रय केन्द्र खोले जाने तथा किसानों को क्रय किये गए धान का भुगतान किए जाने के संबंध में प्रश्न किया। अन्य सदस्यों ने भी अनुपूरक प्रश्न किए। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी ने यह चिन्ता व्यक्त की कि खरीद केन्द्रों में बोरो की कमी की बात बता कर अधिकारी धान की खरीद को लम्बित कर रहे हैं और किसानों को परेशान कर रहे हैं। जिस पर सभापति ने निर्देश दिए कि बोरे की कमी के करण खरीद प्रभावित न हो इसको मंत्री दिखवा लें।

शून्य काल में सपा के अहमद हसन, आषुतोष सिंन्हा, वासुदेव यादव एवं अन्य सदस्यों ने प्रदेश में बेरोजगारों का उत्पीड़न किए जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर बासुदेव यादव, राजेश यादव एवं नेता विरोधी दल ने विचार व्यक्त किए। नेता सदन एवं श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण सपा के सभी सदस्यों ने सदन का त्याग किया। सभापति ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए।

बसपा के दिनेश चन्द्रा, अतर सिंह राव,ए सुरेश कुमार कश्यप, महमूद अली एवं भीमराव अम्बेडकर ने जनपद मैनपुरी के ग्राम सोनई के अनुसूचित जाति के पट्टेदारों की भूमि को भू.माफियाओं व राजस्व अधिकारियों द्वारा हड़पने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर भीमराव अम्बेडकर ने अपने विचार व्यक्त किए। मंत्री डा महेन्द्र सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। कांग्रेस के दीपक सिंह ने विद्युत विभाग में व्याप्त अनियमितता के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर दीपक सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण कांग्रेस के सदस्य ने सदन का त्याग किया।

शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के एकल स्थानान्तरण प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू किए जाने के संबंध में सूचना दी। इसी विषय से संबन्धित निर्दलीय समूह के डाण् आकाश अग्रवालए राजबहादुर सिंह चन्देल की नियम.110 की सूचना को उक्त सूचना के साथ सम्बद्ध किया गया। सूचना की ग्राहय्ता पर शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त किए। निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चन्देल एवं डा आकाश अग्रवाल ने प्रदेश में कोरोना को दृष्टिगत रखते हुये परीक्षा केन्द्रों का सही ढंग से निर्धारिण किए जाने के संबंध में सूचना दी। सपा के नरेश चन्द्र उत्तम, जितेन्द्र यादव, संजय लाठर एवं अन्य सदस्यों ने प्रदेव में अवैध कब्जा करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई कराए जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर सपा के जितेन्द्र यादव, बलवन्त रामूवालिया, नरेश उत्तम, राकेश यादव एवं नेता विरोधी दल ने अपने विचार व्यक्त किए। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण सपा के सभी सदस्यों ने सदन का त्याग किया। अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए।

## संवैधानिक संस्थाओं के प्रति होनी चाहिए श्रद्धा व आस्थाः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में बुधवार को कहा कि संवैधानिक पदों और उन पर बैठने वालों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में सम्मान होना चाहिए क्योंकि यह एक व्यक्ति नहीं होता है वह संस्था है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति आयेंगे जायेंगे संस्थाओ को रहना है। उन संस्थाओ पर हमारे संसदीय लोकतंत्र की पूरी आधारशिला टिकी हुई है और उन्हीं के दम पर हम भारत की भव्यता की संकल्पना को आगे बढ़ा सकते है। इसलिए कोई भी दल हो, सत्तापक्ष हो या विपक्ष हो या किसी भी सदन का सदस्य हो, संविधान के प्रतिए संवैधानिक संस्थाओं के प्रतिए संवैधानिक प्रतीकों के प्रति श्रद्धा और आस्था होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री उच्च सदन में बजट पर चर्चा के दौरान सदन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर भारतीय के मन में चाहे जो भाव हो उसकी उपासना अलग हो सकती है, धर्म पद्धति अलग हो सकती है लेकिन जब उत्तर से दक्षिण तक पूरब से पश्चिम तक तक हम भारत के बारे में सोचते हैं तो हमारा एक ही राष्ट्रीय धर्म होना चाहिए कि यह देश हमारा है और देश की एकता, अखण्डता, अक्षुणता को बनाये रखने के लिए जब भी हमे अवसर मिलेगा तो हम पूरी ईमानदारी के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने सभापति इस बात के लिए आभार प्रकट किया कि उन्होंने उच्च सदन में बजट पर सरकार का पक्ष रखने का उन्हें अवसर प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं धन्यवाद देता हूं अपने नेता विरोधी दल को जिन्होंने बड़ी सहजता और सरलता के साथ यहां पर अपने विचार रखे है। मेरी हार्दिक इच्छा थी कि मैं नेता विरोधी दल की पूरी बात को सुनूं और सरकार का पक्ष अपने वक्तव्य के माध्यम से रखूं लेकिन मैं विधान सभा में होने के कारण यहां पर समय से नहीं आ पाया। इससे पहले भोजनावकाश के पश्चात् सदन की बैठक अपराह्न 3 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। कार्य सूची की मदों को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया।

नेता विरोधी दल अहमद हसन ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय व्ययक पर जारी चर्चा में भाग लेते हुए कहा यह सरकार फर्जी वादों, फर्जी घोषणाओं की है। इस सरकार में किसान पूरी तरह बर्बाद हो गया, नौजवानों को नौकरियां नहीं मिल रही है। अपराधों में निरन्तर बढोतरी हो रही है, बिजली के दामों में बढोतरी हो रही है।

## मोदी सरकार की कथनी और करनी में भारी अंतरः प्रमोद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि हम दो, हमारे दो के नारे को अमलीजामा पहनाते हुए कोविड-19 की वैश्विक महामारी में मोदी द्वारा दिया गया संदेश कि आपदा को अवसर में बदलो, पूरी तरह चरितार्थ हुआ है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार जहां गुजराती गौतम अडाणी की सम्पत्ति वर्ष 2020 में 100 प्रतिशत बढ़ी वहीं दूसरे गुजराती मुकेश अंबानी की सम्पत्ति में वर्ष 2020 में 24 प्रतिशत का इजाफा हुआ और वे एशिया महाद्वीप के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए।

तिवारी ने कहा है कि एक तरफ स्विस समझौते का उल्लंघन करते हुए चीन ने क्रूरता पूर्वक हमारे निहत्थे 20 जांबांज जवानों को शहीद किया तब प्रधानमंत्री ने संदेश दिया था कि चीनी सामान का बहिष्कार करो। जनता से तो उन्होंने यह कहा, परन्तु उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार ठीक इसके उल्टा कर रही है और चीन से फरवरी माह तक आयात 7 प्रतिशत बढ़ा, जबकि फरवरी माह में निर्यात 0.25 प्रतिशत नीचे गिरा। इससे स्पष्ट हो जाता है कि मोदी सरकार की कथनी और करनी में कितना अंतर है। उन्होंने कहा कि आखिर मोदी की कौन सी मजबूरी है कि वे चीन के राष्ट्राध्यक्ष को झूला भी झुलाते हैं, वीर जवानों के शहीद होने पर कठोर संदेश भी नहीं देते हैं तथा न ही चीन की मुखर आलोचना ही करते हैं, आखिर क्यों, ऐसी क्या मजबूरी है।

### गुड़ महोत्सव छह मार्च से, सीएम करेंगे उद्घाटन

**लखनऊ।** प्रदेश में गन्ना विकास विभाग द्वारा राज्य गुड़ महोत्सव 2021 का आयोजन 6 व 7 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जायेगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव गन्ना संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुड़ उत्पादकों को उत्तम गुणवत्ता के गुड़ और उसके सह उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ ही गुड़ के सह उत्पादों व गुड़ के औषधीय लाभों के प्रति जन जागरूकता का प्रसार करना है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए श्री भूसरेड्डी ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत गुड़ विशेषज्ञ गुड़ उत्पादन की नवीन तकनीकी के बारे में गुड़ उत्पादकों के साथ चर्चा करेंगे। साथ ही गुड़ के लाभ और उसके औषधीय गुण तथा गुड़ व उसके सह.उत्पादों के निर्यात की सम्भावनाओं और गुणवत्ता में सुधार पर विस्तार से जानकारी प्रदान की जायेगी।

## विधानसभा चुनाव में अब सपा अकेले मैदान में उतरेगीः अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सिद्धांततः भाजपा और कांग्रेस का रास्ता एक है। भाजपा कांग्रेस की ज्यादा नकल कर रही है। समाजवादी पार्टी का रास्ता दोनों से अलग है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश की जनता को बहुत निराश किया है। लोग अब समाजवादी पार्टी की तरफ उम्मीदों भरी नज़रों से देख रहे है। अखिलेश यादव ने कहा कि समय में बहुत बदलाव आया है। बड़े दलों से काफी अनुभव हुए हैं। समाजवादी पार्टी सन्2022 के विधानसभा चुनाव में अब अकेले मैदान में उतरेगी। समाजवादी पार्टी छोटे दलों को साथ लेकर चुनाव लड़ेगी। वह विकास, खुशहाली, रोजगार, न्याय और सम्मान को चुनावी मुद्दा बनाएगी। जनता जानती है कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने ईमानदारी से काम किया था। समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो किसान, नौजवान सहित समाज के सभी वर्गों के हितों की पूर्ति होगी। महिलाओं को सुरक्षा मिलेगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रदेश में पांच साल पूरे होने को है। इसके 5 बजट आ चुके हैं। भाजपा ने जो चुनावी संकल्प पत्र जारी किया था, उसमें किए गए वादे भी पूरे नहीं हुए है। चार साल में भाजपा सरकार ने समाजवादी पार्टी के कामों का नाम बदलने के अलावा कुछ नहीं किया। । उन्होंने कहा कि वैश्विक बीमारी कोविड.19 के दौर में भी भाजपा सरकार का कामकाम असंतोष जनक रहा। भाजपा की आदत है कि वह जानबूझकर बुनियादी मुद्दों पर बहस नहीं करना चाहती है। अखिलेश ने कहा कि संसद में भाषा मर्यादित और संयमित होनी चाहिए। लोकतंत्र में सत्तापक्ष के साथ विपक्ष की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेकिन सत्ताधीशों को विपक्ष की परवाह नहीं है। सांसद मोहम्मद आजम खां पर दर्जनों फर्जी केस लगा दिए गए है। समाजवादी पार्टी उनके साथ है। अर्थव्यवस्था बुरी स्थिति में है। भाजपा सरकार कोई काम नहीं कर पाई है, जनता को 2022 का इंतजार है।

**तृणमूल कांग्रेस के समर्थन में प्रचार अभियान चलाएगी सपा**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को भ्रमित कर रहे हैं। उनके मुख्यमंत्रित्वकाल की कुनीतियों ने यूपी का सत्यानाश कर दिया है। श्री यादव ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं से अपील की है कि भाजपा के झांसे में न आयें। भाजपा नफरत की राजनीति करती है। उससे सतर्क रहना लोकतंत्र के हित में है। भाजपा चुनाव के दौरान भ्रम और प्रोपेगंडा फैलाकर सत्ता पर काबिज होना चाहती है। समाजवादी पार्टी भाजपा की यह साजिश सफल नहीं होने देगी। अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी की जीत के लिए समाजवादी पार्टी की ओर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा तृणमूल कांग्रेस के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान चलायेंगे।

### कांग्रेस की तरह बीजेपी सरकार में भी दलित सुरक्षित नहींः मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने हाथरस कांड को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरह बीजेपी सरकार में भी दलितों, शोषितों व महिलाओं आदि के जान-माल व आत्म-सम्मान कतई भी सुरक्षित नहीं हैं। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि यूपी सरकार में वैसे तो हर प्रकार के अपराध चरम पर होने से अपराध नियंत्रण का काफी बुरा हाल है, किन्तु खासकर दलित व महिला उत्पीड़न-असुरक्षा की आए दिन होने वाली दर्दनाक व शर्मनाक घटनाओं से हर तरफचिन्ता की लहर है। ऐसे संगीन मामलों में भी सरकार की असंवेदनशील व लापरवाही अतिदुखद। मायावती ने आगे लिखा कि यूपी के हाथरस में महिला उत्पीड़न व पिता की हत्या तथा गुजरात में दलित आरटीआई कार्यकर्ता की निर्मम हत्या यह साबित करती है कि कांग्रेस पार्टी की तरह बीजेपी सरकार में भी दलितों, शोषितों व महिलाओं आदि की जान-माल व आत्मसम्मान कतई भी सुरक्षित नहीं है।

## मुख्यमंत्री का बयान युवाओं और बेरोजगारों के साथ धोखाः लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि आज विधानसभा में बजट प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने जो-जो तर्क और तथ्य सदन में रखे वह पूरी तरीके से झूठए गुमराह करने वाला और सदन की गरिमा को तार तार करने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने अपने झूठ से प्रदेश की मंहगाई, बेरोजगारी, बदहाल कानून व्यवस्था से त्रस्त जनता का अपमान किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री का सदन में यह बयान कि 98.7 प्रतिशत गन्ना किसानों के बकाये का भुगतान कर दिया गया है पूरी तरीके से झूठ का पुलिन्दा है। उन्होंने कहा कि जहां पहले से ही लाखों किसानों का पिछले सत्र का गन्ना मूल्य बकाया पड़ा है वहीं 15 फरवरी को सरकार ने यह तय किया कि गन्ना मूल्य वही रहेगा जो पिछले सत्र में दिया गया था। ऐसे में सरकार किस रेट से और किस प्रकार गन्ना किसानों के मूल्य का भुगतान कर रही थी, मुख्यमंत्री ने ऐसा बोलकर हमारे परेशान हाल किसानों का मजाक उड़ाया है जिनका करोड़ों रुपए गन्ना मिलों पर बकाया है। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह कहना कि हमने उप्र की जनता की प्रति व्यक्ति आय 2017 के मुकाबले दुगुनी कर दी है, हास्यास्पद है।

सच तो यह है कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार हमारे प्रदेश की 65 प्रतिशत से ऊपर जनता अपने बच्चों की स्कूल की फीस नहीं जमा कर पा रही है और 40 प्रतिशत से ऊपर लोग रसोईगैस के बढ़े बेतहाशा मूल्य के चलते रसोईगैस नहीं खरीद पा रहे हैं।

# राहुल का संस्थागत ढांचे पर कांग्रेस के कब्जे से इंकार संबंधी बयान हास्यास्पद

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के उस बयान को हास्यास्पद करार दिया जिसमें उन्होंने स्वीकार किया था कि आपातकाल एक गलती थी लेकिन कांग्रेस ने कभी भी देश के संस्थागत ढांचे पर कब्जा करने का प्रयास नहीं किया। पार्टी ने आरएसएस के बारे में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के बयान को खारिज करते हुए यह भी कहा कि राहुल गांधी को राष्ट्रीय स्वयं सेवक को समझने में बहुत समय लगेगा। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से जब राहुल के आपालकाल संबंधी स्वीकारोक्ति के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह आज इस पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहते लेकिन उनका अगला वाक्य महत्वपूर्ण है जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने कभी भी देश के संस्थागत ढांचे पर कब्जा करने का प्रयास नहीं किया। जावड़ेकर ने कहा, आपातकाल के दौरान सारे संस्थानों को बंद कर दिया। सारे संगठनों की आजादी खत्म कर दी। सभी पार्टियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। सारे सांसदों और विधायकों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। लाखों लोगों को बंदी बनाया गया। साथ ही साथ अखबारों की आजादी खत्म कर दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, संस्थागत ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचाया, ए कहना हास्यास्पद है। अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु के साथ हुई बातचीत के दौरान आपातकाल पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा था कि आपातकाल में जो भी हुआ वह गलत था और उसमें तथा आज की परिस्थिति में मूलभूत अंतर है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने भारत के संस्थागत ढांचे पर कब्जा करने का प्रयास कभी नहीं किया और कांग्रेस के पास ऐसा करने की काबिलियत भी नहीं है। हम ऐसा करना चाहें तब भी हमारी संरचना ऐसी है कि हम नहीं कर पाएंगे। इस बातचीत में राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को आड़े हाथों लिया था और आरोप लगाया था कि वह देश के संस्थानों में अपने लोगों की भर्ती कर रहा है। जावड़ेकर से राहुल गांधी के आरएसएस संबंधी टिप्पणी को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने दावा किया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को आरएसएस को समझने में बहुत समय लगेगा। आरएसएस देशभक्ति की दुनिया में सबसे बड़ी पाठशाला है। इसलिए दुनिया में उसका आदर है और भारत में इसकी भूमिका है। लोगों में अच्छा परिवर्तन लाना, लोगों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करना, यही संघ करता है।

## गुजरात में वडोदरा केंद्रीय जेल में कैदियों ने रेडियो स्टेशन शुरू किया

**अहमदाबाद।** वडोदरा केंद्रीय जेल के कैदियों ने बुधवार को अपना खुद का रेडियो स्टेशन शुरू किया। इस पहल का उद्देश्य कैदियों का पुनर्वास तथा उनके रचनात्मक पक्ष को व्यक्त करने में मदद करना है। जेल में लगभग 1,500 कैदी हैं और उनमें से कुछ को इस आंतरिक रेडियो जेल सेवा के हिस्से के रूप में रेडियो जॉकी बनने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस तरह की रेडियो सेवा शुरू करने वाली यह गुजरात की चौथी जेल है। वडोदरा केंद्रीय जेल के कैदी कल्याण अधिकारी महेश राठौड़ ने पीटीआई-भाषा को बताया कि प्राधिकारियों ने जेल परिसर के भीतर एक स्टूडियो स्थापित किया है और 60 से अधिक स्पीकर विभिन्न बैरकों में स्थापित किए गए हैं ताकि कैदी रेडियो सेवा को सुन सकें। इस सेवा का मुख्य लाभ यह है कि हम कैदियों के बीच विभिन्न मुद्दों के बारे में उन्हें शिक्षित करने के साथ ही उनमें जागरूकता फैला सकें।



जम्मू में स्कूल खुलने के बाद घोड़ा गाड़ी से स्कूल जाते हुए बच्चे।

## तमिलनाडु विस चुनाव: कांग्रेस ने सीटों के बंटवारे पर द्रमुक से संतोषजनक समझौते की मांग की

**बेंगलुरु।** कांग्रेस ने तमिलनाडु में शुक्रवार को राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई है। यह बैठक द्रमुक के साथ सीटों के बंटवारे पर कोई नतीजा नहीं निकलने के बीच होने वाली है। एआईसीसी के तमिलनाडु प्रभारी दिनेश गुंडू राव ने बुधवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि पार्टी की मंगलवार को एक दौर की वार्ता हो चुकी है लेकिन सीटों के बंटवारे के मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राव ने कहा कि वह बुधवार को चेन्नई पहुंच रहे हैं और सीटों के बंटवारे के मामले में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को आगे की बैठकें होंगी। शुक्रवार को हमारी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक है और उम्मीद है कि तब तक हम उन सब पर किसी निर्णय पर पहुंच चुके होंगे राव ने हालांकि यह नहीं बताया कि कांग्रेस ने कितनी सीटें मांगी हैं, लेकिन कहा कि सीटों के बंटवारे पर समझौता संतोषजनक और आपसी सम्मान पर आधारित होना चाहिए।

# विधायक के व्यवहार के लिए विधानसभा में भाजपा के उपनेता ने मांगी माफी

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** विधानसभा में भाजपा के उपनेता द्वारा पार्टी विधायक और पूर्व मंत्री के व्यवहार के लिए सदन में माफी मांगने के बाद भाजपा विधायक वासुदेव देवनानी बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए। देवनानी सोमवार को जयपुर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं की धरने के दौरान कथित पिटाई के मुद्दे को उठाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के आसन के समक्ष पहुंच गए थे जिसके बाद अध्यक्ष सी पी जोशी ने एक प्रस्ताव पारित कर उन्हें सदन की कार्यवाही में हिस्सा से एक दिन के लिए प्रतिबंधित था और व्यवहार के प्रति माफी नहीं मांगने तक रोक जारी रहती।बुधवार को जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई भाजपा के उपनेता राजेन्द्र राठौड़ ने कहा, हम अध्यक्ष से माफी मांगते है... हम चाहते हैं कि सदन की कार्यवाही चले। देवनानी गुस्से में अध्यक्ष के समक्ष चले गए थे, जो सही नहीं था।

यदि अध्यक्ष हमारी रक्षा नहीं करेंगे तो हम कहां जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष जोशी ने कहा कि देवनानी का व्यवहार गलत था। वह मुद्दे को उस समय उठा रहे थे जब अध्यक्ष सदन में अपनी रख रहे थे। यह गलत परम्परा स्थापित करता है और वरिष्ठ विधायकों को इस तरह के व्यवहार पर आपत्ति जतानी चाहिए थी। इसके बाद, प्रश्नकाल शुरू हुआ। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा भाजपा विधायक देवनानी को सदन की कार्यवाही से बाहर करने के बाद भाजपा के सभी विधायकों ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया था।

# बिहार के प्राथमिक विद्यालयों में पठन-पाठन का माध्यम क्षेत्रीय भाषाएं होंगी: शिक्षा मंत्री

**भाषा।** पटना

**बिहार के** शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को विधानसभा को बताया कि आने वाले समय में प्राथमिक स्कूलों में पठन-पाठन का माध्यम क्षेत्रीय भाषाओं यथा भोजपुरी, मगही, मैथिली आदि होगा। बिहार विधानसभा में 2021-22 के वित्तीय वर्ष के लिए शिक्षा विभाग के 38,035.92 करोड़ रुपए की बजटीय मांग पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब देते हुए चौधरी ने कहा, राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि पठन-पाठन का माध्यम क्षेत्रीय भाषाओं यथा भोजपुरी, मगही, मैथिली आदि होगा। हम छात्रों को उनकी भाषाओं में पढ़ाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के माध्यम के रूप में क्षेत्रीय भाषा को अपनाने के पीछे का विचार छात्रों को उनकी अपनी मातृ भाषा में शिक्षा देना है ताकि वे चीजों को बेहतर समझ सकें। छात्र किसी भी अन्य भाषा की तुलना में अपनी भाषा में विषयों को बेहतर समझ सकते हैं। चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करने और प्रसिद्ध कवि फणीश्वर नाथ रेणु (जिनकी जन्मशती वर्ष 4 मार्च को है) को श्रद्धांजलि देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यह संयोग है कि महात्मा गांधी ने गुजरात रियासत और अंग्रेजों के अत्याचारों के विरोध में तीन मार्च 1939 को भूख हड़ताल शुरू की थी जो कि सिर्फ तीन दिन में समाप्त हो गई थी। उन्होंने कहा कि इसी तरह रेणु ने अपनी कविताओं और अन्य लेखों को क्षेत्रीय भाषा में लिखा और यही कारण है कि उनके लेखन का लोगों पर इतना प्रभाव है। भाकपा माले विधायक दल के नेता महबूब आलम द्वारा उर्दू भाषा में शिक्षा प्रदान करने का मुद्दा उठाए जाने पर शिक्षा मंत्री ने कहा, उर्दू राज्य की दूसरी आधिकारिक भाषा है। मुझे नहीं पता कि आपको उर्दू के साथ समस्या क्यों है? क्या आप चाहते हैं कि यह उर्दू दूसरी भाषा से क्षेत्रीय भाषा में डाउनग्रेड हो। चौधरी ने शिक्षा को राज्य सरकार का प्राथमिक एजेंडा बताते हुए कहा कहा कि सरकार ने शिक्षा के महत्व को मान्यता दी है, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि सरकार ने 2021-22 के लिए राज्य के 2.18 लाख करोड़ रुपए बजट का 21.9 प्रतिशत 38,035.92 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। चौधरी ने कहा, हमने बच्चों के लिए एक वातावरण बनाया है जहाँ वे अध्ययन कर सकते हैं। हम मध्याहन भोजन, पोशाक, साइकिल आदि दे रहे हैं लेकिन अब इसे सत्यापित करने और यह आकलन करने की जरूरत है कि बच्चों के शिक्षा प्राप्त करने में कोई प्रगति हुई या नहीं। मंत्री ने शिक्षकों से भी अपना ध्यान शत-प्रतिशत पढ़ाने की ओर देने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं का ध्यान रखेगी।

## क्विक न्यूज

### सीट बंटवारा: कांग्रेस, आईएसएफ ने विवाद दूर करने की कोशिश की, कुछ सीटों को लेकर बातचीत जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल मे आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और आईएसएफ ने सीट बंटवारे केमामले पर मंगलवार को आपसी विवाद दूर करने की कोशिश की, लेकिन कुछ विधानसभा सीटों के लिए बातचीत अब भी जारी है। हाल मे बनी इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) पार्टी ने शुरू में कांग्रेस से 15 सीटो की मांग की थी, लेकिन पार्टी उसे सिर्फ पांच सीटे देने पर सहमत थी।उन्होंने बताया कि ताजा बातचीत मे कांग्रेस, आईएसएफ को आठ सीटें देने पर राजी हो गई, लेकिन अब्बास सिद्दीकी के नेतृत्व वाली पार्टी दो-तीन और विधानसभा सीट चाहती है। कांग्रेस के एक नेता ने कहा, बातचीत सकारात्मक माहौल में हुई और हम भाजपा एवं अलोकतांत्रिक तृणमूल कांग्रेस की हार सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर लड़ने पर सहमत है। दोनो पक्ष मत बंटने से बचने के लिए बातचीत को जरूरी समझते है। पार्टी के एक नेता ने कहा कि अंतिम सूची को सात और आठ मार्च को घोषित किए जाने की संभावना है और इसमे बड़ी संख्या में युवा माकपा नेताओ को जगह मिलेगी।आईएसएफ के अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी ने इससे पहले कहा था कि पार्टी इस बात को लेकर सकारात्मक है कि अनसुलझे मामलो को जल्द से जल्द सुलझा लिया जाएगा।वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस ने इससे पहले अब्बास सिद्दीकी को कांग्रेस के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर नही बोलने की हिदायत दी थी क्योंकि वे गठबंधन मे है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी ने इससे पूर्व कहा था कि गठबंधन मे आईएसएफ के शामिल होने के बाद सीट बंटवारा समीकरण बदल गया है। शुरू मे गठबंधन मे सिर्फ वाम मोर्चा और कांग्रेस थे और सीट बंटवारा भी उसी के अनुरूप किया गया था। पहले हमने 130 सीटे मांगी थी लेकिन अब हमारे संयुक्त मोर्चा मे एक और पार्टी है। हमें 92 सीटें मिली है और कुछ को लेकर चर्चा चल रही है।

### आयकर विभाग का छापा कश्यप, पन्नू की आवाज दबाने की कोशिश

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने बुधवार को कहा कि फिल्मकार अनुराग कश्यप और अदाकारा तापसी पन्नू के परिसरों पर आयकर विभाग के छापे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ बोलने वालो की आवाज दबाने का प्रयास है। मंत्री ने दक्षिण मुंबई मे विधान भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, सरकार के खिलाफ रुख अपनाने वालों और शासन की नीतियों के विरूद्ध बोलने वालो के खिलाफ ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा। अनुराग और पन्नू के परिसरों पर छापेमारी की गई। दोनो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता मलिक ने कहा, यह कार्वाई उनकी आवाज को दबाने का प्रयास है। आयकर विभाग ने बुधवार को अनुराग कश्यप समेत कुछ फिल्मकारो से जुड़े परिसरों, रिलायंस एंटरटेनमेंट समूह के सीईओ शिभाशीष सरकार और अभिनेत्री तापसी पन्नू के परिसरों पर छापे मारे। मुंबई और पुणे मे 30 से ज्यादा स्थानो की तलाशी ली गई।

### धान संग्रहण केंद्र के चौकीदार को हाथी ने कुचलकर मार डाला

**गरियाबंद (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले मे हाथी ने सरकारी धान संग्रहण केंद्र के चौकीदार को कुचलकर मार डाला है। गरियाबंद जिले के वन विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंडेल गांव के धान संग्रहण केंद्र मे तैनात चौकीदार ज्ञानचंद को जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला है।उन्होंने बताया कि कुंडेल के धान संग्रहण केंद्र मे मंगलवार रात मे 14 लोग सोए हुए थे। खाने की तलाश मे एक जंगली हाथी वहां पहुंचा जिसे देख ग्रामीण भागने लगे। हाथी ने ज्ञानचंद को पकड़ लिया और उसे कुचलकर मार डाला।वन विभाग के अधिकारियो ने बताया कि घटना की जानकारी पर वन विभाग और पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृत चौकीदार के परिजनों को 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई है। वन विभाग के अधिकारियो ने बताया कि क्षेत्र मे हाथियो का दल विचरण कर रहा है। इस संबंध मे ग्रामीणो को सतर्क किया गया है।

### लाठी फायरिंग रेंज में बीच में फटा गोला, एक जवान की मौत

**जैसलमेर।** जैसलमेर के लाठी फायरिंग रेंज मे मंगलवार रात को फायरिंग के दौरान सीमा सुरक्षा बल के एक जवान की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। देर रात लाठी फायरिंग रेंज मे फायरिंग के दौरान गोला बीच मे फटने से पांच जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन जवानो को उपचार के लिए पोकरण के प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र भेजा गया जहां चिकित्सको ने सतीश कुमार (32) को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मृत जवान के परिजनो को दे दी गई है।

### जम्मू कश्मीर में सैन्य अधिकारी ने गोली मारकर जान दी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के खोनमोह इलाके मे बुधवार को सैन्य डिपो मे सेना के एक अधिकारी ने कथित तौर पर गोली मारकर जान दे दी। अधिकारियो ने इस बारे मे बताया। अधिकारियो ने बताया कि डिपो मे तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल सुदीप भगत ने खुद को गोली मार ली जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। फिलहाल यह पता नही चल पाया है कि अधिकारी ने यह कदम क्यो उठाया।




नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को कोविड-19 वैक्सीन की पहली डोज लगवाई

## चीन ने भारत को धमकाने के लिए पारंपरिक और साइबर बलों को जुटाया: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि चीन ने भारत को धमकाने के लिए अपने पारंपरिक और साइबर बलों को जुटाया। साथ ही उन्होंने चेताया कि सरकार की कायरता के भविष्य में दुखद परिणाम होंगे। उन्होंने एक खबर का हवाला दिया जिसमें दावा किया गया है कि रात के समय ली गई उपग्रह तस्वीरों से पता चलता है कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट देपसांग क्षेत्र में चीन द्वारा निर्माण किया गया है। चीन ने भारत को धमकाने के लिए अपने पारंपरिक और साइबर बलों को जुटाया है। ये भारत सरकार (जीओआई) के लिए झटका है। मेरे शब्दों को नोट कर लीजिए, देपसांग में हमारी जमीन चली गई है और डीबीओ (दौलत बेग ओल्डी) खतरे में है। भारत सरकार की कायरता के भविष्य में दुखद परिणाम होंगे। पैंगोंग त्सो क्षेत्र में हिंसक संघर्ष के बाद पिछले वर्ष मई के बाद से पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेनाओं के बीच सीमा पर गतिरोध चल रहा है।

# शशिकला के बारे में अन्नाद्रमुक को निर्णय लेना है: भाजपा

**भाषा।** चेन्नई

**भाजपा** ने बुधवार को कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की करीबी रहीं वी के शशिकला को छह अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ दल के अगुवाई वाले गठबंधन में शामिल करना है या नहीं, इस पर अन्नाद्रमुक को निर्णय लेना है। इस पर अन्नाद्रमुक ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह न तो शशिकला को और न ही उनके रिश्तेदार टीटीवी दिनाकरण नीत अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम को पार्टी में और न ही चुनाव के लिए किए गए गठबंधन में शामिल करेगी।तमिलनाडु भाजपा प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि से पूछा गया था कि क्या उनकी पार्टी चाहती है कि शशिकला अन्नाद्रमुक नीत गठबंधन में शामिल हो जाएं और इस संबंध में गृह मंत्री अमित शाह के कथित तौर पर मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी से बात करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, केवल आप कयास लगा रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा अन्नाद्रमुक की अगुवाई वाले गठबंधन का हिस्सा है और शशिकला तथा दिनाकरण को इसमें शामिल करना है या नहीं इस पर तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी को निर्णय करना है। सीटों के बटवारे को ले कर अन्नाद्रमुक के साथ किसी प्रकार के मतभेद के बारे में पूछे जाने पर रवि ने कहा कोई मतभेद नहीं है और बातचीत चल रही है। रवि ने कहा, हम सभी 234 सीटों पर पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर की क्या भाजपा शशिकला को गठबंधन में वापस लाने की सिफारिश कर रही है या पार्टी पर इसके लिए कोई दबाव है, अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार ने कहा हम पर कोई दबाव नहीं बना सकता।

## पश्चिम बंगाल में मिठाई की दुकानों तक पहुंचा जय श्री राम, खेला होबे का नारा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कड़े चुनावी मुकाबले का असर मिठाई की दुकानों पर भी दिख रहा है। मौसम के मिजाज को देखते हुए राज्य की लोकप्रिय दुकानों में खेला होबे , जय श्री राम के नारे लिखी मिठाइयों की बिक्री की जा रही हैं। कोलकाता की चर्चित मिठाई दुकानों में शुमार बलराम मलिक राधारमण मलिक ने खास संदेश तैयार किया है जिस पर दोनों नारे लिखे हुए हैं। सफेद और हरे रंग की संदेश मिठाई पर खेला होबे लिखा है जबकि सफेद और नारंगी रंग की संदेश मिठाई पर जय श्री राम लिखा है। खेला होबे तृणमूल कांग्रेस का नारा है जबकि भाजपा अपने प्रचार अभियान के दौरान जय श्री राम का उद्घोष करती है। दुकान के मालिक सुदीप मलिक ने पीटीआई-भाषा को बताया, संबंधित दल अपने-अपने नारे के हिसाब से संदेश मिठाई की खरीददारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी संदेश और दीदी संदेश मिठाई पर दोनों नेताओं की छवि भी उकेरी गई है।

# मंत्री के भाई ने यौन उत्पीड़न के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग की, सीडी को बताया फर्जी

**बेंगलुरु।** विधायक बालचंद्र जारकीहोली ने अपने भाई एवं कर्नाटक के जलसंसाधन मंत्री रमेश जारकीहोली के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की सीबीआई जांच कराए जाने की बुधवार को मांग की और फर्जी सीडी जारी करने वाले के खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का मुकदमा दायर करने की धमकी भी दी। बालचंद्र ने मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा से मुलाकात के बाद कहा कि यदि रमेश जारकीहोली ने कुछ गलत नहीं किया है, तो उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए और आपत्तिजनक वीडियो वाली सीडी जारी करने के पीछे जो लोग हैं, उनका पता लगाने के लिए जांच की जानी चाहिए। इस कथित वीडियो क्लिप में रमेश किसी अज्ञात महिला के साथ अंतरंग होते दिख रहे हैं। इन क्लिप को कन्नड़ समाचार चैनलों में प्रसारित किया गया था। बालचंद्र ने कहा, जिस महिला के साथ अन्याय होने का दावा किया जा रहा है, उसकी पहचान नहीं पता है। किसी ने यह दावा करते हुए शिकायत की कि महिला के रिश्तेदारों ने ऐसा करने को कहा। इस शिकायत को दर्ज करना ही गलत है, क्योंकि पीड़ित व्यक्ति को शिकायत करनी चाहिए, न कि सड़क पर चल रहे किसी भी व्यक्ति को ऐसा करना चाहिए। एदियुरप्पा से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से सीबीआई या सीआईडी की जांच के आदेश देने का अनुरोध किया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस सीडी को जारी किसने किया है और कौन प्रभावशाली नेता उनके पीछे हैं। बालचंद्र ने कहा, यदि यह साबित होता है कि रमेश जारकीहोली गलत है, तो मैं उन्हें लोगों से माफी मांगने और राजनीति से संन्यास लेने की सलाह दूंगा। यदि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है, तो इसके (सीडी और आरोपों के) पीछे जिन लोगों का हाथ है, उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। जांच होनी ही चाहिए और इसलिए मैंने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। रमेश भी शहर में हैं और वह भी दिन में बाद में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कल्लाहल्ली ने मंगलवार को रमेश के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने नौकरी पाने की एक इच्छुक महिला का कथित रूप से यौन उत्पीड़न किया और इस बारे में कुछ भी बताने पर उसे एवं उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। रमेश ने मंगलवार रात को आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए संवाददाताओं से कहा था कि वह सकते में हैं और वीडियो शत प्रतिशत फर्जी है। उन्होंने मामले की जांच की मांग की। बालचंद्र ने कहा कि वह वकीलों से विचार-विमर्श कर रहे हैं और सीडी जारी करने वालों के खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।




भारतीय सेना की पश्चिमी कमान द्वारा युद्धाभ्यास किया गया

# मोदी पर लोगों का भरोसा एवं प्यार कायम

## भाजपा ने गुजरात स्थानीय चुनाव में जीत पर कहा



भाषा। नई दिल्ली

**भाजपा** ने गुजरात के स्थानीय निकाय चुनाव में पार्टी की शानदार जीत और कांग्रेस की हार का हवाला देते हुए कहा कि किसानों ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कृषि कानूनों में सुधारों के लिए मतदान किया है और इस मुद्दे पर एवं एलपीजी की कीमत को लेकर विपक्ष की मुहिम को नकार दिया है।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संवाददाताओं से कहा कि चुनावों में भाजपा की जबरदस्त जीत इस बात को रेखांकित करती है कि मोदी पर लोगों का भरोसा और प्यार बना हुआ है और उन्होंने कांग्रेस की नकारात्मक मुहिम को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद भाजपा का इतनी बड़ी जीत हासिल करना राजनीति में दुर्लभ उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस का सफाया हो गया है। गुजरात में सत्तारूढ़ भाजपा ने सभी 31 जिला पंचायतों के साथ ही 231 तालुका पंचायतों में से 196 में और 81 नगरपालिकाओं में से 74 में स्पष्ट बहुमत हासिल कर निकाय चुनावों में बड़ी जीत हासिल की। राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने केवल एक नगरपालिका और 18 तालुका पंचायतों में स्पष्ट बहुमत हासिल किया।

इससे पहले गुजरात में पिछले महीने हुए निकाय चुनावों के पहले चरण में, भाजपा ने सभी छह नगर निगमों में जीत हासिल की थी। जावड़ेकर ने कहा कि इन परिणामों का अर्थ है कि लोगों ने विकास के लिए मतदान किया और किसान सुधारों के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपनी मुहिम में पेट्रोलियम की बढ़ती कीमतों का हवाला देते हुए एलपीजी सिलेंडरों का अकसर जिक्र किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जावड़ेकर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुजरात को बदनाम करने की कोशिश की।

उन्होंने गांधी के असम में दिए उस भाषण का जिक्र करते हुए यह बात की, जिसमें उन्होंने पूर्वी राज्य में चाय कर्मियों के कम वेतन के लिए गुजराती व्यापारियों पर निशाना साधा था। भाजपा नेता ने कहा कि लोगों ने उनकी नकारात्मक मुहिम को नकार दिया है। जावड़ेकर ने कहा कि गुजरात में भाजपा की जीत से पहले उसने पिछले कुछ महीनों में देशभर में कई उपचुनावों एवं स्थानीय निकाय चुनावों और बिहार विधानसभा चुनाव समेत विभिन्न चुनावों में जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि यह पार्टी के लिए लोगों के सहयोग को दर्शाता है। जावड़ेकर ने कहा कि कांग्रेस के एक विधायक और विपक्षी पार्टी के कई विधायकों के संबंधी भी गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों में हार गए हैं।

## वन्यजीवों के आवास, वनों की रक्षा की खातिर हर संभव प्रयास करने चाहिएः पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर वन्यजीवों के संरक्षण के लिए काम करने वाले लोगों की सराहना की और कहा कि वनों के संरक्षण तथा वन्यजीवों के आवास सुरक्षित बनाए रखने की खातिर हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। इस अवसर पर, उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा कि वन्यजीवों को बचाने तथा संरक्षित रखने के लिए और धरती पर एक स्वस्थ पारिस्थितिकीय संतुलन को कायम करने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित प्रयास करने की आवश्यकता है। मोदी ने ट्वीट किया, वन्यजीव संरक्षण के लिए काम करने वाले सभी लोगों को मेरा सलाम। भारत में शेर, बाघ और तेंदुए समेत अनेक जीवों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। हमारे वनों तथा पशुओं के सुरक्षित आवासों की रक्षा की खातिर हमें हर संभव प्रयास करने चाहिए।

# ईडी ने मुख्य आरोपी ठाकुर के परिवार की संपत्ति कुर्क की

## आश्रय गृह यौन हिंसा कांड

भाषा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने मुजफ्फरपुर के आश्रय गृह यौन हिंसा कांड के मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर और उसकी पत्नी के विरूद्ध धनशोधन मामले में दिल्ली में स्थित उनकी 1.45 करोड़ रूपए की संपत्ति एवं एक सावधि जमा जब्त है।

ईडी ने एक बयान में बताया कि पिछले साल यह बहुमंजिली इमारत कुर्क की गई थी और इस अंतिरम आदेश पर इस साल जनवरी और फरवरी के बीच धनशोधन रोकथाम अधिनियम के निर्णय संबंधी प्राधिकार और अपीलीय न्यायाधिकरण ने मुहर लगाई। यह संपत्ति ठाकुर की पत्नी आशा के नाम से है और पालम कॉलोनी के राजनगर प्रथम इलाके है। ईडी ने मंगलवार को उसे अपने कब्जे में ले लिया। इसी मामले में एजेंसी 2.07 लाख रूपए की सावधि जमा भी जब्त कर ली जो आदर्श महिला शिल्प कला केंद्र के नाम से है। ईडी ने अक्टूबर, 2018 में ठाकुर, उसके परिवार के सदस्यों एवं अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया था। उससे पहले, बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में उसके एनजीओ सेवा संकल्प एवं विकास समिति द्वारा संचालित आश्रय गृह में नाबालिग लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न की खबरें सामने आई थीं।

एजेंसी ने कहा था कि उसकी जांच में पाया गया कि आश्रय गृह बहुत ही संदेहास्पद तरीके से चलाया जा रहा था और कई लड़कियों ने हिंसा एवं यौन उत्पीड़न किए जाने की शिकायत की। ईडी ने कहा, आरोपी ब्रजेश ठाकुर लड़कियों के साथ बलात्कार करता था और इन वंचित एवं बेसहारा लड़कियों के साथ यौन हिंसा एवं मारपीट करता था।

ठाकुर का बालिका गृह के अन्य सदस्यों के साथ इस आश्रय गृह पर पूर्ण नियंत्रण था, ईडी ने कहा, ठाकुर और अन्य ने बालिकाओं के कल्याणार्थ मिले (करीब 7.57 करोड़ रूपए) कोषासहायता अनुदान को अन्यत्र लगाया एवं उसका गबन किया। उन्होंने इस रकम से ठाकुर और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम से बहुत सी चल एवं अचल संपत्ति खरीदी। ईडी ने इस मामले में पटना में पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था।

# पीएम की रैली में शामिल होने के बारे में फैसला गांगुली को करना हैः भाजपा



भाषा। कोलकाता

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली के सात मार्च को कोलकाता में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में हिस्सा लेने की अटकलों के बीच भाजपा ने मंगलवार को कहा कि इस बारे में पूर्व क्रिकेटर को फैसला करना है कि वह रैली में शामिल होना चाहते हैं या नहीं।

भाजपा के प्रवक्ता शामिक भट्टाचार्य ने कोलकाता में संवाददाताओं से कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अगर कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहते हैं और उनका स्वास्थ्य तथा मौसम संबंधी परिस्थितियां इसकी इजाजत देते हैं तो उनका स्वागत है। गांगुली (48) को 31 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिली थी। इससे पहले ह्रदय तक जाने वाली धमनियों में अवरोध को दूर करने के लिए उनकी एक और एंजीयोप्लास्टी की गई थी। सर्जरी के दौरान उन्हें दो और स्टेंट लगाए गए थे। जनवरी के शुरू में गांगुली को दिल का हल्का दौरा पड़ा था और हृदय से संबंधित ट्रिपल वेसेल डिजीज का पता चला था। उस वक्त एक धमनी में स्टेंट लगाया गया था।

भट्टाचार्य ने कहा, हम जानते हैं कि सौरव फिलहाल आराम कर रहे हैं। अगर वह कार्यक्रम में आने की सोचते हैं और उनका स्वास्थ्य तथा मौसम अनुकूल रहता है तो उनका बहुत स्वागत है। अगर वह आते हैं तो हमें लगता है कि उन्हें यह पसंद आएगा। वहां मौजूद लोगों को भी अच्छा लगेगा। लेकिन इस बारे में (कार्यक्रम में शामिल होने के बारे में) हम नहीं जानते। यह फैसला उन्हें करना है।

## उर्वरकों के कुशलतापूर्वक इस्तेमाल के लिए विकसित की प्रौद्योगिकी

**कोलकाता।** आईआईटी खड़गपुर के अनुसंधानकर्ताओं ने खेतों में उर्वरकों का कुशलता से इस्तेमाल करने के लिए एक मृदा-मानचित्रण प्रौद्योगिकी विकसित की है। संस्थान की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि देश का खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम मुख्य रूप से मिट्टी की सेहत पर निर्भर करता है और इसका लक्ष्य पैदावार बढ़ाना और अकार्बनिक तत्वों के इस्तेमाल पर लगाम लगाना है। बयान में कहा गया है कि जीपीएस सक्षम प्रौद्योगिकी किसानों को नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश (एनपीके) का कुशलता से इस्तेमाल करने में मदद करेगी, ताकि मिट्टी के पोषण का स्वतः प्रबंधन हो सके। आईआईटी खड़गपुर के निदेशक प्रोफेसर वी के तिवारी ने बताया कि इस प्रौद्योगिकी की मदद से पारंपरिक तरीके से उर्वरकों के इस्तेमाल की तुलना में 30 प्रतिशत की कमी आएगी।

# देश में संक्रमण के 14,989 नए मामले, 98 और की मौत

भाषा। नई दिल्ली



**भारत** में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में 14,989 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर।,11,39,516 हो गई। वहीं, देश में एक महीने बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1.7 लाख से अधिक दर्ज की गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 98 और लोगों की मौत होने के कारण कुल मृतक संख्या बढ़कर 1,57,346 हो गई। देश में संक्रमित 1,70,126 लोग उपचाराधीन हैं, जो संक्रमण के कुल मामलों का 1.53 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार संक्रमित हुए।,08,12,044 लोग स्वस्थ हो गए है, यानी लोगों के स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 97.06 प्रतिशत है, जबकि संक्रमितों की मृत्यु दर 1.41 प्रतिशत है। देश में पिछले साल सात अगस्त में संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बर को एक करोड़ के पार चले गए थे।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, देश में दो मार्च तक 21,84,03,277 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की जा चुकी है। इनमें से 7,85,220 नमूनों की जांच मंगलवार को की गई थी। पिछले 24 घंटे में जिन 98 लोगों की मौत हुई है, उनमें से महाराष्ट्र में 54, केरल में 16 और पंजाब में 10 लोगों की मौत हुई। संक्रमण के कारण अब तक कुल 1,57,346 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र में 52,238, तमिलनाडु में 12,502, कर्नाटक में 12,343, दिल्ली में 10,911, पश्चिम बंगाल में 10,270, उत्तर प्रदेश में 8,728 और आंध्र प्रदेश में 7,169 लोगों की मौत हुई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# उत्तराखंड में 38115 उत्पाती बंदरों की नसबंदी की गई

भाषा। गैरसैंण



**उत्तराखंड** में 38115 उत्पाती बंदरों की नसबंदी करने के बाद उन्हें जंगलों में वापस छोड़ दिया गया है। यहां विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भाजपा सदस्य चंदन रामदास के एक सवाल के जवाब में वन एवं वन्यजीव मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि हरित प्राधिकरण और भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार नसबंदी के बाद बंदरों को उन्हीं क्षेत्रों में छोड़ा जा रहा है जहां से वे पकड़े गए थे।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में अनुमानित तौर एक लाख पचास हजार बंदर हैं। रावत ने कहा कि उत्पाती बंदरों को पकड़कर रखने के लिए प्रदेश में तीन स्थानों पर रेस्क्यू सेंटर बनाए गए हैं जिनके लिए पहली बार केंद्र से भी आर्थिक सहायता ली गई है। उन्होंने बताया कि कई राज्यों के प्रयोगों से सबक लेते हुए ये रेस्क्यू सेंटर बनाए गए हैं और इनमें 48 हजार बंदरों को रखा जा सकता है। वन मंत्री ने हालांकि कहा कि सभी जिलों में बंदरों के लिए बंदरबाड़ा बनाए जाने की फिलहाल कोई योजना नहीं है।

उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ में एक बंदरबाड़ा बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है जबकि वर्तमान में राज्य के तीन स्थानों में बंदरबाड़े बनाए गए है। इससे पहले रामदास ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में बंदर किसानों की खड़ी फसलें बर्बाद कर रहे हैं जिससे उनमें रोष व्याप्त है।

## न्यायालय अपर्णा पुरोहित की अग्रिम जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय अमेजन प्राइम वीडियो की भारत प्रमुख अपर्णा पुरोहित की अग्रिम जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। पुरोहित ने वेब सीरीज तांडव को लेकर दर्ज प्राथमिकी के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी की पीठ के समक्ष बुधवार को पुरोहित की याचिका पर सुनवाई होनी थी। हालांकि, पीठ ने इसे बृहस्पतिवार के लिए सूचीबद्ध किया क्योंकि पीठ अपराह्न एक बजे तक ही बैठी। पुरोहित पर उत्तर प्रदेश पुलिस और हिंदू देवी-देवताओं की छवि खराब करने का आरोप है। साथ ही इस वेब सीरीज में प्रधानमंत्री के किरदार के प्रतिकूल चित्रण का आरोप है।

# देपसांग की जमीन गई, सरकार की कायरता के भविष्य में होंगे दुखद परिणामः राहुल गांधी

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने मीडिया में आई खबर का हवाला देते हुए बुधवार को दावा किया कि लद्दाख के देपसांग में हमारी जमीन चली गई है, दौलत बेग ओल्डी खतरे में है तथा सरकार की कायरता के भविष्य में दुखद परिणाम होंगे। राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में यह भी कहा कि चीन, भारत को डराने के लिए अपने पारंपरिक एवं साइबर बलों का इस्तेमाल कर रहा है जिससे भारत सरकार चकरा गई है। उन्होंने एक खबर का हवाला दिया जिसमें दावा किया गया है कि रात के समय ली गई उपग्रह तस्वीरों से पता चलता है कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट देपसांग क्षेत्र में चीन द्वारा निर्माण किया गया है। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने हाल ही में कहा है कि चीन के साथ पीछे हटने के समझौते के तहत देश ने अपनी कोई जमीन नहीं खोई बल्कि एकतरफा ढंग से यथास्थिति में बदलाव के प्रयास को रोकने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएससी) की निगरानी की व्यवस्था लागू की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने पिछले सप्ताह संवाददाताओं से कहा था कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत की स्थिति और साझा रूप से पुनः तैनाती को लेकर कोई बदलाव नहीं आया है तथा सेनाओं के पीछे हटने की प्रक्रिया को गलत ढंग से पेश नहीं किया जाना चाहिए। वहीं, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया, मेरे शब्दों को नोट कर लीजिए, देपसांग में हमारी जमीन चली गई है और डीबीओ (दौलत बेग ओल्डी) खतरे में है। भारत सरकार की कायरता के भविष्य में दुखद परिणाम होंगे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष मई में पैंगोंग सो क्षेत्र में हिंसक संघर्ष के बाद पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेनाओं के बीच सीमा पर गतिरोध चल रहा है। पिछले महीने दोनों देशों की सेनाओं ने पैंगोंग सो के उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी के समझौते पर अमल शुरू किया था। राहुल गांधी ने इस मुद्दे से निपटने को लेकर सरकार की बार-बार आलोचना करते रहे हैं।

## पंजाब विधानसभा में भाजपा विधायक को बोलने से रोका गया

**चंडीगढ़।** सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी शिअद के सदस्यों ने बुधवार को विधानसभा में भाजपा विधायक अरुण नारंग को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बोलने से रोक दिया और उन्हें पहले केंद्र के कृषि कानूनों पर अपना रुख साफ करने को कहा। नारंग पंजाब विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग ले रहे थे कि इसी बीच कांग्रेस विधायक दलवीर सिंह गोल्डी ने उन्हें रोक दिया। गोल्डी के साथ कांग्रेस विधायकों नवतेज सिंह चीमा तथा गुरकीरत सिंह कोटली और अकाली दल के विधायकों ने नारंग के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। इन विधायकों ने कहा कि भाजपा विधायकों को सदन में बोलने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि पिछले साल जब पंजाब विधानसभा में केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ संशोधन विधेयक पारित किए गए थे, तो उस समय उन्होंने इनसे दूरी बनाई थी।

# एनआईओएस ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित अध्ययन सामग्री तैयार की

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालई शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) ने भारतीय ज्ञान परंपरा पाठ्यक्रमों से संबंधित 15 अध्ययन सामग्री तैयार की है जो वेद, योग, विज्ञान, व्यावसायिक कौशल और संस्कृत भाषा विषयों पर आधारित हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने मंगलवार को एनओआईएस की भारतीय ज्ञान परंपरा पाठ्यक्रमों की अध्ययन सामग्री को जारी किया। एनओआईएस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालई शिक्षा संस्थान देश में माध्यमिक, उच्च माध्यमिक स्तर और व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में खुली और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से स्कूली शिक्षा प्रदान करता है। संस्थान का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय व अन्य राज्य स्तरीय स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्ययन पाठ्यक्रमों के समकक्ष है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालई शिक्षा संस्थान ने मुक्त बुनियादी शिक्षा कार्यक्रम के तीनों स्तरों पर संस्कृत, हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में वेद, योग, विज्ञान, व्यावसायिक कौशल और संस्कृत भाषा विषयों जैसे भारतीय ज्ञान परंपरा के 15 पाठ्यक्रम तैयार किए हैं। यह पाठ्यक्रम कक्षा 3, 5 और 8वीं कक्षा के समकक्ष हैं।

इन पाठ्यक्रमों के तहत वेदों के विषय में रामायण महाकाव्य आख्यान, भगवद्गीता की शिक्षाएं, पाणिनी प्रतिपादित महेश्वर सूत्र, समरस श्लोक संग्रह, एकात्मता स्तोत्र, अनेक वैदिक भजन, विष्णु सहस्रनाम स्तोत्र, शिक्षावली, ब्रह्मवली, भृगुवली, ललिता शतनाम स्तोत्र जैसे विषयों को शामिल किया गया। योग विषय में पतंजलि कृतसूत्र, योगसूत्र व्यायाम, सूर्यनमस्कार, आसन और क्रियाएं, प्राणायाम, यम, नियम, हठयोग, विश्राम अभ्यास, क्रोध प्रबंधन अभ्यास, एकाग्रता और स्मृति वृद्धि अभ्यास के कुछ वर्गों कोरेखांकित किया गया है।

व्यावसायिक कौशल पाठ्यक्रमों में प्राचीन भारतीय संस्कृति के विभिन्न कुशल तरीकों जैसे पौधों को पानी देना, गौ पालन, गोशालाओं की सफाई और स्वच्छता, बगीचे की देखभाल, सिलाई और कटाई, सब्जी उगाने संबंधी कार्य, जैविक खेती, नवग्रह वन आदि को शामिल किया गया है। इसके अलावा दैनिक जीवन में आयुर्वेद का उपयोग, खाना पकाने और परोसने के तरीके शामिल किए गए हैं।

# पेज 1 का शेष

## दावाः कोवैक्सीन...

कोवैक्सीन के साथ साथ आक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के कोवीशील्ड टीके को लोगों को लगाया जा रहा है। इस साल जनवरी में भारत के औषधि महानियंत्रक ने ऑक्सफोर्ड की कोविड-19 वैक्सीन कोवीशील्ड को अनुमति दी थी। भारत में इसका उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट कर रहा है तथा भारत बायोटेक की स्वदेशी कोवैक्सीन को इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी दी गई थी। इसके बाद देश में टीकाकरण अभियान शुरू हुआ था। भारत बायोटेक ने कहा कि वैक्सीन के अंतरिम विश्लेषण में प्रारंभिक सुरक्षा आंकड़ों की भी समीक्षा की गई है। कंपनी ने उम्मीद जताई है कि ट्रायल नतीजों के बारे में आगे और ब्योरा मिलने पर उसे भी उपलब्ध कराया जाएगा। अतिरिक्त अंतरिम विश्लेषण 87 मामलों में किए गए और अंतिम विश्लेषण 130 केसों पर किए जाएंगे।

## एमसीडी उपचुनाव...

दी और कहा कि लोग भाजपा से परेशान हो चुके हैं और अगले साल दिल्ली एमसीडी के चुनाव में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सच्चाई की राजनीति और काम को मौका देंगे।

## सरकार से...

तहत उन्हें दंडित किया जा सकता है। यह याचिका रजत शर्मा और डॉ. नेह श्रीवास्तव ने दाखिल की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री कश्मीर चीन को सौंपने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए उनके खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए। याचिका में कहा गया था कि फारूक अब्दुल्ला ने भारतीय दंड संहिता की धारा 124-ए के तहत एक दंडनीय अपराध किया है। जैसा कि उन्होंने बयान दिया है कि अनुच्छेद 370 को बहाल कराने के लिए वह चीन की मदद लेंगे जो स्पष्ट रूप से राजद्रोह का कृत्य है और इसलिए उन्हें आईपीसी की धारा 124-ए के तहत दंडित किया जाना चाहिए।

## तापसी पन्नू...

निर्माता-वितरक मधु मैंटेना के खिलाफ जांच का हिस्सा है। फैंटम फिल्म्स को 2018 में बंद कर दिया गया था। आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि इन संस्थानों के बीच हुए कुछ लेन-देन विभाग की नजर में थे और कर चोरी के आरोपों की जांच को आगे बढ़ाने के लिए सबूत एकत्रित करने के लिए यह कार्रवाई की गई। सूत्रों ने कहा कि फैंटम फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्मों से हुई कमाई की भी जांच की जा रही है। मैंटेना के खिलाफ छापेमारी केडब्ल्यूएएन के साथ उनके संबंधों के संदर्भ में की जा रही है, जिनमें से वह सह-प्रवर्तक हैं।कश्यप और पन्नू दोनों विभिन्न मुद्दों पर मुखर विचारों के लिए जाने जाते हैं। दोनों ने 2018 की फिल्म"मनमर्जियों में साथ काम किया था और अब वे आगामी फिल्म"दोबारो में साथ काम कर रहे हैं। दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि कश्यप और पन्नू के खिलाफ छापे उनकी टिप्पणियों से जुड़े हैं जो कई बार भाजपा के आलोचक रहे हैं। उन्होंने एक सवाल पर कहा, जांच एजेंसियां विश्वसनीय सूचना के आधार पर जांच करती हैं और मामला बाद में अदालतों में भी जाता है।

## एसएसबी की...

अनुसार, नई बटालियनों का उपयोग अंतर-सीमा चौकी दूरी को कम करने, नेपाल और भूटान के साथ व्यापार और पारगमन मार्गों को मजबूत करने और सिक्किम में त्रिकोणीय जंक्शन क्षेत्र में एसएसबी की ताकत को और बढ़ाने में किया जाएगा। एक बटालियन में एक हजार से अधिक कर्मी शामिल होंगे।

## सेक्स टेप...

बाद मुख्यमंत्री ने रमेश के भाई और अराभावी के विधायक बालाचंद्र जारकिहोली को बुलाया और फैसले के बारे में अवगत कराया। आरोपों पर रमेश ने मंगलवार रात कहा था कि वह हैरान हैं और वीडियो शत-प्रतिशत फर्जी है। राज्य में विपक्षी कांग्रेस और जद (एस) भी मंत्री के तुरंत इस्तीफे की मांग कर रही थी। इससे पहले, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने कहा था, अगर उस पार्टी (भाजपा) में जरा भी शर्म है और अगर वह मानवीय मूल्यों का सम्मान करती है तो उसे (मंत्री का) इस्तीफा लेना चाहिए। विपक्ष के नेता ने कहा, अगर सरकार को जरा भी शर्म है तो उसे तुरंत इस्तीफा लेना चाहिए और तत्काल प्राथमिकी दर्ज करानी चाहिए। पुलिस ने मंगलवार को कहा था कि और ज्यादा विवरण जुटाने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और वे महिला से भी पूछताछ करेंगे। गोकक से विधायक रमेश जारकिहोली पहले कांग्रेस में थे। राज्य में कांग्रेस-जद(एस) सरकार को गिराने और भाजपा के सत्ता में आने में रमेश जारकिहोली की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। इस्तीफे की खबरें आने के बाद गोकक में जारकिहोली के समर्थकों ने प्रदर्शन भी किया।

## न्यायिक व्यवस्था...

की गई। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने मामले में अब तक आरोपपत्र दाखिल नहीं किया और जांच जारी है। मेहता ने पीठ से कहा, वह (अंसारी) न्यायिक व्यवस्था को चकमा दे रहा है। साथ ही जोड़ा कि उसने चिकित्सा प्रमाणपत्र का जुगाड़ किया जिसमें कहा गया कि यात्रा करने की अनुमति नहीं है लेकिन अंसारी दूसरी अदालतों की सुनवाई में शामिल हुआ। मेहता ने कहा, उसने समूची न्यायिक व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र का इस्तेमाल किया और उसका मजाक बनाया। पंजाब सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने उत्तर प्रदेश द्वारा दाखिल याचिका के औचित्य पर सवाल उठाया। दवे ने कहा, मुख्तार अंसारी के साथ हमारा कोई लेना-देना नहीं है। अगर वह अपराधी है तो अपराधी है। सवाल यह है कि क्या एक राज्य ऐसी परिस्थिति में इस अदालत में दूसरे राज्य के खिलाफ रिट याचिका दाखिल कर सकता है जैसा कि इस मामले में उत्तर प्रदेश ने किया। उन्होंने पत्रकार सिद्दीक कप्पन के मामले का हवाला दिया जिन्हें हाथरस जाते समय गिरफ्तार किया गया था। दवे ने कहा, क्या कल केरल उच्चतम न्यायालय का रुख करेगा और कहेगा कि वह (कप्पन) केरल के हैं, इसलिए उन्हें उत्तर प्रदेश से केरल स्थानांतरित कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, इस मामले में पंजाब की कोई भूमिका नहीं है। रिट याचिका विचार योग्य नहीं है और इस पर विचार नहीं करना चाहिए। न्यायालय ने अंसारी द्वारा दाखिल एक और याचिका पर सुनवाई की जिसमें उसने उत्तर प्रदेश में अपने खिलाफ लंबित मामलों को दिल्ली में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। अंसारी की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि विधायक ने उत्तरप्रदेश में अपने खिलाफ लंबित मामलों को दिल्ली में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में अंसारी की जान को खतरा है क्योंकि एक सह-आरोपी को उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया।

# कोविड-19 से ठीक हो चुके लोगों में कोविशील्ड टीके का तेजी से असर

भाषा। नई दिल्ली

**अध्ययन**

**कोविड**-19 संक्रमण से ठीक हो चुके व्यक्तियों में कोविशील्ड टीके का तेजी से असर होता है और उनमें एंटीबॉडी का स्तर अधिक पाया जा रहा है। यह बात एक अध्ययन से सामने आई है। इससे इसकी उम्मीद बनी है कि हो सकता है कि ऐसे व्यक्तियों को दूसरी खुराक देने की जरूरत नहीं पड़े और इस तरह से भारत में कोरोना वायरस टीकाकरण का विस्तार करने में मदद मिलेगी।

कोविशील्ड की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर अध्ययन नई दिल्ली के सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी), मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड इंस्टीट्यूट ऑफ एंडोक्राइनोलॉजी, डायबिटीज एंड मेटाबॉलिज्म के साथ ही एकेडमी आफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च (एसीएसआईआर) गाजियाबाद के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किया गया। अध्ययन के लेखकों में शामिल सीएसआईआर-आईजीआईबी के निदेशक अनुराग अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा से कहा, कोविशील्ड से एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न हो रही है। जो आधारभूत तौर पर सीरोपॉजिटिव होते हैं उनमें प्रतिक्रिया तेजी से होती है और उनमें एंटीबॉडी उच्च स्तर तक पहुंचते हैं। सीरोपॉजिटिविटी सीरम में वायरस की मौजूदगी का संकेत होता है या इसका साक्ष्य होता है कि उक्त व्यक्ति पूर्व में वायरस के संपर्क में आया है।

ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका का कोविड-19 टीका वैश्विक टीकाकरण की शुरुआत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पुणे के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा स्थानीय रूप से निर्मित कोविशील्ड और हैदराबाद स्थित कंपनी भारत बायोटेक की स्वदेशी कोवैक्सीन उन दो टीकों में शामिल हैं जिन्हें देश में उपयोग के लिए अनुमति दी गई है। 135 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को शामिल करके किए गए अध्ययन विशेष तौर पर कोविशील्ड पर केंद्रित था।

# चौथा व निर्णायक टेस्ट आज से

## फाइनल में जगह बनाने के लिए भारत को ड्रा की जरूरत

**भाषा**। अहमदाबाद



**पिछले** दो मैचों में दबदबा बनाने में सफल रहा भारत गुरुवार से यहां शुरू हो रहे चौथे और अंतिम टेस्ट में एक बार फिर स्पिन की अनुकूल पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ कोई रहम नहीं दिखाते हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में क्वालीफाई करके के लक्ष्य के साथ उतरेगा। भारतीय टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही और अगर विराट कोहली की टीम अंतिम टेस्ट ड्रा भी करा लेती है तो जून में लार्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह बना लेगी जहां उसका सामना न्यूजीलैंड से होगा। इंग्लैंड की टीम फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है लेकिन अगर अंतिम टेस्ट में जीत दर्ज करती है तो फिर भारत को भी खिताबी मुकाबले से बाहर कर देगी और टिम पेन की अगुआई वाली आस्ट्रेलिया की टीम को इस मुकाबले में खेलने का मौका मिलेगा। इस तरह के मैच में ड्रा हमेशा सुरक्षित विकल्प होता है लेकिन आक्रामक रवैया अपनाने वाले कोहली और कोच रवि शास्त्री रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाना चाहेंगे क्योंकि ऐसा करना कभी कभी भारी भी पड़ जाता है। मोटेरा की नई पिच पर तीसरे टेस्ट के दौरान गुलाबी गेंद के सामने मेहमान टीम को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और भारत ने सिर्फ दो दिन के अंदर 10 विकेट से जीत दर्ज की।

बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की सीधी गेंदों का सामना करने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को काफी परेशानी हुई क्योंकि वे शुरुआत से ही गेंद के टर्न होने की उम्मीद कर रहे थे। चेन्नई में दूसरे टेस्ट से ही यह रणनीति मेजबान टीम के लिए सफल रही है। भारतीय उप कप्तान अजिंक्य रहाणे और इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉले दोनों का मानना है कि चौथे टेस्ट की पिछले पिछले दो मैचों के समान लग रही है लेकिन गुलाबी गेंद की तुलना में लाल गेंद पिच पर गिरने के बाद उतनी अधिक तेजी से नहीं आती जिससे दोनों टीमों के बीच मुकाबला कड़ा देखने को मिल सकता है। इंग्लैंड की टीम के लिए इस मैच में अधिक कुछ दांव पर नहीं लगा है। टीम इस मैच में जीत के साथ श्रृंखला ड्रॉ कराके अपनी प्रतिष्ठा बचाना चाहेगी लेकिन भारत के लिए काफी कुछ दांव पर लगा है।

आंकड़ों के हिसाब से भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान होने के बावजूद कोहली ने स्वीकार किया है कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की प्रतियोगिताओं के संदर्भ में अपने पूर्ववर्ती महेंद्र सिंह धोनी जैसी सफलता नहीं मिली है। अक्षर और रविचंद्रन अश्विन ने श्रृंखला में मिलकर अब तक 42 विकेट चटकाए हैं और कोहली उनके विकेटों के आंकड़ों में और इजाफा होता देखना चाहेंगे। भारतीय स्पिनरों ने पहले तीन टेस्ट में इंग्लैंड के 60 में से 49 विकेट चटकाए हैं और लोगों को पता है कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अंतिम टेस्ट में वे क्या उम्मीद कर सकते हैं। कोहली को स्पिनरों के साथ कोई शिकायत नहीं है जिन्होंने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया है। उन्हें हालांकि बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारतीय बल्लेबाज अब तक श्रृंखला में दबदबा बनाने में नाकाम रहे हैं और उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। रोहित शर्मा ने श्रृंखला में अब तक 296 रन बनाए हैं जो दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अश्विन के 176 रन के आंकड़े से 120 रन अधिक हैं। अश्विन ने चेपक की मुश्किल पिच पर शतक जड़ा था। रोहित के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज अब तक स्पिन की अनुकूल पिचों पर आत्मविश्वास के साथ नहीं खेल पाया है। कोहली ने दो अर्धशतक जड़े हैं लेकिन अब तक गेंदबाजों पर दबदबा बनाने वाली पारी नहीं खेल पाए हैं जिसके लिए वह जाने जाते हैं। अजिंक्य रहाणे, चेतश्वर पुजारा और शुभमन गिल तीन टेस्ट मैचों में सिर्फ एक-एक अच्छी पारी खेल पाए हैं। भारतीय टीम अंतिम मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरेगी और ऐसे में उमेश यादव की अंतिम एकादश में वापसी हो सकती है। देखना होगा कि उनके जोड़ीदार इशांत शर्मा होंगे या मोहम्मद सिराज। इंग्लैंड की लचर बल्लेबाजी में खराब टीम चयन का भी हाथ रहा है। कप्तान जो रूट (333 रन) ने पहले टेस्ट में दोहरा शतक जड़ा लेकिन उनके और दूसरे सर्वोच्च स्कोर बने स्टोक्स (146) के बीच 187 रन का अंतर है। रूट ने तीसरे टेस्ट में गेंदबाजी में भी करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ रन देकर पांच विकेट चटकाए थे। टीम अंतिम टेस्ट में दो विशेषज्ञ स्पिनरों के साथ उतर सकती है। बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच (16 विकेट) ने प्रभावित किया है लेकिन उनकी अपनी सीमाएं हैं और वह अक्षर की तुलना में औसत 10 किमी प्रतिघंटा कम की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। एक बार फिर स्पिन की अनुकूल पिच की संभावना को देखते हुए उन्हें डॉम बेस का साथ मिल सकता है।

बेस ने चेन्नई में पहले टेस्ट में प्रभावित किया था लेकिन इसके बाद उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। टीमें: भारत-विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, इशांत शर्मा, उमेश यादव, मोहम्मद सिराज, रिद्धिमान साहा, मयंक अग्रवाल, हार्दिक पंड्या, कुलदीप यादव और लोकेश राहुल। इंग्लैंड-जो रूट (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, डोमिनिक बेस, स्टुअर्ट ब्रॉड, रोरी बर्न्स, जैक क्रॉली, बेन फोक्स, डैन लॉरेंस, जैक लीच, ओली पोप, डोम सिबली, बेन स्टोक्स, ओली स्टोन, क्रिस वोक्स और मार्क वुड।

# हो-हल्ला बंद कर डिफेंस को मजबूत करें और खेलें: कोहली

### कप्तान विराट ने दिया करारा जवाब

### हमने किसी भी पिच के बारे में शिकायत नही की

**भाषा**। अहमदाबाद

**भारतीय** कप्तान विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट से पहले देश में स्पिनरों के लिए मुफीद पिचों के बारे में लगातार सवालों के जवाब में कहा कि हो-हल्ला बंद करके डिफेंस को मजबूत कीजिए और मैच खेलिए। भारत ने मोटेरा में गुलाबी गेंद के टेस्ट में इंग्लैंड को दो दिन के अंदर पस्त कर दिया था और इससे कुछ दिन पहले ही उसने चेन्नई में दूसरे टेस्ट में स्पिनरों की मुफीद पिच पर मेहमान टीम को हराया था। कोहली ने गुरूवार से शुरू होने वाले चौथे और अंतिम टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि स्पिन होती पिचों के बारे में हमेशा ज्यादा हो-हल्ला और ज्यादा ही बातचीत होती है।

उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि अगर हमारी मीडिया उन विचारों का खंडन करने और ऐसे विचारों को पेश करने की स्थिति में है कि केवल स्पिन पिचों की ही आलोचना करना अनुचित है तो ही यह संतुलित बातचीत होगी। कोहली ने तीसरे टेस्ट मोटेरा की पिच पर अपनी टीम विफलता के लिए बल्लेबाजों की तकनीक को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण चीज यह है कि हर कोई स्पिन पिच के राग के साथ खेलता रहता है और जहां तक यह उपयोगी रहता है तब तक इसे खबर बनाए रखता है। फिर एक टेस्ट मैच होता है, अगर आप चौथे या पांचवें दिन जीत जाते हो तो कोई भी कुछ नहीं कहता लेकिन अगर यह दो दिन में खत्म हो जाता है तो हर कोई इसी मुद्दे को आलापता रहता है। जब उनसे पूछा गया कि इस तरह की चुनौतीपूर्ण स्पिन पिचों पर विकेट बचाए रखने के लिए किस तरह के कौशल की जरूरत होती है तो कोहली ने मजबूत डिफेंस पर जोर दिया लेकिन साथ ही वह मानते हैं कि छोटे प्रारूप की वजह से अब यह भी मजबूत नहीं है। कोहली ने कहा कि डिफेंस सबसे जरूरी है। लेकिन सफेद गेंद के क्रिकेट के असर की वजह से टेस्ट क्रिकेट में लगातार नतीजे मिल रहे हैं, लेकिन ऐसा इसलिए हो रहा है कि क्योंकि बल्लेबाजी के रक्षात्मक हिस्से से समझौता किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इन दिनों चार-पांच सत्र तक खेलने पर ध्यान नहीं है, हर कोई बोर्ड पर तेजी से 300 से 350 रन जुटाना चाहता है। शायद लोग डिफेंस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, उन्हें अन्य प्रारूप में खेलने के लिए ढलना होता है इसलिए खेल में तेजी आ गई है। भारतीय कप्तान ने कहा कि इसलिए निश्चित रूप से कौशल की जरूरत होती है और यह सिर्फ स्वीप शॉट खेलना नहीं होता। मेरे लिए यह डिफेंस है। बल्लेबाजी का यह पहलू थोड़ा पीछे हो गया है। कोहली ने न्यूजीलैंड में भारत को मिली एक हार का जिक्र किया जिसमें टीम तेज गेंदबाजों के मुफीद पिच पर जूझ रही थी। उन्होंने कहा कि किस तरह तब पिच की नहीं बल्कि बल्लेबाजों की तकनीक की आलोचना की गई थी।

उन्होंने कहा कि हम न्यूजीलैंड में 36 ओवर में तीसरे दिन ही हार गए थे। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे यहां किसी ने भी पिच के बारे में नहीं लिखा था।

इसमें सिर्फ यही था कि भारत न्यूजीलैंड में कितना खराब खेला। कोहली ने कहा कि किसी भी पिच की आलोचना नहीं की गई थी, पिच कैसा बर्ताव कर रही थी, गेंद कितनी मूव कर रही थी, पिच पर कितनी घास थी, इसे देखने कोई नहीं आया।

## पिच बिलकुल पिछले टेस्ट जैसी लग रही है: रूट

**अहमदाबाद**। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने बुधवार को कहा कि भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट के लिए पिच तीसरे टेस्ट मैच की पिच के समान दिख रही है जिसमें उनकी टीम को दो दिन के अंदर करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि मेहमान टीम ने पिछले मैचों से सबक सीख लिया है और वे गुरूवार से शुरू होने वाली चुनौती के लिए तैयार हैं। भारत को जून में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिए इस मैच को जीतने या ड्रा कराने की जरूरत है जबकि इंग्लैंड के लिए जीत थोड़ा खोया आत्मविश्वास हासिल करने में मदद करेगी। रूट से जब पिछले टेस्ट की पिच पर चल रही बहस के बारे में और चौथे टेस्ट के लिए पिच कैसी दिख रही है, इसके बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह (पिच) बिलकुल उसी पिच की तरह दिख रही है। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीज यही है कि हम पिछले दो टेस्ट मैचों से सबक सीखें और सुनिश्चित करें कि हम इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने यहां चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह अहम है कि अगर हम पहली पारी में उसी स्थिति में पहुंच जाएं तो हम सचमुच इसका फायदा उठाएं। और फिर स्कोरबोर्ड पर रन बनाकर मैच में शुरू में दबदबा बनाएं। रूट ने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाज साझेदारियां बनाना चाहेंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज, अगर आप रन नहीं बनाते हो तो आपको हमेशा खुद को देखना होगा, आपको कोशिश करनी होगी और सुधार करने के तरीके ढूंढने होंगे और हमने निश्चित रूप से ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि अगर इस बार भी पिच वैसी ही होती है तो हम बड़ी साझेदारियां बनाने के तरीके ढूंढेंगे और कुछ अच्छा स्कोर बनाएंगें। रूट ने कहा कि टीम ने अभी अंतिम एकादश या द्वादश नहीं चुनी है लेकिन स्पष्ट किया कि ऑफ स्पिनर डॉम बेस निश्चित रूप से चुने जाएंगे

## टोक्यो ओलंपिक में नहीं होंगे विदेशी दर्शक

**टोक्यो**। कोरोना महामारी के कारण एक साल बाद हो रहे टोक्यो ओलंपिक में विदेशी प्रशंसकों को अनुमति मिलने की संभावना नहीं है। जापान के अखबार मेनिची ने बुधवार को कहा कि इस बारे में फैसला ले लिया गया है। इसने चर्चा में शामिल सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार ने कहा कि अंतिम फैसला एक महीने के भीतर ले लिया जाएगा। एक अज्ञात सरकारी अधिकारी के हवाले से अखबार ने कहा कि मौजूदा हालात में विदेशी दर्शकों को प्रवेश की अनुमति देना संभव नहीं है। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक आयोजकों ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति, अंतरराष्ट्रीय पैरालम्पिक समिति, टोक्यो मेट्रोपोलिटन प्रशासन और जापान सरकार के प्रतिनिधियों के साथ आनलाइन बैठक की।

## डेविड वार्नर ने गलती स्वीकारी

**सिडनी**। आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ श्रृंखला में खेलने के लिए चोट से वापसी में जल्दबाजी करना संभवत: सही फैसला नहीं था जिसके कारण उनका रिहैबिलिटेशन का समय लंबा हो गया। भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान ग्रोइन की चोट के कारण वार्नर पहले दो टेस्ट में नहीं खेल पाए थे लेकिन सिडनी और ब्रिसबेन में हुए अंतिम दो टेस्ट खेले थे। 34 साल के वार्नर ने दो टेस्ट की चार पारियों में 5, 13,1 और 48 रन बनाए और साफ दिख रहा था कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं हैं। भारत ने गाबा में जीत के साथ टेस्ट श्रृंखला में 2-1 की एतिहासिक जीत दर्ज की।

## मैनचेस्टर सिटी की लगातार 21वीं जीत

**मैनचेस्टर**। मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में मंगलवार को वोल्वरहैम्पटन को एकतरफा मुकाबले में 4-1 गोल से हराकर लगातार 21वीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ मैनचेस्टर सिटी ने अंक तालिका में 15 अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर सिटी ने लिएंडर डेनडोंकर के 15वें मिनट में आत्मघाती गोल से बढ़त बनाई। वोल्वरहैम्पटन को 61वें मिनट में कोनोर कोडी ने बराबरी दिला दी। मैच ड्रा की ओर बढ़त दिख रहा था लेकिन गैब्रियल जीसस (80वें और 90 प्लस तीन मिनट) और रियाद मेहरेज (90वें मिनट) ने अंतिम 10 मिनट में तीन गोल दागकर टीम की 4-1 गोल से जीत सुनिश्चित की।

## भारतीय हाकी टीम ने जर्मनी से ड्रा खेला

क्रेफेल्ड (**जर्मनी**)। भारतीय पुरुष हाकी टीम ने यूरोप के चार मैच के दौरे के दूसरे मुकाबले में यहां जर्मनी से 1-1 से ड्रा खेला। जरमनप्रीत ने भारत के लिए चौथे मिनट में खाता खोला जबकि मार्टिन हैनर ने जर्मनी के लिए बराबरी गोल दागा। शुरूआती मैच में 6-1 से दबदबे वाली जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से भरी चौथे नंबर की भारतीय टीम ने मेजबानों के खिलाफ आक्रामक शुरूआत की और चौथे ही मिनट में पेनल्टी कार्नर हासिल कर लिया जिसे डिफेंडर जरमनप्रीत ने शानदार स्लैप शॉट से गोल में बदल दिया, लेकिन दो मिनट के भीतर ही मेजबानों ने वापसी की और पेनल्टी कार्नर हासिल कर बराबरी करने का मौका प्राप्त किया, पर इसका फायदा नहीं उठा सके।

## पेले को टीका लगा

**साओ पाउलो**। ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले को कोविड-19 टीका लगा जिसके बाद उन्होंने इसे कभी नहीं भुलाया जाने वाला दिन करार दिया। 80 साल के महान फुटबॉलर पेले ने अपने सोशल मीडिया चैनलों पर इस खबर को साझा करते हुए तस्वीर भी डाली जिसमें उनके दाएं हाथ में टीका लगाया जा रहा है। तीन बार विश्व कप जीतने वाली ब्राजील की टीम का हिस्सा रहे पेले ने यह खुलासा नहीं किया कि उन्हें यह टीका कहां लगाया गया।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम परिवर्तन

मै, कुश पुत्र श्री संजय शर्मा (DOB: 21.12.1994, Aadhar No-687839025863) निवासी: B-12, मनु अप्पार्टमेंट्स, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली-110091 ने अपना नाम बदलकर हार्दिक वशिष्ठ पुत्र श्री संजय शर्मा कर लिया है। आगे से मुझे इसी नाम से जाना जाये।
PD(8942)A

मै, लव पुत्र श्री संजय शर्मा, (DOB: 21.12.1994 Aadhar No-845279079403) निवासी:B-12, मनु अप्पार्टमेंट्स, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली-110091 ने अपना नाम बदलकर हर्षित वशिष्ठ पुत्र श्री संजय शर्मा कर लिया है। आगे से मुझे इसी नाम से जाना जाये।
PD(8943)A

## आईसीसी टी-20 रैंकिंग : राहुल दूसरे स्थान पर बरकरार, कोहली छठे स्थान पर पहुंचे

**दुबई**। भारतीय क्रिकेटर लोकेश राहुल ने बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग की बल्लेबाजी सूची में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा जबकि कप्तान विराट कोहली एक पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। राहुल 816 अंक से इंग्लैंड के डेविड मलान (915) से पीछे हैं जो अपने शीर्ष स्थान पर डटे हुए हैं जबकि कोहली के 697 अंक हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (801) एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि आस्ट्रेलिया के सफेद गेंद के कप्तान आरोन फिंच (788) चौथे स्थान पर खिसक गए। दक्षिण अफ्रीका के वान डर डुसेन (700) भी सूची में एक पायदान के लाभ से पांचवें स्थान पर पहुंच गए। न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों के स्थानों में दोनों देशों के बीच चल रही श्रृंखला के पहले दो मैचों के बाद अपडेट हुई रैंकिंग में काफी बदलाव हुआ है। न्यूजीलैंड के डेवन कोनवे ने शुरूआती मैच में नाबाद 99 रन बनाए थे जिससे वह 46 पायदान के फायदे से महज आठ मैचों के बाद ही 17वें स्थान पर जबकि सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल 97 रन की पारी के बूते तीन पायदान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंचे। आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस 77 पायदान की छलांग से 110वें जबकि मैथ्यू वेड 118वें नंबर पर हैं। गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पांच स्थानों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## आईपीएल की आलोचना के लिए स्टेन ने माफी मांगी

**नई दिल्ली**। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आलोचना करने के लिए बुधवार को माफी मांगते हुए कहा कि उनका दुनिया के सबसे बड़े फ्रेंचाइजी आधारित टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट को नीचा दिखाने या अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। स्टेन ने कहा कि उनके इस बयान को सोशल मीडिया पर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया कि आईपीएल में पैसों की बात के बीच कई बार क्रिकेट को भुला दिया जाता है। स्टेन ने ट्वीट किया कि मेरे करियर में आईपीएल शानदार रहा, अन्य खिलाड़ियों के लिए भी। मेरा इरादा कभी इसे नीचा दिखाने का नहीं था।

## स्विस ओपन:श्रीकांत जीते, सात्विक अश्विनी की जोड़ी ने किया उलटफेर

### समीर की चुनौती समाप्त

**भाषा**। बासेल

**शीर्ष** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां हमवतन समीर वर्मा की चुनौती समाप्त करते हुए स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में अपना अभियान जीत से शुरू किया। चौथे वरीय श्रीकांत ने 2015 में यह खिताब जीता था, उन्होंने पुरूष एकल के शुरूआती दौर के मैच में एक घंटे से थोड़ा ज्यादा समय तक चले कड़े मुकाबले में 2018 के विजेता समीर को 18-21 21-18 21-11 से शिकस्त दी। अब दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी का सामना फ्रांस के थॉमस रूक्सेल और कनाडा के जियाडोंग शेंग के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

बीती रात सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने शुरूआती दौर में इंडोनेशिया के हाफिज फैजल और ग्लोरिया इमैनुअल विदजाजा की दूसरी वरीय और विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर की जोड़ी को 21-18 21-10 से हराकर उलटफेर किया। पिछले एक महीने से नए विदेशी कोच माथियास बो के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग कर रही सात्विक और अश्विनी की जोड़ी की भिड़ंत अब एक अन्य इंडोनेशियाई जोड़ी - रिनोव रिवाल्डी और पिठा हैनिंगटायस मेंटारी -से होगी।

एक अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी को हालांकि इंग्लैंड के मार्कस एलिस और लॉरेन स्मिथ की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 39 मिनट में 18-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## एगर के छह विकेट से आस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में न्यूजीलैंड को हराया

**भाषा**। वेलिंगटन

**ग्लेन** मैक्सवेल और आरोन फिंच के अर्धशतक के बाद एशटन एगर के छह विकेट की बदौलत आस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में न्यूजीलैंड को 64 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला जीतने की उम्मीद बरकरार रखी है। मैक्सवेल ने 31 गेंद में आठ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 70 रन की पारी खेली जबकि फिंच ने 44 गेंद का सामना करते हुए आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 69 रन जोड़े जिससे आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 208 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जोश फिलिप ने भी 43 रन का योगदान दिया।मैक्सवेल ने सिर्फ 25 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और अपनी पारी के दौरान जिमी नीशाम के एक ओवर में दो छक्कों और चार चौकों की मदद से 28 रन जुटाए। इसके जवाब में एगर (30 रन पर छह विकेट) और अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर रहे रिली मेरेडिथ (24 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने न्यूजीलैंड की टीम 17.1 ओवर में 144 रन पर ढेर हो गई। मेरेडिथ ने टिम सीफर्ट (04) और न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (09) को जल्द पवेलियन भेजा जिसके बाद एगर ने लगातार छह विकेट चटकाए।

# सेंसेक्स ने 1148 अंक की लगाई छलांग

### निफ्टी 15,200 अंक के पार

**भाषा**। मुंबई

**शेयर** बाजारों में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और सेंसेक्स 1,148 अंक की लंबी छलांग के साथ 51,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं निफ्टी 15,200 अंक के ऊपर पहुंच गया। वित्तीय और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,147.76 अंक या 2.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,444.65 अंक पर बंद हुआ। यह दो फरवरी के बाद सेंसेक्स में एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त है। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,243 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 326.50 अंक या 2.19 प्रतिशत के लाभ से 15,245.60 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 43 शेयर लाभ के साथ बंद हुए। इस तरह तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,344.66 अंक या 4.77 प्रतिशत और निफ्टी 716.45 अंक या 4.93 प्रतिशत चढ़ चुका है।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी तथा एक्सिस बैंक में अच्छा लाभ दर्ज हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 27 बढ़त में रहे। बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे अधिक 5.15 प्रतिशत चढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 4.52 प्रतिशत के लाभ में रहा। मंगलवार को संपन्न हुई स्पेक्ट्रम नीलामी में रिलायंस जियो ने 57,122.65 करोड़ रुपए में 488.35 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा है। विश्लेषकों का कहना है कि जियो तथा भारती एयरटेल द्वारा स्पेक्ट्रम के अधिग्रहण से इन दोनों दूरसंचार कंपनियों को अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारती एयरटेल ने 18,699 करोड़ रुपये में 355.45 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि दुनियाभर के बाजारों में उत्साह है। अब बाजार का ध्यान ऊंचे मूल्यांकन से मजबूत आर्थिक पुनरुद्धार और आमदनी में वृद्धि की ओर स्थानांतरित हो चुका है। वैश्वक धारणा के अनुकूल भारतीय बाजार भी चढ़ रहे हैं।

गुमशुदा की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक लड़का जिसका नाम **विक्की कुमार, पुत्र** बीना नाथ यादव **पता**- ग्राम नकटपुरा, पीएस बिहार शरीफ, जिला नालंदा, बिहार। उक्त लड़का दिनांक 25.01.2021 से बी-68, सूरज पार्क, गली नंबर 06, बादली, दिल्ली से गुमशुदा है। इस संबंध में **एफ आई आर नं 51/21 दिनांक 30.01.2021 धारा 363 भादस को पुलिस थाना सामयपुर बादली, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा लड़का की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा लड़का का विवरण इस प्रकार है:


विक्की कुमार

**नाम**: विक्की कुमार, **लिंग**: पुरुष, **उम्र**: 15 वर्ष, **कद**: 5', **रंग**: सावला, **चेहरा**: अंडाकार, **शारीरिक गठन**: पतला, **पहनावा**: काले रंग की जैकेट, नीले रंग की जींस, पैरों में सफेद और नीले रंग के जूते पहने हुआ है।
इस गुमशुदा लड़का के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी सामयपुर बादली, दिल्ली को सूचित करे।
ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
थाना प्रभारी
पुलिस थाना, सामयपुर बादली, दिल्ली
फोन न.: 011-27854799
DP/790/ON/2021

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल श्री राजेश कुमार पुत्र श्री टेक चन्द व श्रीमती रेनू पत्नी श्री राजेश कुमार निवासीगण-RZ-17/290, गली नं०-5, गीतांजली पार्क, नई दिल्ली, पश्चिम सागरपुर, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली, दिल्ली-110046 ने अपने पुत्र आशीष कुमार पुत्र श्री राजेश कुमार उम्र 23 वर्ष निवासी:-RZH-67, गली नं०-2, ब्लॉक-एच, हरिजन बस्ती, पश्चिम सागरपुर, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली, दिल्ली-110046 को उसके दुर्व्यवहारवश अपने समस्त सम्बन्ध-विच्छेद करके अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि कोई उससे लेन-देन रखेगा तो इसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
C.P. Sharma (Advocate)
Seat No.28, Hall No.2, Dwarka Court Complax, Sec.-10, New Delhi-110075

सार्वजनिक सूचना: ID कार्ड के खो जाने संदर्भ में:
यह आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि ICICI Bank Ltd. द्वारा जारी किए गए श्री रवि पवॉर का एक ID कार्ड, ID कार्ड नं. - 06090 जो दिनांक 25.02.2021 को खो गया है। किसी को भी, जिसे उक्त ID कार्ड मिलता है, से अनुरोध किया जाता है कि वह उक्त ID कार्ड को The Manager, Debt Services & Management Group, ICICI Bank Ltd. S.D. Tower, Rohini, Delhi - 110085 को लौटा दे।
इसलिए, ICICI Bank Ltd. के सभी ग्राहको को, इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त ID कार्ड नं. - 06090 रखने वाले किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान न करें।
कृपया आगे ध्यान दें कि उक्त ID कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला व्यक्ति अपनी लागत और जोखिम पर ऐसा करेगा और ICICI Bank Ltd. किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और / या जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांक: 04.03.2021 हस्ताक्षर
स्थान: दिल्ली ICICI Bank Limited

PUBLIC NOTICE
NOTICE is hereby given that I, Suraj Sharma is purchasing the House No. A-267, MIG Flat on Ground Floor at Brij Vihar Sector-8, THA, Tehsil & Distt., Ghaziabad, (U.P) from Rohit Bandhu, Akshay Bandhu, Kamna Vedh Arya and Kamlesh legal heirs of Late Prakash, Mr. Prakash was the absolute owner of the same vide Transfer Deed dated 03.05.2002 (Doc. 2649)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage(equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, 9810063351

पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा सूचना
मण्डल रेल प्रबन्धक (वा.), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु मुहरबंद खुली निविदायें (निविदा सूचना सं. 02/2021-वाणिज्यिक विज्ञापन) आमंत्रित की जाती है:-
**निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण:** (02/2021-वाणिज्यिक विज्ञापन) तीन वर्ष हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, इज्जतनगर एवं वाराणसी मण्डल के आरक्षण कार्यालय में प्रयोग होने वाले आरक्षण टिकट 1.30 करोड़ प्रति वर्ष की फ्री सप्लाई एवं (मल्टी-कलर {4-कलर}) विज्ञापनों के लिये सोलराईट ठेके हेतु खुली निविदा। (निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा नियम व शर्तो इत्यादि की पूर्ण जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है), अनुमानित लागत (रू. में) रू.: ₹ 30,74,500/- (तीस लाख चौहत्तर हजार पाँच सौ मात्र), धरोहर राशि (रू. में): ₹ 1,84,500/-, निविदा प्रपत्र की दर: ₹ 5,000/- (रू. पाँच हजार मात्र)
◆ निविदा फार्म बिक्री एवं तिथि एवं समय: दिनांक 03-03-2021 से 23-03-2021 तक 17:00 बजे तक (कार्यालय कार्य दिवस एवं घण्टों में) ◆ निविदा डालने की तिथि एवं समय: दिनांक 24-03-2021 से 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। ◆ निविदा खोलने की तिथि एवं समय: दिनांक 24-03-2021 को 15:00 बजे। ◆ विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा नियम व शर्तो की पूर्ण जानकारी वेब साइट http://www.ner.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है तथा मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, अशोक मार्ग, लखनऊ से भी प्राप्त कर सकते हैं।
मण्डल रेल प्रबन्धक/वा0
मुजाधि/वाणिज्य-89 लखनऊ
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# भारतवंशी नीरा टंडन ने अपना नामांकन वापस लिया



● व्हाइट हाउस मे अहम पद के लिए किया था नामांकन

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतवंशी नीति** विशेषज्ञ नीरा टंडन ने व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट (ओएमबी) के निदेशक पद के लिए किया गया अपना नामांकन मंगलवार को वापस ले लिया। टंडन द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पहले की कई विवादित पोस्ट के कारण डेमोक्रेटिक और रिपब्लिक सीनेटरों की ओर से उन्हें कड़े विरोध का सामना करना पड़ा।

टंडन (50) के नामांकन की पुष्टि का रास्ता पहले ही कठिन था क्योंकि उन्हें कई सांसदों के खिलाफ ट्वीट करने पर विरोध का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने अपनी ही पार्टी के कई सांसदों के खिलाफ भी ट्वीट किए थे।टंडन वाम रूझान वाले थिंक टैंक सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस की अध्यक्ष हैं। उनके नाम की पुष्टि यदि हो जाती तो वह राष्ट्रपति के एजेंडा के लिए प्रस्तावित बजट तैयार करने से जुड़े अहम आर्थिक पद पर आसीन होतीं।ओएमबी व्हाइट हाउस में बजट निर्माण प्रक्रिया का प्रभारी होता है तथा नए नियमों को जारी करने में भी उसकी बड़ी भूमिका होती है। नामांकन वापस लेने के टंडन के अनुरोध को बाइडन ने मंगलवार को स्वीकार कर लिया और संकेत दिए हैं कि उन्हें किसी अन्य पद पर प्रशासन में लाया जा सकता है।

टंडन द्वारा नामांकन वापस लेना बाइडन के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि उनके द्वारा नामित व्यक्तियों में वह पहली हैं जिन्हें हार का सामना करना पड़ा है। कैबिनेट के लिए नामित 23 में से 11 व्यक्तियों के नामों की पुष्टि हो चुकी है, ज्यादातर को दोनों दलों का मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ है।

बाइडन ने एक वक्तव्य में कहा, ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट के निदेशक पद के लिए किए गए नामांकन को वापस लेने के नीरा टंडन के अनुरोध को मैंने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा, मैं उनके अनुभव, कौशल और विचारों का बहुत सम्मान करता हूं और चाहता हूं कि मेरे प्रशासन में उनकी कोई भूमिका हो। इससे पहले बाइडन को लिखे पत्र में टंडन ने कहा था, इस भूमिका के लिए मेरे नाम पर विचार होना, मुझमें इतना भरोसा दिखाना सम्मानजनक बात है। मैं यह पत्र ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट के निदेशक पद के लिए किया गया अपना नामांकन वापस लेने के लिए लिख रही हूं। उन्होंने लिखा, आपने और व्हाइट हाउस में आपकी टीम ने मेरे नाम की पुष्टि कराने के लिए बहुत मेहनत की जिसकी कि मैं सराहना करती हूं। दुर्भाग्य से यह स्पष्ट नजर आ रहा है कि मेरे नाम की पुष्टि के लिए अब आगे कोई रास्ता नहीं है और मैं नहीं चाहती कि मेरे नाम पर लगातार विचार होने से अन्य प्राथमिकताओं से आपका ध्यान भटके। टंडन के नामांकन पर संकट के बादल इसलिए मंडरा रहे थे क्योंकि उन्होंने कई रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सीनेटरों के खिलाफ सैकड़ों ट्वीट किए थे और जन प्रतिनिधियों ने इसके बदले सीनेट में उनकी पुष्टि की कार्वाई में उनके खिलाफ मतदान करने का संकल्प लिया था।

टंडन ने अपने नामांकन की पुष्टि की प्रक्रिया आरंभ होने से पहले कथित तौर पर अपने एक हजार से अधिक ट्वीट हटा दिए थे। पिछले महीने पुष्टि की सुनवाई के दौरान उन्होंने सीनेटरों से माफी भी मांगी थी। लेकिन सीनेटरों की नाराजगी दूर नहीं हुई।



बीटवीलिया में भारी बारिश के बाद ड्रोन द्वारा ली गई बाढ़ग्रस्त क्षेत्र की फोटो

# चीन का जून तक 40 प्रतिशत लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य

**एपी।** ताइपे

**चीन के स्वास्थ्य** विशेषज्ञों ने कहा है कि उनका देश कोरोना वायरस टीकाकरण के मामले में सुस्त है, क्योंकि उसने बड़े स्तर पर महामारी पर काबू पा लिया है, लेकिन उसकी जून तक देश की 40 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण करने की योजना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग से जुड़े विशेषज्ञों के एक समूह का नेतृत्व कर रहे झोंग नानशान ने ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन और त्सिंगहुआ यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अमेरिकी एवं चीनी चिकित्सकीय विशेषज्ञों के ऑनलाइन कार्यक्रम में सोमवार को कहा कि देश में 28 फरवरी तक पांच करोड़ 252 लाख लोगों को टीका लगाया जा चुका था।चीन ने दिसंबर मध्य से टीकाकरण शुरू किया था। इसके बाद से उसने सार्वजनिक तौर पर पहली बार टीकाकरण संबंधी कोई संख्या बताई है।झोंग ने कहा कि चीन अन्य देशों की तुलना में टीकाकरण में धीमा रहा है। उसने 1.4 अरब की जनसंख्या में अब तक प्रति 100 लोगों में 3.56 को टीके की खुराक दी हैं। इस मामले में सबसे आगे इजराइल है, जिसने प्रति 100 लोगों में से 94 लोगों को खुराक दे दी हैं। अमेरिका में प्रति 100 में से 22 लोगों को टीका लगाया गया है।चीनी स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा कि देश के पास अपनी जनसंख्या के लिए टीकों की पर्याप्त आपूर्ति है और उसने करीब आधा अरब खुराक अन्य देशों में भेजने का संकल्प लिया है।संक्रामक रोग विशेषज्ञ झांग वेनहोंग ने कहा, चीन में संक्रमण को व्यापक स्तर पर काबू किए जाने के कारण टीकाकरण की मौजूदा गति बहुत धीमी है, लेकिन मुझे लगता है कि देश के पास पर्याप्त क्षमता है। चीन में स्वीकृत चार टीकों के निर्माताओं का कहना है कि वे इस साल के अंत तक 2.6 अरब खुराक तैयार कर सकते हैं। इसके बावजूद चीन की बड़ी आबादी का टीकाकरण मुश्किल काम होगा।झांग ने कहा कि यदि प्रतिदिन एक करोड़ लोगों का भी टीकाकरण किया जाए, तो भी 70 प्रतिशत आबादी के

# जातिगत भेदभाव के मामले में न्यायमित्र बनने के लिए एआईसी ने अदालत में दाखिल की याचिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**जातिगत भेदभाव** के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे अमेरिका के संगठन आम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र (एआईसी) ने कार्यक्षेत्र में जातिगत भेदभाव के एक मामले में न्यायमित्र बनाए जाने का अनुरोध करने वाली एक याचिका कैलिफोर्निया सुप्रीम कोर्ट में दायर की है।न्यायमित्र वह संगठन या व्यक्ति होता है, जो मामले में कोई पक्षकार नहीं होता, लेकिन उसे अपना रुख रखने के लिए या मामले संबंधी कोई तथ्य रखने के लिए अदालत को सलाह देने की अनुमति दी जाती है।कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ फेयर एम्प्लायमेंट एंड हाउसिंग (डीएफईएच) बनाम सिस्को सिस्टम्स इंक, सुंदर अय्यर एवं रमना कोम्पेला कार्यक्षेत्र में जातिगत भेदभाव के मामले की सुनवाई नौ मार्च को होनी है। कैलिफोर्निया नियामकों ने पिछले साल सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ मुकदमा दायर करते हुए कहा था कि कंपनी के सिलिकॉन वैली स्थित मुख्यालय में एक इंजीनियर को एक दलित भारतीय होने के कारण भेदभाव का सामना करना पड़ा था।कैलिफोर्निया राज्य का आरोप है कि इस बड़ी आईटी कंपनी ने निचली समझी जाने वाली एक जाति के परिवार में जन्मे भारतीय मूल के कर्मी के नागरिक अधिकार कानूनों का उल्लंघन किया। एआईसी ने इस मामले में अपनी सलाह देने और जातिगत भेदभाव पर विस्तार से जानकारी देने के लिए न्यायमित्र बनाए जाने का अनुरोध किया है।एआईसी ने कहा कि इस मामले की सुनवाई उन लोगों के जीवन को प्रभावित करेगी, जिन्हें जाति के आधार पर भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। एआईसी ने कहा कि उसका दृढ़ विश्वास है कि दलितों के लिए न्याय की लड़ाई में कानूनी सुरक्षा सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

## क्विक न्यूज

### भारत-अमेरिका संबंध गांधी-लूथर किंग की विरासत की गवाही देते हैं: भारतीय राजनयिक

**वाशिंगटन।** शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूत अमित कुमार ने कहा है कि वर्तमान में भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंध महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर की विरासत की गवाही देते है।अमेरिकी संसद के बहु परामर्श कार्यबल द्वारा 26 फरवरी को मेट्रोपॉलिटन एशियन फैमिली सर्विस के साथ आयोजित पहले गांधी किंग विरासत गोलमेज सम्मेलन में कुमार ने यह बात कही। शिकागो में पिछले सप्ताह आयोजित सम्मेलन में कुमार ने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत और सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका के बीच मौजूदा संबंध गांधी-किंग विरासत की सबसे बड़ी गवाही देते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से बचाव के लिए भारत में निर्मित टीकों की विभिन्न देशों को आपूर्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक नेतृत्व का एक शानदार उदाहरण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद डेनी के डेविस ने अपने संबोधन में कहा, मार्टिन लूथर किंग जूनियर गांधी के अनुयाई थे। गांधी के कई सिद्धांतों को मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने अपनाया। इसलिए यह जरूरी है कि हमारे निर्वाचित नेता और समुदाय के नेता शिकागो और अन्य स्थानो पर अफ्रीकी और भारतीय समुदायों के बीच उसी भागीदारी को और मजबूत करें।

### नवलनी को जहर देने के आरोप में अमेरिका ने रूस के सात अधिकारियों पर लगाया प्रतिबंध



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस में विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी को नर्व एजेंट देकर उनकी हत्या की कोशिश करने के बहुचर्चित मामले में रूस के सात अधिकारियो पर मंगलवार को प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन द्वारा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगियो पर प्रतिबंध लगाने का यह पहला मामला है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि अमेरिका के खुफिया विभाग के लोगों का यह आकलन है कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने विपक्ष के नेता को 20अगस्त 2020 को नर्व एजेंट दिया था। उन्होंने कहा, किसी भी तरह के रासायनिक हथियार का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धताओं और सभ्य आचरण के नियमों का सीधा उल्लंघन है और हमारी आज की कार्वाई कई श्रेणियो पर है,तथा सरकार की प्रतिक्रिया को दर्शाती है। हम रासायिक एवं जैविक हथियार अधिनियम को ईमानदारी के साथ लागू करने की दिशा में कांग्रेस के साथ मिल कर काम कर रहे है। साकी ने कहा कि अमेरिका रूसी सरकार के सात वरिष्ठ अधिकारियो पर प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा करता है। उन्होने कहा , हम नवलनी को बिना किसी शर्त के तत्काल रिहा करने की हमारी मांग दोहराते है। प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैसी पेलोसी ने कहा कि इस प्रकार का कदम उठा कर राष्ट्रपति बाइडन क्रेमलिन को और पूरी दुनिया को यह कड़ा और स्पष्ट संदेश दे रहे है कि कानून के शासन पर हमले के मॉस्को के युग का अंत हो चुका है।

### भारतवंशी दवा कारोबारी को दवाइयों की काला बाजारी के जुर्म में जेल

**लंदन।** ब्रिटेन मे भारतीय मूल के एक दवा कारोबारी को चिकित्सक के पर्चे के आधार पर ही दी जाने वाली दवाइयो की काला बाजारी करने के जुर्म मे 12 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है।बलकीत सिंह खैरा वेस्ट ब्रोमविच में अपनी मां की खैरा फार्मेसी मे काम करता था। उसे बर्मिंघम क्राउन अदालत ने मंगलवार को सजा सुनाई।अदालत को बताया गया कि 36 वर्षीय आरोपी ने सिर्फ चिकित्सक के पर्चे के आधार पर ही दी जाने वाली दवाओं को 2016 और 2017 के दौरान बेचा और बड़ा मुनाफा कमाया।मामले का नेतृत्व करने वाले ब्रिटेन के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उत्पाद नियामक प्राधिकरण (एमएचआरए) के साथ कानून लागू करने वाली एजेंसी के अधिकारी ग्रांट पॉवेल ने कहा, नियंत्रित, गैरलाइसेसीकृत या डॉक्टर के पर्चे के आधार पर ही दी जाने वाली दवा को इस तरीके से बेचना गंभीर अपराध है। इस सप्ताह खैरा के अपना गुनाह कबूल कर लिया था जिसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया। खैरा ने 2008 में फार्मासिस्ट की डिग्री ली थी और वह पारिवारिक कारोबार खैरा केयर लिमिटेड मे काम करता था। हालांकि मामले मे उसकी मां आपराधिक गतिविधि में लिप्त नही पाई गई।अंतरिम आदेश के तहत खैरा का नाम जनरल फार्मास्युटिकल काउंसिल के फार्मासिस्ट रजिस्टर से हटा दिया गया है। यानी अब वह अदालत के आदेश आने तक बतौर फार्मासिस्ट काम नही कर सकेगा।

# इराक में अमेरिकी बलों की मौजूदगी वाले सैन्य हवाईअड्डे पर रॉकेट दागे गए: अमेरिकी बल

**बगदाद ।** पश्चिमी इराक में अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन बलों की मौजूदगी वाले एक सैन्य हवाईअड्डे को निशाना बनाकर बुधवार को कम से कम 10 रॉकेट दागे गए।गठबंधन और इराकी बलों ने यह जानकारी दी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमले में कोई हताहत हुआ है या नहीं। गठबंधन के प्रवक्ता कर्नल वायने मारोट्टो ने बताया कि अनबर प्रांत के ऐन अल-असद सैन्य हवाईअड्डे पर सुबह सात बजकर 20 मिनट पर रॉकेट दागे गए। मारोट्टो ने बताया कि इराकी सुरक्षा बल इस हमले की जांच का नेतृत्व कर रहे हैं। बाद में, इराकी सेना ने एक बयान में कहा कि हमले में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और सुरक्षा बलों ने मिसाइलों के लिए इस्तेमाल किए गए लॉन्च पैड का पता लगा लिया है।यह रॉकेट हमला ऐसे समय में हुआ है, जब दो दिन बाद पोप फ्रांसिस इराक की यात्रा पर आने वाले हैं और इस दौरान उनका बगदाद, दक्षिणी इराक और इरबिल जाने का कार्यक्रम है।अमेरिका ने पिछले सप्ताह सीरिया-इराक की सीमा के पास ईरान-समर्थित मिलिशिया संगठनों के ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए थे, जिसके बाद यह पहला हमला है। इस हमले के बाद से आशंका जताई जा रही थी कि अमेरिका के हमले के जवाब में हमला हो सकता है। पिछले साल बगदाद हवाईअड्डे के बाहर अमेरिका के हमले में इराकी जनरल कासिम सुलेमानी की मौत हो गई थी।अमेरिका ने उसके बलों की मौजूदगी वाले स्थानों को निशाना बनाकर किए गए रॉकेट हमलों के जवाब में पिछले सप्ताह ईरान समर्थित मिलिशिया संगठनों पर हमला किया था।पेंटागन ने हमले के बाद कहा था कि ए हवाई हमले इस माह की शुरुआत में उत्तरी इराक में इरबिल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास किए गए रॉकेट हमले के जवाब में किए गए थे, जिसमें एक असैन्य कॉन्ट्रेक्टर की मौत हो गई थी और गठबंधन के कई अन्य लोग घायल हो गए थे।




नैरोबी के केनयता अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची कोविड वैक्सीन की पहली खेप

# सीरिया में कोविड-19 टीकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संरा संग काम करने को भारत तत्पर

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**दुनियाभर के** देशों को कोविड-19 टीकों की अहम आपूर्ति करने वाले भारत ने कहा है कि वह महामारी के कारण पैदा हुए गंभीर हालात का सामना कर रहे सीरिया के लोगों को टीकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र एवं उसकी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने को लेकर तत्पर है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थाई प्रतिनिधि के नागराज नायडू ने सीरिया में मानवाधिकार हालात पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्चस्तरीय पैनल से कहा कि भारत इस जरूरत के समय में सीरिया के लोगों के साथ खड़ा है।नायडू ने कहा, 10 साल तक चले सीरियाई संघर्ष के कारण सीरिया के लोगों को बहुत कुछ सहना पड़ा है। देश कोविड-19, सर्दी के मौसम और खाद्य असुरक्षा के कारण मुश्किल हालात का सामना कर रहा है, जिसके कारण 62 लाख विस्थापितों समेत एक करोड़ 70 लाख सीरियाई लोगों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। भारत ने द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय माध्यमों से एक करोड़ 20 लाख डॉलर की मानवीय सहायता दी है और पिछले साल जुलाई में वैश्विक महामारी से निपटने में सीरिया की मदद के लिए 10 मीट्रिक टन से अधिक चिकित्सकीय आपूर्ति की गई थी। इस महीने की शुरुआत में 2000 मीट्रिक टन भोजन की आपूर्ति की गई थी।

नायडू ने कहा, हम सीरिया के लोगों के लिए कोविड-19 टीकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने को लेकर तत्पर हैं। दुनियाभर को कोविड-19 टीकों की अहम आपूर्ति मुहैया कराने के कारण भारत की व्यापक स्तर पर प्रशंसा हो रही है।

नायडू ने कहा कि स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग की ताजा रिपोर्ट और संघर्ष में शामिल पक्षों द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन के मामले बताते हैं कि प्रभावशाली देशों की संलिप्तता के कारण इस संघर्ष का अंतरराष्ट्रीयकरण हो गया है।

उन्होंने कहा, हम संघर्ष के सभी पक्षों से अपील करते हैं कि वे राजनीतिक मार्ग पर मौजूदा गतिरोध को दूर करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाएं। उन्होंने कहा कि बाह्य तत्वों की संलिप्तता के कारण सीरिया और क्षेत्र में आतंकवाद बढ़ा है।

## मई के अंत तक अमेरिका में सभी वयस्कों के लिए होंगे पर्याप्त टीके : बाइडन

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि ऐसी उम्मीद है कि मई माह के अंत तक, अर्थात अनुमान से दो महीने पहले ही कोरोना वायरस रोधी इतने टीके मिल जाएंगे जो वयस्क आबादी के लिहाज से पर्याप्त होंगे।

बाइडन प्रशासन ने घोषणा की कि मेर्क एंड कंपनी एक अन्य कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन के हाल में मंजूर किए गए टीके के उत्पादन में मदद देगी।बाइडन ने घोषणा की कि वह संघीय सरकार को प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल करके सभी राज्यों को निर्देश देंगे कि शिक्षकों के टीकाकरण को प्राथमिकता दी जाए, उन्होंने कहा कि संघीय सरकार टीकों की खुराकें अपने फार्मेसी कार्यक्रम के जरिए सीधे मुहैया करवाएगी।उन्होंने राज्यों से कहा कि वे मार्च माह के अंत तक सभी शिक्षकों को टीके की कम से कम एक-एक खुराक जरूर दें। दरअसल बाइडन प्रशासन देशभर में और स्कूलों को पुनः खोलने के प्रयास कर रहा है। बाइडन ने कहा, हमारी तैयारी है, और मई माह के अंत तक अमेरिका में हर वयस्क के लिए टीकों की पर्याप्त आपूर्ति होगी। महामारी के आने से पहले जैसा जीवन था, हालात कब वैसे ही सामान्य होंगे, इस बारे में पूछे जाने पर बाइडन ने कहा, मुझे आगाह किया गया है कि मैं इसका जवाब न दूं क्योंकि इस बारे में हमें कुछ भी निश्चित पता नहीं है। दरअसल अमेरिका में अनेक राज्य वायरस संबंधी पाबंदियों में ढील दे रहे हैं जबकि देश में संक्रामक रोगों के शीर्ष विशेषज्ञ डॉ. एंथनी फाउची ने वायरस के नए स्वरूपों के बारे में चेतावनी देते हुए कहा था कि जब तक देश की 80 फीसदी आबादी का टीकाकरण नहीं किया जाता, तब तक वायरस संबंधी नियमों में छूट नहीं दी जानी चाहिए।

# आईएस ने अफगानिस्तान में तीन महिला मीडियाकर्मियों की हत्या की जिम्मेदारी ली

**एपी।** काबुल

**आतंकवादी संगठन** इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने पूर्वी अफगानिस्तान में एक स्थानीय रेडियो एवं टीवी स्टेशन के लिए काम करने वाली तीन महिलाओं की हत्या की जिम्मेदारी ली है। आईएस ने मंगलवार देर रात इन हमलों की जिम्मेदारी ली, जबकि अफगान सरकार ने इन हमलों के लिए तालिबान को जिम्मेदार ठहराया है। युद्धग्रस्त देश में लोगों को निशाना बनाकर हत्या किए जाने के मामले बढ़े हैं। तीनों मीडियाकर्मियों का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। निजी चैनल के समाचार संपादक और ननगरहर प्रांत के अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं को अलग-अलग स्थानों पर गोली मारी गई।



अफगान अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने तीनों की हत्या के संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान कारी बसर के रूप में की गई है। पुलिस ने कहा कि बसर तालिबानी आतंकवादी है, लेकिन तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने इस दावे को नकार दिया है।नंगरहार पुलिस प्रमुख जनरल जुमा गुल हेमत ने कहा कि बसर ने हमलों के लिए इस्तेमाल की गई पिस्तौल में साइलेंसर लगाया था। उसे पुलिस ने हमलों के कुछ ही देर बाद जलालाबाद से गिरफ्तार कर लिया था। आईएस ने कहा कि इन महिला पत्रकारों को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि वे धर्म का त्याग कर चुकी अफगान सरकार के वफादार मीडिया स्टेशनों में से एक में काम करती थीं।यह एनिकास रेडियो और टीवी में कार्यरत महिलाओं पर किया गया पहला हमला नहीं है। आईएस ने दिसंबर में भी इस स्टेशन में कार्यरत महिला कर्मी मलाला मैवांद की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने मंगलवार को हुए इन हमलों की निंदा की है। अफगानिस्तान में पिछले छह महीने में 15 मीडियाकर्मियों की हत्या की जा चुकी है।एनिकास रेडियो एवं टीवी के समाचार संपादक शोकरुल्ला पासून ने कहा कि उनके स्टेशन में काम करने वाली मरुसल वहीदी जब अपने घर जा रही थीं, तब उन पर बंदूकधारियों ने हमला किया। उन्होंने बताया कि दो अन्य मीडियाकर्मियों शहनाज और सादिया पर भी एक अन्य स्थान पर उस समय हमला हुआ, जब वे कार्यस्थल से घर जा रही थीं।

## सत्यवचन: विनय पाठक



'मुझे बर्लिनेल में अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग की आज भी याद है जिसमें उदिता और उसके माता-पिता को छोड़कर उस पूरे थियेटर में, जो हाउसफुल था, सभी लोग विदेशी थे। स्क्रीनिंग के बाद जिस प्रकार लोगों ने हमारी कहानी पर प्रतिक्रिया दी वो हमारे लिए एक सुखद अनुभूति थी। फिल्म 'डस्ट एक ऐसी भारतीय फिल्म है जिसकी अपील वैश्विक है और यही कारण था कि इसके लिए हमें लोगों की इतनी अधिक सराहना मिली।'

## सत्यवचन: अदा शर्मा



'मैं मनुष्यों की तुलना में पशुओं के आसपास होने पर अधिक सहज अनुभव करती हूं। मैं अनजान लोगों के बीच पार्टी करते हुए अत्यधिक असहज रहती हूं। लेकिन यदि आप मुझे जंगल में पशुओं के बीच छोड़ दें तो मैं बहुत सहज हो जाती हूं। पशु जटिल नहीं होते और वे सहज भी होते हैं। वे वर्तमान में जीते हैं। हाल ही में मैंने शूटिंग के दौरान एक चिड़िया को बचाया और उसका नाम ट्विटर रखा है।'

# 'अभिनय में चरित्र को सही ढंग से समझना ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण'



दंगल टीवी चैनल पर चलने वाले धारावाहिक 'रंजू की बेटियां' में गुड्डू मिश्रा का चरित्र कर रहे हैं। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने इस सीरीज़ में अपने रोल, अभिनय में आने तथा टीवी शो में आने के पीछे की बातों के बारे में विस्तार से बात की। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश...

**■ धारावाहिक 'रंजू की बेटियां' में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

मैं इसमें गुड्डू मिश्रा बना हूं जो बिहार के मुज़फ्फर नगर का है और जो अपने पिता का बहुत सम्मान करता है और अपने पिता की एक विशिष्ट लड़की से विवाह करने की इच्छा का पालन करते हुए, उनके निर्णय से सहमत हुए बिना वो रंजू (रीना कपूर) नामक लड़की से विवाह कर लेता है। वो बहुत ही डरी हुई होती है और उसकी कोई आवाज नहीं होती। रंजू के चार बेटियां होती हैं लेकिन मेरा चरित्र पितृसत्तात्मक चरित्र की है। वो एक बेटा चाहता है जो उसका नाम आगे चला सके। वो अपने पिता का सम्मान करते हुए भी वो इस परंपरा को तोड़कर अपने जीवन में जो चाहता है, कर लेना चाहता है या जो करने का सपना देखा करता है। उसके पत्नी और पुत्रियां होती हैं लेकिन इसके बाद भी वो एक और विवाह करता है जिससे उसके दो बेटे होते हैं। उसकी स्थिति पारंपरिक नहीं होती जबकि उसका विवाह पारंपरिक ढंग से ही हुआ था। यहां ये एक विरोधाभास है।

**■ आपको इस प्रोजेक्ट में काम किस प्रकार से मिला था?**

मैंने पहले रश्मि शर्मा टेलीफिल्म्स के लिए एक शो 'शक्ति अस्तित्व के अहसास की' जो एक हिंजड़े बच्चे के बारे में था। वो रोल चुनौतीपूर्ण था। वो प्रगतिशील शो था और यही कारण था कि मैंने उसे करना स्वीकार किया था। मुझे इस सीरीज़ में अपना रोल सशक्त लगा था और मेरे कारणही उसमें कई रोचक मोड़ आए थे।

**■ आपने गुड्डू मिश्रा का चरित्र करना किस कारण के चलते स्वीकार किया था?**

जहां एक ओर मेरा चरित्र पारंपरिक विवाह करता है लेकिन उसकी परिस्थिति अपारंपरिक टाइप की है। दूसरी बात ये है कि शो एक सिंगल कार्यरत महिला पर केन्द्रित है जो अब हमारे समाज में स्वीकारी जाने लगी हैं। अब अधिक से अधिक लोग परिवार से टूटकर अपने लिए जीना पसंद करते हैं। इससे लोगों को अपने सपने में विश्वास करने और वैसी ही जीविका अर्जित करने के कार्य में आसानी होती है।

**■ क्या रंजू... को आपने इसलिये भी किया था क्योंकि ये आपके पूर्व के शो की कहानी से बिलकुल अलग कहानी वाला शो था?**

अपने चरित्र से भी अधिक मुझे शो की विचारधारा ने प्रभावित किया और मैंने इसे अंतत: स्वीकार कर लिया। इसका विचार बहुत ही रोचक है। मुझे लगा कि ये शो अत्यंत प्रगतिशील था और इसमें एक संदेश भी था। मुझे जो चरित्र दिया गया है उसमें मुझे कुछ महत्वपूर्ण संवाद बोलने हैं। शो के कारण मेरी पहचान भी बनती है। मुझे लगा कि दर्शकों को ये कुछ अलग प्रतीत होगा।

**■ क्या आप भी मानते हैं कि कोई शो जो कहना चाहता है, उससे प्रभावित भी होता है?**

जी हां, ऐसा होता है। जब आप रंजू...जैसा विषय चुनते हैं और जब आप लोगों की मानसिकता पर प्रहार करना चाहते हैं तो ऐसा होता है। जब आप इस प्रकार की विचारधारा का कड़ाई से पालन करते हैं तो आपको नकारे जाने की संभावना भी पैदा हो जाती है। कई बार आप पिछड़ी मानसिकता का दिखावा करते हुए भी आप किसी विचार को आगे बढ़ाते हैं और एक नई दिशा की ओर ले जाने का प्रयास करते हैं। लेकिन आपको दर्शकों को न खोने और प्रगतिशील विचारों की ओर उन्मुख होने के बीच संतुलन स्थापित करना होता है।

**■ आपने फिल्मों से अपना कॅरियर प्रारंभ किया था लेकिन टीवी की ओर मुड़ने के पीछे आपके लिए क्या आकर्षण था?**

मृत्युदंड जैसी फिल्में करने के बाद मुझे कोई भी उत्साहजनक कार्य नहीं मिला। जो भूमिकाएं मुझे प्रस्तावित की जा रही थीं उनसे मुझे कोई लाभ नहीं होता दिख रहा था। मैंने दो साल तक काम मिलने की प्रतीक्षा की। इसके बाद मुझे काम चाहिये था ऐसे में मैं एक व्यक्ति से मिला जो एक शो बना रहा था। उसके विचार मुझे प्रगतिशील लगे। उसने मुस्कान नाम से 1999 में एक शो बनाया। जब मैंने टीवी पर काम करना प्रारंभ किया तब मुझे पता लगा कि टीवी पर आपको पूरे समय समर्पित रहना होता है, विशेष रूप से दैनिक धारावाहिक बनाते समय। यदि आप साप्ताहिक शो करते हैं तो आप फिल्मों में कुछ समय अवश्य दे सकते हैं लेकिन दैनिक धारावाहिक प्रारंभ होने के बाद आप फिल्म और टीवी दोनों नहीं कर सकते। यदि आपका चरित्र केन्द्रीय नहीं है तो आपके पास कुछ समय निकल सकता है लेकिन यदि वो केन्द्रीय भूमिका होने पर आप कोई दूसरा काम नहीं कर सकते। एक प्लेटफॉर्म पर समर्पित न होना उचित नहीं था।

**■ क्या आपके द्वारा निकट वर्तमान में फिल्में न करने का यही कारण था?**

मजे की बात ये है और ये विडंबना भी है कि जब भी मैंने फिल्मों में काम करने के लिए प्रतीक्षा की, और वो नहीं मिली तो मैंने कोई टीवी शो के लिए सहमति दे दी, और इसके अगले दिन इसकी शूटिंग के समय मुझे फिल्म का ऑफर मिला करता था। मुझे नहीं पता कि ये सौभाग्य कहा जाए या दुर्भाग्य। इसके अलावा यदि आप टीवी पर काम कर रहे हैं तो इसमें आपको अपना पूरा ध्यान लगाना पड़ता है और ऐसे में आप भविष्य की कोई योजना नहीं बना सकते।

**■ आपकी पृष्ठभूमि फिल्मों की है। क्या कभी आपने अभिनेता बनने के अलावा भी कुछ बनने के बारे में विचार किया है?**

जी हां, एक समय था जब मैं फाइटर पायलट बनना चाहता था जिसमें आपके पास काफी शक्ति आ जाती है। लेकिन मेरी मां ने मुझे डरा-धमका कर इससे दूर किया। मैं अपने भाई बहनों में सबसे छोटा हूं और वो उन्हें कुछ नहीं कह सकती थी, तो उसने वो सब मुझसे कहा। मैंने उससे न उड़ने का आश्वासन दिया। लेकिन इसका मुझे आज किसी प्रकार का खेद नहीं है।

**■ क्या किसी भी चरित्र को करते समय उससे किसी प्रकार को जुड़ाव होना महत्वपूर्ण होता है?**

देखिये एक अभिनेताको जीवन और समाज की विभिन्न आयामों की समझ होनी चाहिये। तभी आप विभिन्न विचार-प्रक्रियाओं को समझ पाएंगे। लोगों के चरित्र को समझने में यदि आप असमर्थ हैं तो आप केवल एक ऐसी भूमिका मात्र कर रहे होंगे जो लोगों को अच्छी लग सकती है और नहीं भी। हर व्यक्ति समाज और लोगों से बहुत कुछ सीखता है और अभिनेता को भी उनसे सीखना चाहिये।

**■ भविष्य की क्या योजना है?**

मैं किसी भी प्लेटफॉर्म पर काम करने के लिए तैयार हूं। बात केवल इतनी है कि जब ऐसा होगा, मुझे आशा है कि मैं उसे करने की परिस्थिति में रहूं। अब देखना है कि भविष्य में क्या होता है।

## बड़ी चोट के बावजूद अध्विक महाजन ने जारी रखी 'तेरी मेरी इक्क जिंदड़ी' की शूटिंग

**ज़ी टीवी** ने हाल ही में अमृतसर के प्राकृतिक नज़ारों के बीच विपरीत स्वभाव के दो लोगों की लव स्टोरी 'तेरी मेरी इक्क जिन्दड़ी' को लॉन्च किया। इस शो में टेलीविजन एक्ट्रेस अमनदीप सिद्धू, माही का किरदार निभा रही हैं, और उनके अपोज़िट पॉपुलर टेलीविजन एक्टर अध्विक महाजन, जोगी के रोल में नजर आ रहे हैं। इस शो में माही और जोगी की प्रेम कहानी दिखाई जा रही है, जिनके व्यक्तित्व और जिंदगी के प्रति नजरिया एक दूसरे-से बिल्कुल जुदा हैं, लेकिन फिर भी वो प्यार के एक ही रास्ते पर चल पड़ते हैं। जहां इस शो को सभी दर्शकों का बहुत प्यार मिल रहा है, वहीं इसके एक्टर्स भी अपने किरदारों को बखूबी निभाने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं। जहां अमनदीप ने अपने



पहले लीड रोल में अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है, वहीं अध्विक भी अपने किरदार में खरे उतरने के लिए सभी हदों से बाहर जाकर प्रयास कर रहे हैं, चाहे उन्हें बड़ी चोट ही क्यों ना लगी हो! जी हां, हाल ही में एक आउटडोर सीक्वेंस की शूटिंग करते हुए अध्विक के घुटनों में बुरी तरह चोट लग गई थी और उन्हें तुरंत सेट से अस्पताल ले जाना पड़ा। हालांकि इस चोट के बावजूद अपने रोल के प्रति इस एक्टर का समर्पण कम नहीं हुआ। चूंकि पूरे कलाकार एक खास सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे थे, इसलिए इस एक्टर ने अस्पताल से लौटकर तुरंत अपनी शूटिंग शुरू कर दी। हालांकि उनसे कहा गया कि वो छुट्टी लेकर थोड़ा आराम कर लें लेकिन उन्होंने मना कर दिया।

## कंगना ने की अपने बचपन की याद

**हिंदी फिल्मों** की अभिनेत्री कंगना ने अपने बचपन को याद किया है क्योंकि इसी माह में उनका जन्मदिन पड़ता है। इंस्टाग्राम पर उन्होंने अपनी बचपन की एक फोटो साझा की जिसमें वो शलवार-कुर्ता पहने हुए दिख रही हैं।

इस चित्र के साथ उन्होंने लिखा, 'मेरा जन्मदिन इसी माह में है। जब मैं छोटी थी तब नानियों से सुना करती थी कि एक लड़की के बाद दूसरी लड़की होने पर हर कोई निराश होता है...।'



## एली गोल्डिंग ने खोला अपना राज



**हॉलिवुड सिंगर** एली गोल्डिंग ने बताया कि उन्होंने पहले छः माह तक अपने गर्भ को छिपाने के लिए पति कैस्पर जॉप्लिग के कोट का प्रयोग किया था। एक शो पर चैटिंग करते हुए जब एली से पूछा गया कि उनकी गर्भावस्था की स्थिति कैसी चल रही है और उन्होंने कैसे इसे अब तक छिपाए रखा? उन्होंने बताया, 'ये कुछ अलग बात है। मैंने अपने पति के एक कोट को छः माह तक चुराए रखा।'

## गायिका हर्षदीप कौर ने दिया बेटे को जन्म




**मुंबई।** गायिका हर्षदीप कौर और उनके पति मनकीत सिंह ने बुधवार को बेटे के जन्म की जानकारी दी। कतिया करूं, हीर, जालिमा और कबीरा जैसे गीतों के लिए लोकप्रिय कौर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर बताया कि उनके बेटे का जन्म मंगलवार को हुआ। गायिका ने पति के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए बेटे के जन्म की खुशखबरी साझा की। उन्होंने लिखा, स्वर्ग से एक नन्हा फरिश्ता धरती पर उतरा है और उसने हमें मम्मी-डैडी बनाया है। हमारा जूनियर सिंह आ चुका है। हम बेहद खुश हैं। सिंह ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर को साझा किया और पत्नी के साथ तस्वीर पोस्ट की। कौर ने 2015 में अपने बचपन के दोस्त सिंह से पांरपरिक रीति रिवाज से शादी की थी।




## हंगामा प्ले ने नया ओरिजनल शो गुड बॉय लॉन्च किया

**हंगामा डिजिटल** मीडिया के स्वामित्व वाले प्रमुख ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म, हंगामा प्ले ने आज, मराठी और हिंदी में नए हंगामा ओरिजिनल, गुड बॉय को लॉन्च किया। यह शो एक युवा लड़के की रोमांटिक कॉमेडी है, जो कमिटमेंट से दूर भागता है और रिश्तों के झंझट से मुक्त, बेपरवाह ऐय्याशी भरी जिंदगी जीना चाहता है। ऐसा करने के क्रम में लड़कियों के करीब आने के लिए वह हर तरकीब आज़माता है, लेकिन जल्द ही वह खुद को झूठ के जाल में फँसा हुआ पाता है, और दर्शकों को गुदगुदाता है। गुड बॉय में ऋषि सक्सेना, खुशबू तावड़े, दुष्यंत वाघ, विनय येडेकर और रीना अग्रवाल जैसे लोकप्रिय कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कैफेमराठी द्वारा निर्मित इस शो का निर्देशन बद्रीश पाटिल ने किया है। शो अब हंगामा प्ले और पार्टनर नेटवर्क्स पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है। शो के बारे में बताते हुए, हंगामा डिजिटल मीडिया के सीओओ सिद्धार्थ रॉय ने कहा, अपने ओरिजनल कार्यक्रमों के माध्यम से अपने उपयोगकर्ताओं को हम हर शैली, प्रारूप और भाषा में मनोरंजक सामग्री उपलब्ध कराने में सक्षम हैं। गुड बॉय में एक दिलचस्प कहानी को मनोरंजक अंदाज में पिरोया गया है। इसको हर वर्ग के दर्शकों का प्यार मिलेगा, इस बात को लेकर हम आश्वस्त हैं।